जबलपुर, शनिवार
04 अप्रैल 2026
वर्ष 31 अंक 278
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**

'भीड़ में सब लोग अच्छे नहीं होते और अच्छे लोगों की कभी भीड़ नहीं होती।'

2 कहां खो गयी नौढ़िया पंचायत में 35 ... | 5 लकड़ी लोडिंग के दौरान श्रमिक की.. | 7 ट्रंप से नहीं हो पा रहा, खुद ही समाप्त... | 11 लोकतंत्र पर हमला, किसान संकट...

### 22 अप्रैल को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

**देहरादून।** उत्तराखंड में स्थित चार धामों में से एक बाबा केदारनाथ के कपाट खुलने जा रहे हैं। केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल 2026 को सुबह 8 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। पिछले साल केदारनाथ के कपाट 2 मई को खुले थे। तकरीबन छह महीने तक दर्शन-पूजन के बाद 23 अक्टूबर 2025 को शीतकाल के लिए बंद हो गए थे। शीतकाल में कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की गद्दी ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ में विराजमान होती है और यही उनका पूजा स्थल बन जाता है।

### एक परिवार को मिलेगा तीन लीटर केरोसिन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में रसोई गैस की संभावित कमी को देखते हुए सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। पांच साल बाद राज्य में फिर से केरोसिन वितरण की व्यवस्था शुरू की जा रही है, हालांकि यह पूरी तरह मांग आधारित होगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुसार, जिन जिलों के कलेक्टर मांग भेजेंगे, वहां प्रति परिवार तीन लीटर के हिसाब से केरोसिन उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्र सरकार ने प्रदेश को करीब 10 लाख लीटर केरोसिन का आवंटन दिया है, जो राज्य को प्राप्त भी हो चुका है।

# भारत आ रहा ईरानी तेल से भरा जहाज चीन की ओर जाने लगा!

## 7 सालों में सबसे बड़ी खेप लेकर आज आना था भारत

नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा ईरानी तेल से प्रतिबंध हटाने के बाद भारत ईरानी तेल खरीदने के लिए तैयार है। इस बीच, एक रिपोर्ट का दावा है कि भारत की ओर रहा एक कच्चे तेल से भरा जहाज अचानक चीन की ओर मुड़ चुका है। पहले यह जहाज भारत की ओर आ रहा था और 7 सालों में ईरान से भारत की ओर सबसे बड़ी खेप लेकर आ रहा था। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में जहाज ट्रैकिंग फर्म केप्लर के हवाले से कहा गया है कि 2002 में बनी और 2025 में अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित की गई अफ्रामैक्स जहाज पिंग शुन भारत की ओर आ रहा था, लेकिन अब यह चीन के डोंगयिंग की ओर पहुंचने का संकेत कर रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में



इस जहाज ने भारत के पश्चिमी तट पर स्थित वडीनार पहुंचने का संकेत दिया था, लेकिन बाद में उसने दक्षिण की ओर यू-टर्न ले लिया। हालांकि अभी ये फाइनल रीच नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह जहाज कभी भी मुड़ सकता है। कमोडिटी एनालिटिक्स फर्म केप्लर के आंकड़ों के मुताबिक, ईरान के खार्ग द्वीप से लगभग 6 लाख बैरल कच्चा तेल ले जा रहा टैंकर पिंग शुन गुजरात के वडीनार बंदरगाह की ओर आना था और उम्मीद थी कि यह जहाज लगभग एक महीने की यात्रा पूरी करके 4 अप्रैल तक भारत के बंदरगाह पर पहुंच जाएगा। लेकिन अब इसके रास्ता बदलने की खबर सामने आई है। अभी तक इसके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है कि क्यों भारत की ओर आ रहा ये जहाज चीन के बंदरगाह पर जाने का संकेत दे रहा है, लेकिन इसका रास्ता भी बदल सकता है। अमेरिका ने ईरानी तेल खरीदने के लिए 1 महीने तक प्रतिबंध हटाए हैं।

### 2019 में बंद हो गई थी खरीद

भारत ने मई 2019 से ईरानी कच्चे तेल की खरीद बंद कर दी है, जब उसने अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण ईरान से तेल का आयात रोक दिया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने समुद्र में मौजूद ईरानी मालवाहक जहाजों पर अस्थायी रूप से जुर्माना माफ कर दिया है, लेकिन भुगतान, माल ढुलाई और बीमा से जुड़े मुद्दों ने संभावित लेन-देन को अभी भी मुश्किल बना दिया है। अमेरिका ने ईरान के समुद्र में मौजूद जहाजों के तेल खरीदने की मंजूरी दी है।

### खार्ग पर बड़े एक्शन की चेतावनी

गौरतलब है कि ईरान के करीब खार्ग द्वीप के पास ईरान का लगभग 90 फीसदी तेल एक्सपोर्ट को मैनेज करता है और यह रणनीतिक तौर पर एक महत्वपूर्ण केंद्र है। हाल ही में ट्रंप ने इस सुविधा की कड़ी आलोचना की है और चेतावनी दी है कि अगर तनाव को समाप्त करने और होर्मुज को फिर से खोलने की बातचीत सफल नहीं होती है तो बड़ा एक्शन लिया जा सकता है।

# एमपी-एमएलए कोर्ट के समन को राहुल गांधी ने दी चुनौती

## हाईकोर्ट में अगले हफ्ते होगी सुनवाई



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जल्द ही कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी और शिवराज परिवार आमने-सामने होंगे। मामला मानहानि केस से जुड़ा है। इसे लेकर राहुल गांधी ने एमपी एमएलए कोर्ट के समन को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की बेंच एक सप्ताह बाद इस मामले में सुनवाई करेगी। यह विवाद 29 अक्टूबर 2018 को झाबुआ में हुई एक चुनावी सभा से शुरू हुआ था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि पनामा पेपर लीक मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री के बेटे कार्तिकेय चौहान का नाम शामिल है। हालांकि, बाद में राहुल ने इसे कंफ्यूजन बताया था, लेकिन कार्तिकेय ने इसे छवि खराब करने की साजिश बताते हुए भोपाल एमपी एमएलए कोर्ट में मानहानि का केस दर्ज कराया था। कोर्ट में मामला दायर करने के बाद कार्तिकेय ने कहा था कि राहुल ने उन्हें तथा उनके परिवार को बदनाम करने के लिए जान-बूझकर यह बयान दिया है। राहुल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 499 एवं 500 के तहत आपराधिक मानहानि का केस दर्ज किया गया था। भोपाल एमपी एमएलए कोर्ट की विशेष मजिस्ट्रेट ने राहुल गांधी के खिलाफ समन जारी किया और इसी को रद्द करने के लिए राहुल गांधी ने हाईकोर्ट का रुख किया। अदालत ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद इस मामले को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है।

# पाकिस्तान में हाहाकार! पेट्रोल 458, डीजल 520 के पार

**इस्लामाबाद।** पड़ोसी देश पाकिस्तान की जनता पर महंगाई का 'एटम बम' फूटा है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई आग का असर अब पाकिस्तान के पेट्रोल पंपों पर दिखने लगा है। शहबाज शरीफ सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में ऐसी भारी बढ़ोतरी की है, जिसने पिछले सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। पाकिस्तान सरकार की ताजा घोषणा के मुताबिक, पेट्रोल की

### एक झटके में 55% तक बढ़ी कीमतें




कीमत में 43 प्रतिशत और हाई-स्पीड डीजल में 55 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। पेट्रोल पाकिस्तानी रुपये से सीधे 137.23 रुपये महंगा होकर अब 458.41 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। डीजल पाकिस्तानी रुपये से 184.49 रुपये की भारी बढ़त के साथ अब 520.35 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। मिट्टी का तेल भी 34.08 पाकिस्तानी रुपये महंगा होकर 457.80 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने इस कदम को एक मुश्किल फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि देश में वित्तीय अनुशासन बनाए रखने और आर्थिक स्थिरता को बचाने के लिए सब्सिडी कम करना जरूरी था। वहीं, सरकार के आर्थिक सलाहकार खुर्रम शहजाद का कहना है कि पिछले महीने पेट्रोल-डीजल की खपत में भारी उछाल आया था, जिसे नियंत्रित करने के लिए कीमतें बढ़ाना अनिवार्य हो गया था। सरकार ने डीजल की कीमतों को थोड़ा काबू में रखने के लिए उस पर लगने वाले 55 रुपये के शुल्क को खत्म कर दिया है, लेकिन पेट्रोल पर लगने वाले शुल्क को 105 रुपये से बढ़ाकर 160 रुपये प्रति लीटर कर दिया है।

# अमेरिका ने पेटेंट वाली दवाओं पर 100% टैरिफ लगाया

नई दिल्ली

### भारत पर मिश्रित प्रभाव की आशंका



राष्ट्रीय सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला जोखिमों का हवाला देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेटेंट वाली दवाओं के आयात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। अमेरिका के इस फैसले से भारत पर मिश्रित प्रभाव पड़ने की आशंका है। भारत के लिए महत्वपूर्ण बात यह है कि जेनेरिक दवाएं फिलहाल छूट के दायरे में हैं और इन पर टैरिफ लागू नहीं होगा। जेनेरिक दवाओं के क्षेत्र में भारतीय कंपनियां वैश्विक स्तर पर अग्रणी हैं। निकट भविष्य में जेनेरिक दवाओं को छूट मिलने से एक सुरक्षा कवच मिलेगा, जिससे कम लागत वाली दवाओं के निर्यात में निरंतरता सुनिश्चित होगी। सस्ती जेनेरिक दवाएं अमेरिका के साथ भारत के दवा व्यापार की रीढ़ हैं। अमेरिकी जेनेरिक बाजार में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखने वाले भारतीय दवा निर्माताओं को तत्काल किसी व्यवधान का सामना करने की संभावना नहीं है। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जेनेरिक दवाएं फिलहाल टैरिफ से मुक्त हैं। हालांकि, वाणिज्य विभाग जेनेरिक दवाओं की स्थिति का मूल्यांकन करेगा और तदनुसार टैरिफ पर पुनर्विचार करेगा। इसके बावजूद दीर्घकालिक प्रभाव अधिक जटिल रहेगा। पेटेंट वाली दवाओं और सक्रिय फार्मास्युटिकल अवयवों पर लगाए गए भारी टैरिफ का असर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर पड़ सकता है, जिनमें भारतीय कंपनियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# अब बोर्ड परीक्षा के लिए पढ़नी होगी तीन भाषाएं

नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एक नया पाठ्यक्रम लागू किया गया है। सीबीएसई के अनुसार नई शिक्षा नीति-2020 के तहत कक्षा 6 के लिए थ्री लैंग्वेज फॉर्मूला और कक्षा 9वीं से गणित और विज्ञान दो-स्तरीय प्रणाली लागू की जाएगी। अब तक छात्रों को दो भारतीय भाषाएं पढ़नी होती थी। लेकिन सीबीएसई के नए नियम के अनुसार अब छात्रों को थ्री लैंग्वेज फॉर्मूला के तहत तीन भाषाओं क अध्ययन करना अनिवार्य है। सीबीएसई के नए नियम से अनुसार कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्रों को तीसरी भाषा में पास होना अनिवार्य है। इसके साथ ही तीन भाषाओं में से दो भाषा मुख्य रूप से भारतीय मूल की ही होनी चाहिए। सीबीएसई की ओर से कक्षा 9 से छात्रों के लिए गणित और विज्ञान विषय के लिए दो-स्तरीय व्यवस्था (स्टैंडर्ड और एडवांस्ड) को लागू किया गया है। यह व्यवस्था शैक्षणिक सत्र 2026-27 से

### क्या है सीबीएसई का थ्री लैंग्वेज फॉर्मूला?




शुरू हो जाएगी। दो-स्तरीय व्यवस्था के अंतर्गत गणित और विज्ञान विषय के लिए स्टैंडर्ड और एडवांस्ड दो स्तर होंगे। स्टैंडर्ड स्तर सभी छात्रों के लिए अनिवार्य होगी, जबकि एडवांस्ड स्तर वैकल्पिक होगा। ऐसे में अगर छात्र एडवांस्ड स्तर का चयन करते हैं, तो उन्हें 25 अंकों का एक अतिरिक्त पेपर भी देना होगा। इस परीक्षा में छात्रों से केस स्टडी और डाटा की समझ आदि से सवाल पूछे जाएंगे। इस परीक्षा में पास होने के लिए सभी छात्रों को 33 प्रतिशत प्राप्त करना अनिवार्य है।

### यह है थ्री लैंग्वेज फॉर्मूला

- सीबीएसई द्वारा जारी किए गए नए पाठ्यक्रम के अनुसार भाषा विषयों को अब तीन स्तरों आर1, आर2 और आर3 में व्यवस्थित ढंग से विभाजित जाएगा।
- राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के तहत पाठ्यक्रम में तीन भाषाओं में से मुख्य तौर पर दो भारतीय भाषा होना अनिवार्य है।
- शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 6 के लिए शैक्षणिक सत्र 2030-31 दसवीं पूरी होने तक तीसरी भाषा पढ़ना अनिवार्य की जाएगी।
- नए पाठ्यक्रम के अनुसार आर1 मुख्य भाषा, आर2 अन्य भाषा (आर1 से अलग) और आर3 (आर1 व आर2) से अलग भाषा होगी।
- तीन भाषाओं में से कम से कम दो भारतीय भाषा होनी चाहिए।

### जहरीली शराब से 5 मौतें, 6 की आंख की रोशनी गई

मोतिहारी

बिहार में एकबार फिर जहरीली शराब से मौत हुई है। मोतिहारी में 5 लोगों की जान चली गई, जबकि 15 की हालत गंभीर है। इनमें से 6 की आंखों की रोशनी चली गई है। सभी का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है। बीमार लोगों में से 2 की हालत नाजुक बनी हुई है। मामला रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के बालगंगा गांव से शुरू हुआ और अब आसपास के इलाकों में फैल गया है।

# मेरी खामोशी को हार मत समझना

## 'आप' के एक्शन पर राघव चड्ढा का रिएक्शन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के द्वारा किए गए हालिया फेरबदल के बाद राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने पहली बार खुलकर प्रतिक्रिया दी है. पार्टी द्वारा उन्हें राज्यसभा में डिप्टी लीडर पद से हटाए जाने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो के एक इमोशनल मैसेज शेयर किया है. राघव चड्ढा ने अपने पोस्ट में लिखा, मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझना. मुझे खामोश करवाया गया है, लेकिन मैं हारा नहीं हूं. पिछले कुछ समय से चड्ढा की चुप्पी और पार्टी के बड़े फैसलों से दूरी को लेकर कई तरह की चर्चाएं भी चल रही थीं. राघव चड्ढा ने वीडियो जारी करते हुए कहा, मुझे जब-जब संसद में बोलने का मौका मिलता है, मैं जनता के मुद्दे उठाता हूं. क्या जनता के मुद्दे उठाना कोई अपराध है? क्या मैंने कोई गुनाह कर दिया? राघव चड्ढा ने कहा, ये सवाल मैं इसलिए कर रहा हूं कि आम आदमी पार्टी ने पार्लियामेंट को यह कहा है कि संसद में राघव चड्ढा को संसद बोलने का मौका न दिया जाए. भला कोई मेरे बोलने पर रोक क्यों लगाना चाहेगा. मैं तो जब बात करता हूं, जनता के मुद्दे पर बात करता हूं, आम आदमी की बात करता हूं।



# दुश्मन के लिए काल है आईएनएस तारागिरी

## रक्षा मंत्री ने युद्धपोत को भारतीय नौसेना में कमीशन किया

नई दिल्ली

विशाखापट्टनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में भारतीय नौसेना की नई स्टेल्थ फ्रिगेट आईएनएस तारागिरी को आधिकारिक रूप से कमीशन किया गया। यह प्रोजेक्ट 17ए क्लास की चौथी फ्रिगेट है। राजनाथ सिंह ने इसे मात्र एक युद्धपोत नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और मजबूत नौसैनिक शक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि एक सशक्त नौसेना जरूरी है क्योंकि समुद्र भारत के विकास और सुरक्षा से जुड़ा है। आईएनएस तारागिरी करीब 6,670 टन वजन की आधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट है। इसे वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने बनाया है। इसमें 75 प्रतिशत से ज्यादा सामान भारत में ही बना है। जहाज का डिजाइन ऐसा है इसका रडार सिग्नेचर बहुत कम है। दुश्मन इसे आसानी से नहीं देख पाता। इसमें कम्बाइंड डीजल एंड गैस प्रोपल्शन सिस्टम लगा है



जो इसे तेज रफ्तार और लंबे समय तक समुद्र में रहने की क्षमता देता है। जहाज पर आधुनिक रडार, सोनार और मिसाइल सिस्टम लगे हैं। इसमें ब्रह्मोस सुपरसोनिक सतह से सतह मिसाइलें और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें हैं। साथ ही स्वदेशी एंटी-सबमरीन सिस्टम भी लगा है। यह जहाज 52 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चल सकता है। राजनाथ सिंह ने अपने भाषण में कहा कि भारत की 11,000 किलोमीटर लंबी तटरेखा है। देश तीन तरफ से समुद्र से घिरा है। देश का 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री रास्तों से होता है। ऊर्जा सुरक्षा भी समुद्र पर निर्भर है। इसलिए मजबूत नौसेना बनाना विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में 24 घंटे मौजूद रहती है। जब भी कोई तनाव होता है, नौसेना कॉमर्शियल जहाजों और तेल टैंकरों की सुरक्षा करती है। न सिर्फ भारत के हितों की रक्षा करती है, बल्कि पूरे क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने में मदद करती है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि आज के डिजिटल युग में दुनिया का ज्यादातर डेटा समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबल्स से गुजरता है। अगर इन केबल्स को नुकसान पहुंचा तो पूरी दुनिया की व्यवस्था बिगड़ सकती है। इसलिए समुद्री सुरक्षा को अब पुराने नजरिए से नहीं देखा जा सकता। हमें समुद्री रास्तों, चोक पॉइंट्स और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा करनी होगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि यह जहाज आत्मनिर्भर भारत का जीता-जागता उदाहरण है। पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो 13-14 साल पहले 1200 करोड़ रुपये था। इससे साबित होता है कि भारत अब अपनी जरूरतें पूरी करने के साथ दुनिया को भी डिफेंस सामान निर्यात कर रहा है।

### नौसेना प्रमुख का बयान

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि आईएनएस तारागिरी पुरानी तारागिरी फ्रिगेट की विरासत को आगे बढ़ाती है, जो 1980 में कमीशन हुई थी और एंटी-सबमरीन युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति जटिल होती जा रही है। भारतीय नौसेना हर समय, हर जगह और हर हाल में तैयार, विश्वसनीय और भविष्य के लिए तैयार रहने का संकल्प रखती है। आईएनएस तारागिरी का कमीशन भारत को एक मजबूत संदेश देता है- अब जटिल युद्धपोत खुद डिजाइन, निर्माण और संचालन कर सकता है। यह जहाज पूर्वी बेड़े में शामिल होगा और महासागर विजन के तहत क्षेत्रीय स्थिरता में योगदान देगा।

# कहां खो गयी नौढ़िया पंचायत में 35 लाख घोटाले की जांच फाइल, जिम्मेदारों ने क्यों साध रखी चुप्पी

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)

जनपद पंचायत ब्यौहारी मे सीईओ का प्रभार ज़ब से कल्पना यादव को मिला है तब से पंचायतो मे फर्जीवाडा रुकने का नाम नहीं ले रहा। सरपंच सचिव मनमानी तौर से फर्जी बिल लगाकर पंचायत के राशि मे डांका डाला रहे है। आश्चर्य की बात यह है कि शिकायत के बाद भी न तो कोई कार्यवाही हो रही है और न ही जांच।

## जांच दबाने का लग रहा आरोप

ग्राम पंचायत नौढ़िया मे निर्माण कार्य कराने के नाम पर 35 लाख रूपये अग्रिम राशि निकालने का आरोप ग्राम पंचायत नौढ़िया उपसरपंच मनीष चतुर्वेदी द्वारा सरपंच छोटे लाल सिंह और तत्कालीन सचिव सत्यभान पर लगाते हुए जांच कराकर कार्यवाही किये जाने हेतु 28 अगस्त 2025 को पत्र अध्यक्ष जनपद पंचायत ब्यौहारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिया गया जिसकी जांच जनपद स्तर से हुई शिकायत




सही पायी गयी मगर पता नहीं सरपंच सचिव ने ऐसा क्या जादू किया कि जिम्मेदारो ने चुप्पी साध ली और आज तक उस पर पर्दा पड़ा हुआ है।

## निकाल ली राशि, पुलिया का पता नहीं फिर भी जिम्मेदार मौन

सूखा कल्हारी मार्ग से मॉडल स्कूल पंहुच मार्ग मे पुलिया बनाने के नाम पर 02 जुलाई 2025 को एक मुस्त 5 71420 रूपये निकाल लिया और आज तक पुलिया का निर्माण नही कराया गया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरपंच सचिव द्वारा ज़ब इतनी बड़ी रकम एक मुस्त निकाली गयी और निर्माण नहीं कराया गया तो क्या इसकी जानकारी जनपद के जिम्मेदार अधिकारियो को नहीं है या फिर वो अपना हिस्सा ले कर मौन धारण कर लिये है। हकीकत क्या है वही जाने पर जिस तरह से जनपद का जिम्मेदार अमला चुप्पी साधा है उस पर सवालिया निशान लगना लॉजमी है। ग्रामीणों का दावा है कि सीईओ द्वारा पंचायतो का भ्रमण नहीं किया जाता रिकार्ड मे फर्जी भ्रमण दिखाकर भले ही राशि का आहरण किया जा रहा हो मगर जमीनी हकीकत यह है कि पंचायतो मे भ्रस्टाचार हावी है जिसे कोई देखने सुनने वाला नहीं है। पंचायत मे कई निर्माण कार्य अधूरे है इसके बाद भी राशि आहरित कर लिया गया है और आज भी वो निर्माण कार्य अधूरे पड़े हुए है जो बहोत ही गंभीर विषय है। ग्रामीणों ने जिला पंचायत सहित कमिश्नर शहडोल से जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

## इनका कहना है

पहले शायद जांच हुआ है। यह मेरे समय का नहीं है। यदि पुलिया नहीं बनी है और राशि का आहरण हुआ है तो मै देखता हूँ।

**विपिन बागरी**
**प्रभारी एसडीओ जनपद पंचायत ब्यौहारी**

# आजाद क्रिकेट क्लब सिंहपुर द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार रात्रिकालीन क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



शहडोल (स्वतंत्रमत)

जिले के सिंहपुर क्षेत्र में खेल प्रेमियों के लिए उत्साहजनक पहल करते हुए आजाद क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में पहली बार रात्रिकालीन क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 1 अप्रैल बुधवार से प्रारम्भ हुआ जबकि समापन 15 अप्रैल को निर्धारित किया गया है। रात्रि क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। खास बात यह है कि इस टूर्नामेंट में आसपास की ग्राम पंचायतों की कुल 32 टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे मुकाबले बेहद रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है। आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता के सभी मैच रात्रिकालीन व्यवस्था के तहत खेले जाएंगे।

इसके लिए मैदान में विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, ताकि खिलाड़ी और दर्शक दोनों बेहतर अनुभव प्राप्त कर सकें। स्थानीय युवाओं में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह है और बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगी, बल्कि क्षेत्र में खेल संस्कृति को भी बढ़ावा देने का काम करेगी। आयोजन समिति में दीपेश तिवारी मोंटी, सचिन तिवारी, भरत शर्मा, प्रकाश तिवारी, सुरेन्द्र पाण्डेय, असरफ रजा, इबरार सहित कई युवा टीम सम्मिलित है। रात्रि क्रिकेट खेल प्रतियोगिता शुभारम्भ मे मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, भाजपा नेता जगन्नाथ शर्मा, जनपद सीईओ मुद्रिका सिंह, सीएमएचओ डॉ राजेश मिश्रा, श्रीमती मधु भानू श्रीवास्तव, रामजी शर्मा, अमरेन्द्र तिवारी, शिवनारायण द्विवेदी कार्यक्रम में मंचाशीन रहे।

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा सार्वजनिक प्याऊ की शुरुआत

जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय के निर्देशन एवं ब्लॉक समन्वयक ऋत्विकदास मिश्रा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बसोहरा अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बसोहरा द्वारा सार्वजनिक प्याऊं की शुरुआत हुई। सार्वजनिक प्याऊं से इस बढ़ती गर्मी के दौरान ग्रामीण जन एवं यात्रियों को निःशुल्क पेयजल की सुविधा मिल सकेगी। सार्वजनिक प्याऊं के शुभारंभ अवसर पर मौजूद ग्राम पंचायत बसोहरा के सरपंच दशरथ सिंह मरावी ने कहा कि यात्रियों एवं ग्रामीणजन को निःशुल्क रूप से पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इस दौरान उपस्थित राहगीरों को चना एवं गुड़ भी खिलाया गया। सार्वजनिक प्याऊं के शुभारंभ अवसर पर दशरथ सिंह मरावी, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव, अमन कुमार गुप्ता, मुनीश सिंह मरावी, मान सिंह सहित अन्य ग्रामीण जन एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य मौजूद रहे।



# शासकीय सांदीपनि विद्यालय बुढार में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साहमय मनाया गया

बुढार (स्वतंत्रमत)

शासकीय सांदीपनि विद्यालय बुढार में प्रवेशोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया और नवीन प्रवेशी छात्रों का स्वागत किया गया। म.प्र. शासन के जनजातीय कार्य विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तथा जिला कलेक्टर केदार सिंह, संभागीय उपायुक्त जे.पी. यादव एवं सहायक आयुक्त आनंदराय सिन्हा के निर्देशन में सांदीपनि विद्यालय, बुढार में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम गरिमामय एवं उत्साह वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथ संभागीय उपायुक्त जे.पी. यादव स्वयं रहे, जिन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादनी मां सरस्वती जी की प्रतिमां के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रवेशोत्सव के अवसर पर कक्षा 1 के 3, कक्षा-6 के 9 एवं कक्षा 9 के 25 नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक वंदन कर व माल्यार्पण कर विधिवत प्रवेश कराया गया, और सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की गईं तथा कक्षा 9 के पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल प्रदत्त की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्टता में अव्वल छात्रों को सम्मानित किया गया, जिसमें कक्षा 11 की वार्षिक परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा रितु गुप्ता रही जिन्हें विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सी.बी. शुक्ला द्वारा व्यक्तिगत रूप से एक हजार रुपये का नगद पुरस्कार मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रदान कराया गया और विद्यार्थियों में विशेष उत्साह का संचार देखा गया। सांदीपनि विद्यालय के नवाचारी शिक्षक हरेराम सिंह द्वारा विगत 5 दिनों से प्रत्येक छात्रों को कॉल करके विद्यालय निरंतर आने के लिए प्रेरित किया गया। जिसका परिणाम यह रहा कि, विद्यालयीन कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत रही और पूरे विद्यालय की उपस्थिति भी अतिसराहनीय रही। सांदीपनि विद्यालय की प्राचार्य रेवारानी पांडेय ने मुख्यातिथ का स्वागत-अभिनंदन करते हुए नवप्रवेशी छात्रों का भी तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यातिथ संभागीय उपायुक्त जे.पी. यादव ने छात्रों एवं शिक्षकों से संवाद करते हुए उन्हें प्रेरित किया तथा भविष्य में विद्यालय में छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों में प्रेरणा प्रदान किये जाने एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देश दिये। श्री यादव ने विद्यालय की पुस्तकालय का निरीक्षण किया और पुस्तकालय प्रभारी श्रुति गौतम के कार्यों को संतोष प्रद पाया। विद्यालय के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक सी.बी. शुक्ला एवं प्रगति त्रिपाठी द्वारा कविता एवं स्वरचित गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र त्रिपाठी एवं हरेराम सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थित रही, जिससे प्रवेशोत्सव कार्यक्रम पूरा उत्सवमय वातावरण से सराबोर रहा।



# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल मंदिरों का किया गया शुभारंभ

शहडोल (स्वतंत्र मत)

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त जनपद पंचायतों में जल संरक्षण व संचयन के कार्य किए जा रहे है। जन अभियान परिषद् के सदस्यों में द्वारा जयसिंहनगर के बसोंहरा और भटीगवांखुर्द में नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। जल मंदिर के शुभारंभ से मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। साथ ही उपस्थित जनों को जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शपथ भी दिलाई गई।



# जिले के टूरिज्म क्विज विजेताओं ने सरसी आइलैंड और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की रोमांचक यात्रा की

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से आयोजित श्एमपी अजब हैश् क्विज में विजेता एवं उपविजेता छात्रों के लिए विशेष पर्यटन भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने सरसी आइलैंड और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की मनोरम यात्रा की। जिला प्रशासनए जिला पंचायत एवं पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के निर्देशन में आयोजित इस क्विज में डिंडौरी जिले के 9वीं से 12वीं कक्षा के 142 हाई स्कूलों की 103 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सीएमणराइज मॉडल स्कूल डिंडोरी की टीम विजेता बनीए जबकि महाऋषि वैदिक स्कूल गाड़ासरई और राजूषा हायरसेकंडरी स्कूल की टीम उपविजेता घोषित हुई। क्विज मास्टर अश्विनी साहू ने बताया कि विजेता टीम को दो रात और तीन दिन के लिए सरसी आइलैंड में जलक्रीड़ाए क्रोकोडाइल सफारीए वाटर साइकलिंग और वाटर बाइकिंग जैसी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। वहींए उपविजेता टीम को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शेर देखने और पर्यटन इतिहास एवं म्यूजियम सैर का अनुभव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत ब्म्व् दिव्यांशु चौधरी और शिक्षा विभाग की डीईओ सुमन तेकाम ने विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही शिक्षा जगत के प्रमुख सदस्य और स्कूल प्राचार्यों ने विजेता एवं उपविजेता छात्रों को शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीयरूइस यात्रा के माध्यम से छात्रों ने न केवल पर्यटन स्थल देखे बल्कि प्राकृतिक जीवन और स्थानीय संस्कृति की जानकारी भी प्राप्त की।



# टीईटी और वरिष्ठता विवाद ने तोड़ा धैर्य

## जिले में 8 अप्रैल को शिक्षक सम्मान बचाओ रैली का ऐलान

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

पच्चीस से तीस सालों से नियमित सेवाएं दे रहे शिक्षकों की समस्याओं का समाधान न होने के चलते जिले के शिक्षक लामबंद हो गए हैं। शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर आज डिंडौरी के दीदी कैफे में सभी शिक्षक संगठनों की बैठक हुईए जिसमें टीईटी परीक्षाए वरिष्ठता और सेवा नियमों को लेकर अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई गई।

शिक्षकों का कहना है कि 1998.99 से अल्प वेतन पर कार्यरत बिना जीपीएफ के नाममात्र दो से तीन हजार की पेंशन या एनपीएस में काम कर रहे शिक्षक अब टीईटी परीक्षा की जद्दोजहद में फंसे हैं। 25 साल की वरिष्ठता खत्म कर 01/07/2018 को नई नियुक्ति देने और 2010 के नियमों को पूर्व नियमानुसार कार्यरत शिक्षकों पर थोपने के फैसलों से 50.55 वर्ष की उम्र के शिक्षकों की सब्र की सीमा टूट गई है।

बैठक में शिक्षक संघए आजाद शिक्षक संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, ट्रायवल वेल्फेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रमुख पदाधिकारियों सहित महेन्द्र सिंह उद्दे, देवेंद्र दीक्षित, सनत तिवारी, तरूण कुमार ठाकुर, द्वारका मरावीए सुशील नागेश्वर, आनंद उइके, लल्लू परस्ते, रामकुमार चंदेल, मधु दीप उपाध्यायए जीवन मरावी, इकलाख हुसैन, श्रीमती दीपमाला गुप्ता, कमल सिंह गौतम, कुम्हरा लाल नंदा आदि उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आठ अप्रैल को डिंडौरी जिले में शिक्षक सम्मान बचाओ रैली आयोजित की जाएगी। साथ ही शिक्षकों ने सड़क से संसद तक और न्यायालय में अपनी मांगों की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया।

# 2 नोटिस और 3 दिन का इंतजार नाकाफी, डिंडौरी प्रशासन की संयुक्त टीम ने हटाया अवैध अतिक्रमण

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले के ग्राम करौंदी मॉल में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने हटाकर कानून का सख्त पालन सुनिश्चित किया। यह कार्रवाई कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी के निर्देशानुसार संयुक्त टीम द्वारा की गई। जानकारी के अनुसारए जगदीश पिता बनावल एवं अन्य द्वारा ग्राम करौंदी मॉल में शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण किया गया था। यह भूमि एनएच.45 सागर टोला से कबीरचबूतरा तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य के लिए आरक्षित थी। प्रशासन ने पहले ही संबंधित व्यक्तियों को दो बार नोटिस देकर अवैध निर्माण हटाने की चेतावनी दी थी। 25 मार्च 2026 को ग्रामवासियोंए राजस्व अधिकारियों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के कर्मचारियों की मौजूदगी में तीन दिनों का समय भी प्रदान किया गया। इसके बावजूदए निर्धारित समयावधि तक अवैध निर्माण नहीं हटाए जाने पर आज 02 अप्रैल 2026 को प्रशासन ने सख्त कदम उठाया। नायब तहसीलदार करंजिया आशुतोष मिश्रए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के एई एवं ईई एनएच जबलपुरए राजस्व निरीक्षकए पटवारी और कोटवारों की मौजूदगी में संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर अतिक्रमण हटाया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।



# शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** गोहपारू पुलिस ने शादी का झूठा वादा कर वर्षों तक शारीरिक शोषण करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। फरियादिया द्वरा थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी रज्जन बैगा पिता सौखी लाल बैगा ने वर्ष 2016 में उसे शादी का प्रलोभन देकर पहली बार दुष्कर्म किया था। इसके पश्चात आरोपी उसे अपने साथ सूरत गुजरात ले गया, जहाँ लगभग 7-8 वर्षों तक पति-पत्नी की तरह साथ रखकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। एक वर्ष पूर्व आरोपी फरियादिया को सूरत में छोड़कर वापस अपने गांव भाग आया। जब फरियादिया ने गांव लौटकर शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी टाल-मटोल करने लगा और 24 फरवरी को उसने किसी अन्य महिला से शादी कर ली। फरियादिया की शिकायत पर थाना गोहपारू में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही विवेचना के दौरान आरोपी रज्जन बैगा की पता तलाश की गई। आरोपी रज्जन बैगा पिता सौखी लाल बैगा उम्र 30 साल निवासी ग्राम गुढ़ा थाना गोहपारू का अपने ग्राम गुढ़ा घर पर दस्तयाब हुआ जिसें गिरसार किया जाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।



# 22 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिला, पुलिस ने शुरू की जांच

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विचारपुर के पास शुक्रवार को 22 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत शाहपुर थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक देवरा निवासी गुलशन भवेदी हैं। ग्रामीणों में हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही हैए लेकिन पुलिस ने किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार करते हुए कहा कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी हैए ताकि यह पता लगाया जा सके कि मृतक की मौत किन परिस्थितियों में हुई। क्षेत्रवासियों में डर और चिंता का माहौल है। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की है। पुलिस अधिकारी भी मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इसे प्राथमिकता से सुलझाने में जुटे हुए हैं। मृतक के परिवार को घटनास्थल पर बुलाया गया ताकि पहचान और आवश्यक जानकारी ली जा सके। पूरे क्षेत्र की नजरें जांच पर टिकी हैंए और हर कोई जानना चाहता है कि इस घटना के पीछे क्या कारण हैं। फिलहाल जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण सार्वजनिक किया जाएगा।



# दुष्कर्म के फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** केशवाही चौकी में गुम इंसान क्रमांक 100/26, 17 दिसम्बर 2025 दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए लगातार तलाश की जा रही थी। गुमशुदा युवती को पुलिस द्वारा दस्तयाब किया गया। पीड़िता के कथन लेखबद्ध किए गए तथा संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई। पीड़िता के बयानों एवं साक्ष्यों के आधार पर आरोपी सचिन सिंह कंवर पिता उदयभान सिंह कंवर, निवासी ग्राम केशवाही के विरुद्ध अपराध धारा एवं बीएनएस के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के बाद से ही आरोपी सचिन सिंह कंवर अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो गया था तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।



# दर्द सहकर भी दूसरों के लिए प्रार्थना करना, यही सच्चा प्रेम

## गुड फ्राइडे के अवसर पर निकली झांकियां, भावुक हुआ जन-समूह



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

संस्कारधानी में गुड फ्राइडे के पवित्र अवसर पर मसीही समाज द्वारा प्रभु यीशु मसीह के त्याग और बलिदान को पूरी श्रद्धा के साथ याद किया गया। शुक्रवार को शहर के विभिन्न कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ईसाई धर्मावलंबियों ने भाग लेकर प्रभु के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। नेपियर टाउन स्थित होली ट्रिनिटी चर्च से सुबह भव्य क्रूस यात्रा प्रारंभ हुई। इस यात्रा की विशेषता प्रभु यीशु के अंतिम क्षणों का सजीव मंचन रहा। रोमी शासक पिलातुस द्वारा दिए गए मृत्युदंड से लेकर कलवारी पर्वत पर क्रूसारोहण तक की हृदयस्पर्शी घटनाओं को झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसे देख उपस्थित जनसमूह भावुक हो उठा। यात्रा नेपियर टाउन से शुरू होकर भंवरताल उद्यान, रसल चौक, राजीव गांधी चौक, नगर निगम और बस स्टैंड मार्ग से होते हुए सेंट नार्बट स्कूल के सामने से गुजरी। अंत में यात्रा पुनः चर्च प्रांगण पहुंची, जहां विधिवत प्रार्थना और क्रूस आरोहण के साथ इसका समापन हुआ।

### शांति और भाईचारे का संकल्प

संजय मैथ्यूज ने बताया कि यह दिन प्रभु यीशु द्वारा मानव जाति की मुक्ति के लिए दिए गए महान बलिदान का प्रतीक है। क्रूस यात्रा के माध्यम से समाज को प्रेम, शांति और आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया।

श्रद्धालुओं ने इस दौरान प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने और उनके द्वारा दिखाए गए क्षमा व दया के भाव को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। शहर के अन्य प्रमुख चर्चों में भी दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच विशेष आराधना हुई, जिसमें प्रभु यीशु के क्रूस पर कहे गए सात वचनों पर मनन किया गया।





# राघव चड्ढा के समर्थन में जलाए गए केजरीवाल के पोस्टर

### मध्य भारत मोर्चा के सदस्यों ने किया विरोध प्रदर्शन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राघव चड्ढा को उपनेता पद से हटाने के विरोध में मध्य भारत मोर्चा के सदस्यों ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का विरोध किया। इस दौरान सौरभ यादव ने बताया कि राघव चड्ढा संसद में आम नागरिकों की आवाज है। जो कि आम जनता के हक के लिए हमेशा लड़ते है और उनको न्याय दिलाने का काम करते है राघव चड्ढा द्वारा विभिन्न मुद्दों पर आवाज उठाई गई जैसे टैक्स, टेलीकॉम कंपनी द्वारा लिए जा रहे मनमाने रिचार्ज, एयरपोर्ट में महंगा खाना ,टोल प्लाजा के चार्ज ,डिलेवरी बाय कि टाइमिंग जैसे कई मुद्दों पर जनता को राहत दिलाने का कार्य राघव चड्ढा द्वारा किया पर आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा को उप नेता पद से हटा दिया ताकि वो संसद में बोल न पाए। जिसका विरोध करते हु मध्य भारत मोर्चा के सदस्यों ने केजरीवाल के पोस्टर जलाए हुए राघव चड्ढा का समर्थन किया। इस दौरान सौरभ यादव, दिलीप विश्वकर्मा,अभिराज सोनी,राजा बाबा ,समीर, लक्की सोनी, शोभित राजपूत, मनीष सिंधी,रोहित भोजक, निक्की विश्वकर्मा, शुभम, बल्लू पटेल, आदि उपस्थित रहे।

### ट्रेन में मिले नाबालिग बालक को परिजन से मिलाएगी आरपीएफ

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर रेल मंडल ने ट्रेन संख्या 12167 एलटीटी - बनारस सुपरफास्ट में परिवार से बिछड़े हुए एक नाबालिग बालक को परिजनों से मिलवाने सुरक्षित आरपीएफ की टीम को सौंपा गया। दरअसल दिनांक 31 मार्च को जबलपुर से प्रयागराज छिवकी के मध्य ड्यूटी के दौरान उप मुख्य टिकट निरीक्षक अनूप कुमार बोरिया द्वारा टिकट जांच के दौरान लगभग 15 वर्षीय एक बालक अकेले एवं असहाय अवस्था में मिला। पूछताछ में बालक ने बताया कि वह ट्रेन संख्या 11062 से जबलपुर तक आया था तथा उसे जयनगर जाना है। बालक के पास कोई वैध टिकट या दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल बालक को सुरक्षा में लेते हुए आरपीएफ और जीआरपी कटनी को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची टीम को परिजनों से मिलवाने बालक सौंप दिया गया, ताकि आगे उसके परिजनों का पता लगाया जा सके।

# हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा एवं महाआरती का भव्य आयोजन



**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।**

श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर संकट मोचन परिवार, समता कॉलोनी, शांति नगर द्वारा आकाश गुप्ता, मयंक मिश्रा के संयोजन में समिति के सदस्यों द्वारा भव्य भंडारे एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा एवं नागरिकों की उपस्थिति रही। आकाश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के वातावरण में अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया तथा महाआरती में सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व महापौर प्रभात साहू, भाजपा नगर महामंत्री रंजीत पटेल, पार्षद कमलेश अग्रवाल, पार्षद मधुबाला राजपूत, आशुतोष दुबे, शंकर श्रीवास्तव, सुधांशु गुप्ता, पुष्पराज पांडे, रोहित जैन, आयुष चौबे, शिवम तिवारी, अर्पित दुबे, अनिकेत चौरसिया, गगन यादव, अंकुर जायसवाल, उमेश यादव के साथ क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नेताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया।



### भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष बने योगेंद्र सिंह ठाकुर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश की बहुप्रतीक्षित प्रदेश कार्यकारिणी देर रात भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से घोषित कर दी। भारतीय जनता युवा मोर्चा की नवीन प्रदेश कार्यकारिणी में जबलपुर जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर को उनके कार्य और संगठन कौशल को देखते हुए प्रदेश में उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

# अयोध्या पर्व एवं 25वीं चित्रांजलि का भव्य शुभारंभ

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** अयोध्या न्यास एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, चित्रांजलि समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय चित्रांजलि का भव्य शुभारंभ नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की कलाधिका में हुआ। मूर्धन्य फोटो पत्रकार स्वर्गीय महेंद्र चौधरी की स्मृति में आयोजित राम उत्सव चित्रांजलि प्रदर्शनी के लिए देशभर से 3200 से अधिक छायाचित्र प्राप्त हुए, जिनमें से चयनित चित्रों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में राम मंदिर उद्घाटन के दौरान देशभर में आयोजित विभिन्न उत्सवों के आकर्षक छायाचित्रों को स्थान दिया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन महंत कमल नयन दास जी महाराज, मणिरामदास छावनी



अयोध्या, सुरेश भैय्याजी जोशी, दिया कुमारी उप मुख्यमंत्री राजस्थान, मनोज सिन्हा उपराज्यपाल जम्मू-कश्मीर, राम बहादुर राय अध्यक्ष इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र एवं डॉ. सच्चिदानंद जोशी सदस्य सचिव इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, आलोक जैन ट्रस्टी सहित अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया गया। केंद्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने इसे एक महत्वपूर्ण एवं संग्रहणीय दस्तावेज बताया। अयोध्या पर्व का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और परंपराओं को व्यापक मंच पर प्रस्तुत करना तथा अयोध्या की समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में सुरेश भैय्याजी जोशी, दिया कुमारी एवं मनोज सिन्हा , रामबहादुर राय ने अपने विचार व्यक्त किए।

चित्रांजलि के विजेताओं में सोमनाथ पॉल कोलकाता, धनराज उदय काडला पंढरपुर महाराष्ट्र, गणेश नामदेव मुंबई तथा राम उत्सव श्रेणी में सोनू यादव इंदौर, राजू पवार एवं सतीश लाल हैदराबाद को सम्मानित किया गया। समिति के सदस्य संजीव चौधरी, धीरज पटेल, सोनू सचदेवा, मनोज श्रीवास्तव एवं अभिषेक यादव ने अतिथियों का स्वागत किया।

# अधारताल में निकली भव्य संकट मोचन रथ यात्रा

### 25 वर्षों से जारी है धार्मिक परंपरा, जगह-जगह हुआ स्वागत व महाआरती

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** उपनगरीय क्षेत्र अधारताल में पिछले 25 वर्षों से आयोजित हो रही संकट मोचन रथ यात्रा एवं विराट महाआरती शोभा यात्रा का आयोजन इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। रथ यात्रा का शुभारंभ गोहलपुर थाना स्थित श्री हनुमान मंदिर से शाम 7 बजे किया गया, जो रद्दी चौकी, आनंद नगर, धनी की कुटिया,



बिरसा मुंडा तिराहा होते हुए श्री प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर अधारताल पहुंची। यात्रा के दौरान धर्म ध्वजा के साथ आकर्षक झांकियां निकाली गई तथा अश्व घोड़े पर विराजमान संतों के सानिध्य में विभिन्न अखाड़ों द्वारा शौर्य प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण मार्ग में विभिन्न स्वागत मंचों के माध्यम से श्रद्धालुओं द्वारा रथ यात्रा का भव्य स्वागत एवं पूजन.अर्चन किया गया। श्री प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर पहुंचने पर महाआरतीए पूजन.अर्चन एवं प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं हनुमान भक्त उपस्थित रहे। इस धार्मिक आयोजन में अंचल सोनकर, भरत सिंह यादव, राकेश सोनकर, जगत बहादुर सिंह, अशोक रोहाणी, अभिलाष पाण्डेय, प्रभात साहू आदि मौजूद रहे।

### केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल का आगमन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल का आज शनिवार 4 अप्रैल का सुबह 7.25 बजे निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस द्वारा नई दिल्ली से जबलपुर आगमन होगा। वह सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक दाऊ मैरिज गार्डन महाराजपुर में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के 46वें राष्ट्रीय महाधिवेशन एवं पांचवे महिला महाधिवेशन में शामिल होंगी। दोपहर 2 बजे से स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम 7.30 बजे वायुयान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगी।

# जनगणना के लिए फील्ड प्रशिक्षकों को दी गई ट्रेनिंग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जनगणना अधिकारी राघवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल महाविद्यालय में संपन्न हुआ, जिसमें जबलपुर ग्रामीण के 40 फील्ड प्रशिक्षकों को ट्रेनिंग दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन और अतिरिक्त जनगणना अधिकारी



बलवंत सिंह राहंगडाले की देखरेख में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान भोपाल से आए जनगणना प्रभारी अधिकारी मनोज नाथानी के साथ डॉ. चन्द्रशेखर राजहंस, डॉ. तृप्ति उकास और डॉ. शिवम शुक्ला ने प्रतिभागियों को सभी तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण में 40 फील्ड ट्रेनर्स को तहसील बरेला के ग्राम सालीवाड़ा गौर ले जाया गया, जहाँ उन्हें फील्ड विजिट के माध्यम से प्रगणक और पर्यवेक्षक की भूमिका का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

# ससुराल की प्रताड़ना से विवाहिता हुई पैरालाइज्ड

### बेलबाग थाना क्षेत्र का मामला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** दहेज रूपी दानव ने हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया । एक विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष द्वारा की गई क्रूरता की कहानी सामने आई है, जिसमें प्रताड़ना का आलम यह रहा कि उचित देखभाल और मानसिक तनाव के कारण 23 वर्षीय महिला लकवा का शिकार हो गई, लेकिन इसके बावजूद लालची ससुरालियों का दिल नहीं पसीजा। भानतलैया निवासी 23 वर्षीय सानिया अली ने बताया कि उसका विवाह दिसंबर 2023 में फैजल खान के साथ हुआ था। शादी में सानिया के पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार 2 लाख रुपये नगद, जेवरात और स्कूटी दी। लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही पति फैजल, सास मैसर खान और ससुर फिरोज खान ने असली रंग दिखाना शुरू कर दिया। सास अक्सर सानिया की मां के घर आने पर आपत्ति जताती और अपमानित कर भगा देती थी। विरोध करने पर पति मारपीट करता और जान से मारने की धमकी देता ,जब नवंबर 2025 में सानिया को बेटा हुआ। बेटे के मुंडन पर ससुराल वालों ने मांग रख दी कि सानिया के पिता फैजल के लिए सोने की चेन और पूरे घर के लिए ब्रांडेड कपड़े लेकर आएं। मांग पूरी न होने पर सानिया के माता-पिता को बेइज्जत कर घर से निकाल दिया गया। इतना ही नहीं, सानिया को उसके नवजात बच्चे के साथ एक कमरे में कैद कर दिया गया, जहां उसे सिर्फ खाना देने के लिए दरवाजा खोला जाता था। उचित खान-पान और लगातार शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना के कारण सानिया पैरालाइज्ड हो गई। जनवरी 2026 में उसके पिता उसे ससुराल से मायके ले आए और उसका इलाज शुरू कराया। अब जब सानिया ने वापस जाने की कोशिश की, तो पति और ससुराल पक्ष ने 10 लाख रुपये की मांग रख दी। उन्होंने साफ कह दिया कि यदि वह 10 लाख रुपये लेकर आएगी, तभी उसे घर में रखा जाएगा। बेलबाग पुलिस ने सानिया की शिकायत पर पति फैजल खान, सास मैसर खान और ससुर फिरोज खान के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुए , मामलेंकी जांच शुरू करदी है ।

### विनोद कोष्टा का निधन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी विनोद कोष्टा का 64 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप शैलेश कोष्टा के पिता, निहाल कोष्टा के चाचा हैं। अंतिम संस्कार रानीताल शमशान में सम्पन्न हुआ।

# शेयर मार्केट के नाम पर 3 करोड़ की ठगी, पुलिस के हत्थे चढ़ा दूसरा आरोपी

### रिटर्न का झांसा देकर लगाई करोड़ों की चपत पुलिस ने खमरिया से दबोचा शातिर जालसाज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर के एक डॉक्टर से शेयर मार्केट में भारी मुनाफे का लालच देकर 3 करोड़ 4 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशानुसार साइबर सेल और क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में शामिल दूसरे आरोपी को धर दबोचा है।

जानकारी अनुसार एक डॉक्टर को शेयर बाजार में प्रतिदिन 5 प्रतिशत और दीर्घकालिक निवेश पर 500 प्रतिशत तक रिटर्न का



झूठा झांसा दिया गया था। इस झांसे में आकर डॉक्टर ने कुल 3 करोड़ 4 लाख रुपये इन्वेस्ट किए, जिसके बाद उनके साथ धोखाधड़ी की गई। इस संबंध में थाना साइबर सेल में अपराध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। प्रकरण की जांच के दौरान पूर्व में गिरफ्तार आरोपी संस्कार केशरवानी से मिली जानकारी के आधार पर, पुलिस ने सौरभ विश्वकर्मा उर्फ राहुल (25 वर्ष), निवासी खमरिया को गिरफ्तार किया है।

### शातिर तरीके से करते थे ठगी

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सौरभ बेहद शातिर तरीके से काम करता था। वह लोगों के नाम पर करंट और कॉरपोरेट बैंक अकाउंट खुलवाता था। इन खातों की जानकारी वह टेलीग्राम के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर के साइबर ठगों को भेजता था। इन खातों का उपयोग ठगी की रकम को खपाने में किया जाता था, जिसके बदले आरोपी को मोटा कमीशन मिलता था। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश में जुटी है।

### लापरवाहीः पाइप लाइन क्षतिग्रस्त

# अस्पताल कॉलोनी में टैंकर से हो रही पानी की सप्लाई



नगर परिषद के कर्मचारी पाइप लाइन का वॉल बंद करते हुए



अस्पताल की इमारत के निर्माण में जुटी मशीनरी

कटंगी।

बिना पाइप लाइन का विस्थापन कराएं सरकारी अस्पताल की नई इमारत का निर्माण कार्य शुरू होने का दंश अब अस्पताल कॉलोनी में निवास करने वाले करीब दो दर्जन से भी अधिक परिवारों को झेलना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच यहां के रहवासियों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। बीते दो दिनों से स्थानीय रहवासी पानी की समस्या से जूझ रहे है। यहां के रहवासियों को पीने के पानी से लेकर दैनिक उपयोग के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। हालांकि नगर परिषद ने टैंकरों से पानी की सप्लाई की वैकल्पिक व्यवस्था बनाई है। स्थानीय रहवासियों को आरोप है कि बावजूद इसके उन्हें पर्याप्त मात्रा में उपयोग के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। अभी गर्मी के सीजन में पानी की खपत अधिक होती है किंतु नगर परिषद उतना पानी नहीं दे रही है। दरअसल, अस्पताल कॉलोनी में यह समस्या अस्पताल की इमारत का निर्माण करने वाले ठेकेदार और नगर परिषद की घोर लापरवाही की वजह से निर्मित हुई है। अस्पताल कॉलोनी की पाइप लाइन का विस्थापन किए बिना ही ठेकेदार ने अस्पताल की इमारत का निर्माण शुरू कर दिया। बुधवार की सुबह जैसे ही एक कॉलम खुदाई के लिए जेसीबी से गड्ढा खोदा गया। पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई और तब से रहवासियों को पानी नहीं मिल रहा है।

बताया जा रहा है कि अब जब तक अस्पताल की नई इमारत का निर्माण नहीं होता तब तक नगर परिषद अस्पताल कॉलोनी में टैंकरों से ही पानी की सप्लाई करेगी। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि अगर ऐसा ही हाल रहा तो वह परेशान हो जाएंगे क्योंकि गर्मी के दिनों में सभी के घरों में दिन-रात कूलर चलते है जिसमें पानी की खपत होती है। वहीं अन्य दैनिक कार्यो के लिए भी बड़ी मात्रा में पानी का उपयोग होता है। रहवासियों ने बताया कि टैकरों से मिलने वाले पानी का उपयोग केवल दैनिक कार्यों के लिए किया जा रहा हैं क्योंकि टैंकरों की नियमित साफ-सफाई नहीं होती। टैंकरों से मिलने वाला पानी भले ही ट्यूबवेल से आ रहा है किंतु टैंकरों से मिलने वाले पानी की गुणवत्ता पर रहवासी सवाल उठा रहे है। ऐसे में उन्होंने आरओ के कैन खरीदने शुरू कर दिए है। रहवासियों ने नगर परिषद से तत्काल पाइप लाइन का विस्थापन करने की मांग की है ताकि पूर्ववत ही पानी की निर्बाध तरीके से पानी की सप्लाई जा रही रहे।

### टैगोर मोंटेसरी इंग्लिश स्कूल में 20 से शुरू होगा हाइब्रिड स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम

**बालाघाट।** जिला मुख्यालय बालाघाट के सरस्वती नगर में संचालित शैक्षणिक संस्था टैगोर मोंटेसरी इंग्लिश स्कूल में आगामी 20 अप्रैल से हाइब्रिड स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम शुरू होने जा रहा है। स्कूल के संचालक ने बताया कि विद्यापीठ पाठशाला के सहयोग से यह प्रोग्राम शुरू किया जा रहा हैं जिसमें विद्यार्थियों कोटा के अनुभवी शिक्षकों के लाइव कक्षाओं की सुविधा दी जाएगी। ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज का फायदा दिया जाएगा। इसके साथ ही उच्च गुणवत्ता की अध्ययन सामग्री, दैनिक अभ्यास प्रश्नों के साथ उनका समाधान भी बताया जाएगा। यह कार्यक्रम विशेष रूप से कक्षा 10 से 11 में जाने वाले विद्यार्थियों और कक्षा 11 के विद्यार्थियों' के लिए अत्यंत उपयोगी है। संस्था के संचालक ने अभिभावकों और इच्छुक विद्यार्थियों से अनुरोध है कि शीघ्र आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठाएं।



## बाबा जुमदेव जी की जयंती पर हुआ फल वितरण

**कटंगी।** मानव धर्म के संस्थापक महानत्यागी बाबा जुमदेवजी की जयंती आज 03 अप्रैल शुक्रवार को मनाई जा रही है। इस मौके पर कटंगी शहर में परम पूज्य परमात्मा एक सेवक मंडल कटंगी/उमरी और सेवकगणों के द्वारा वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दोपहर साढ़े 12 बजे पहुंचकर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती मरीजों, उनके परिजनों, पोषण पुर्नवास केंद्र में भर्ती बच्चों उनकी माताओं और ड्यूटी में तैनात स्वास्थ्य कर्मचारियों को फल वितरीत किए गए। बाबा जुमदेव का जन्म 3 अप्रैल 1921 को नागपुर के गोलीबार चौक में एक गरीब बुनकर परिवार में हुआ था। उन्होंने मानवता की सेवा, सत्य और ईमानदारी का संदेश दिया। आज कटंगी क्षेत्र में उनके बड़ी संख्या में अनुयायी है जो उनका और उनके विचारों का अनुसरण करते हुए अपने जीवन को बेहतर बना रहे है। अस्पताल में फल वितरण के दौरान किशन लाल भोण्डेकर, सेवक राम ठवकर, दिलीप मोहबे, मार्गदर्शक ओम प्रकाश सूर्यवंशी, खुमेश मात्रे, भुवन लाल कुर्वे, हेमंत पगाड़े सहित अन्य सेवक गण मौजूद रहे।

## डॉ. रजनी बिसेन को मिली मानद उपाधि

कटंगी।

हस्तनिर्मित उत्पादों का उत्पादन करने वाली डॉ रजनी रितेश बिसेन को मानद उपाधि मिली है। त्वचा और बालों की देखभाल की सूत्रधार डॉ. रजनी रितेश बिसेन को मानव सेवा एवं ब्यूटी वेलनेस के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। गत दिवस नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में एम/एस माइंड स्टॉक सॉल्यूशन ह्यूमन डेवलपमेंट काउंसिल (यूएसए) द्वारा उन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. रजनी बिसेन को यह सम्मान उनके द्वारा हस्तनिर्मित स्किनकेयर और हेयर केयर प्रोडक्ट्स के निर्माण और लोगों तक प्रभावी परिणाम पहुंचाने के लिए दिया गया।

उनके समर्पण भाव की सराहना करते हुए अमेरिकन होलिस्टिक एकेडमी (यूएसए) द्वारा वर्ष 2026 का सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन भी प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (केंद्रीय सरकार) द्वारा उन्हें महिला वैश्विक पुरस्कार 2026 से भी नवाजा गया। डॉ रजनी बिसेन की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है और विभिन्न सामाजिक संगठनों सहित नागरिकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर प्रशासन सख्त

**बालाघाट।** जिले में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर प्रशासन ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वर्तमान वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशों के पालन में राज्य शासन ने एलपीजी सिलेंडरों के वितरण के लिए प्राथमिकता क्रम तय किया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं प्राप्त मांग के आधार पर ही कमर्शियल तथा एग्जेमटेड कैटेगरी के गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जाएगी। इस संबंध में सभी संबंधित एजेंसियों और वितरकों को निर्देशित किया गया है।

## संकल्प करने से ही समस्या का समाधान होता है : सांसद भारती पारधी

### विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का किया गया वितरण

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में पात्र लोगों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया गया है। इस अभियान के समापन अवसर पर 03 अप्रैल को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया।



बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, कलेक्टर श्री मृणाल मीना, नगर पालिका बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे, श्री डी पी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री एम आर कोल, श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, नगर पालिका के पार्षद एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार द्वारा अंतिम छोर के व्यक्ति को ध्यान में रखकर योजनायें बनायी जा रही है। इन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया गया है। जब हम संकल्प कर लेते हैं तो उस समस्या का समाधान अवश्य होता है। संकल्प से समाधान अभियान भी अपने नाम के अनुरूप पात्र लोगों तक शासन की योजनाओं से लाभांवित करने का माध्याम बना है। बालाघाट जिला शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश एवं देश में अग्रणी रहा है। इसके लिए बालाघाट का जिला प्रशासन एवं उसका नेतृत्व सराहना का पात्र है। आज भी इस शिविर के माध्यम से आवास योजना, पेंशन योजना एवं स्वनिधि योजना का लाभ दिया गया है।

### मुर्गी पालन बना आजीविका का मजबूत आधार, सही योजना और संकल्प से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

## गरीब कल्याण रोजगार अभियान से कमला बाई की बदली जिंदगी

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के विकासखंड परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघई के ग्राम खुड्डीपुर (डोरा) में गरीब कल्याण रोजगार अभियान (त्यक्र) के प्रभावी क्रियान्वयन ने कमलाबाई के परिवार की जिंदगी को नई दिशा दी है। मुर्गी पालन का कार्य आज इस परिवार के लिए स्थायी आजीविका का मजबूत आधार बन चुका है।

कोरोना काल के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के सीमित अवसरों के कारण कई परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे थे। ऐसे समय में शासन के गरीब कल्याण रोजगार अभियान त्यक्रयोजना ने राहत का कार्य करते हुए जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया गया। ग्राम खुड्डीपुर में हितग्राही कमलाबाई पति कृष्णालाल के नाम पर मुर्गी शेड निर्माण की स्वीकृति दी गई। लगभग 165 वर्गफुट क्षेत्रफल में बने इस शेड पर 51 हजार 554 रुपए की लागत आई, जिसे वर्ष 2020-21 में तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति के साथ पूर्ण कराया गया। पूर्व में कमलाबाई का परिवार मजदूरी पर निर्भर था, जिससे जीवनयापन कठिन था।



लेकिन योजना के तहत मुर्गी पालन शुरू होने के बाद परिवार को स्थायी आय का साधन मिल गया। वर्तमान में परिवार ब्रायलर, कड़कनाथ एवं देशी प्रजाति की लगभग 60 मुर्गियों का पालन कर रहा है। इस व्यवसाय से प्रतिदिन 10 से 12 मुर्गियों की बिक्री हो रही है, जिससे कमलाबाई के परिवार को औसतन 500 से 600 रुपए प्रतिदिन की आय प्राप्त हो रही है। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है और उन्हें मजदूरी के अतिरिक्त एक भरोसेमंद आय का स्रोत मिला है। यह कहानी दर्शाती है कि शासन की योजनाओं का सही क्रियान्वयन और लाभार्थियों की मेहनत मिलकर ग्रामीण जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। ग्राम पंचायत सिंघई का यह उदाहरण अन्य ग्रामीण परिवारों के लिए प्रेरणा बनकर उभर रहा है।

## गीता बाई को नल से जल मिलने से मिली राहत

**बालाघाट।** बालाघाट जिले की ग्राम पंचायत चिचगाँव में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी की टंकी ने ग्रामीणों की बड़ी समस्या का समाधान कर दिया है। अब गांव के हर घर में नल के माध्यम से नियमित रूप से पानी उपलब्ध हो रहा है, जिससे लोगों को दूर-दराज से पानी लाने की परेशानी से मुक्ति मिल गई है।

ग्राम की निवासी श्रीमती गीता रनगिरे ने बताया कि पहले उन्हें प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की बर्बादी होती थी।



लेकिन अब घर-घर नल कनेक्शन मिलने से यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो गई है और जीवन पहले की अपेक्षा अधिक आसान एवं सुविधाजनक हो गया है।

जल जीवन मिशन के इस प्रयास से विशेष रूप से महिलाओं को राहत मिली है। पानी लाने में लगने वाला समय अब अन्य घरेलू कार्यों और परिवार की देखभाल में उपयोग हो रहा है, जिससे उनके जीवन में सुकून और सहजता आई है। ग्रामीणों ने इस योजना के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता से स्वास्थ्य स्तर में भी सुधार हो रहा है।

## दिनदहाड़े ज्वेलर्स शॉप में चोरी, ग्राहक बनकर आई महिलाएं 3.5 लाख का सोना ले उड़ीं




**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के पाली कस्बे में गुरुवार 2 अप्रैल को दोपहर एक ज्वेलरी दुकान पर हुई शातिराना चोरी ने व्यापारियों को चौंका दिया। मेन रोड स्थित प्रकाश चौक के पास संचालित श्रृंगार ज्वेलर्स में दो अज्ञात महिलाएं ग्राहक बनकर पहुंचीं और कुछ ही मिनटों में करीब 3 लाख 50 हजार रुपये कीमत के सोने के जेवर लेकर रफूचक्कर हो गईं। दुकान संचालक 65 वर्षीय पुरुषोत्तम लाल सोनी ने अपने पुत्र विकास कुमार सोनी के साथ थाना पाली पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब 12.15 से 1 बजे के बीच दो महिलाएं दुकान में आईं। एक महिला गहरे हरे रंग की साड़ी पहने हुई थी, जबकि दूसरी हल्के गुलाबी रंग के सलवार सूट में थी। दोनों ने सामान्य ग्राहक की तरह व्यवहार करते हुए पहले सोने के लॉकेट दिखाने को कहा। दुकानदार जब उन्हें आभूषण दिखाने में व्यस्त हो गया, तभी महिलाओं ने बड़ी चालाकी से दुकान के दराज में रखे पुराने सोने के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया।

चोरी किए गए जेवरों में लगभग 36 ग्राम सोना शामिल है, जिसमें दो हार, एक मुंगावली अंगूठी और एक सोने की अढ़ी शामिल बताई गई है। सबसे दिलचस्प बात यह रही कि दोनों महिलाएं जाते समय अपना नाम शिवांगी कुशवाहा बताकर गईं और यह कहकर निकलीं कि वे अगले दिन आकर सामान लेंगी। इस बहाने उन्होंने दुकानदार को पूरी तरह से भ्रमित कर दिया और बिना किसी शक के आराम से दुकान से निकल गईं। कुछ देर बाद जब पुरुषोत्तम सोनी ने अपनी दराज चेक की, तो जेवर गायब देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत थाना पाली पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 (ए) के तहत मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी विजय सेन ने बताया कि यह चोरी की घटना है, जिसकी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम डोडका में कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** प्रदेश सरकार के आव्हान पर उमरिया जिले में भी 19 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया जा रहा है। जन सहभागिता से जल संचयन का संकल्प साकार हो सकता है, इसलिये आवश्यक है कि सभी ग्रामीण जन इस अभियान में शामिल होकर इसे जन आंदोलन बनाते हुए जल कि एक एक बूंद को संरक्षित करें। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम डोड़का में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

## धूमधाम से मनाया गया श्रीराम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव

मानपुर (स्वतंत्रमत)।

गुरुवार 2 अप्रैल को नगर परिषद मानपुर में श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी महाराज का प्राकट्योत्सव पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरे वातावरण में भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

गौतमान मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर, सोनी मोहल्ला स्थित हजारी धाम सरकार, पुरानी बाजार स्थित हनुमान मंदिर तथा थाना परिसर मंदिर में प्राकट्योत्सव के अवसर पर विशेष पूजन-अर्चन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा हनुमान प्रतिमाओं का अभिषेक कर सुंदरकांड पाठ किया गया, वहीं विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। थाना प्रभारी मुकेश मर्शकोले ने अपनी सनातन परंपराओं के प्रति गहरी आस्था और समर्पण का परिचय देते हुए पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी थाना मानपुर परिसर स्थित शिव मंदिर को भव्य रूप से सजवाया। श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हनुमान जी का विधि-विधान से अभिषेक.पूजन-अर्चन किया गया। इसके उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां सभी ने प्रसाद ग्रहण कर आत्मिक शांति का अनुभव किया।



इस अवसर पर खंड के सभी प्रशासनिक अधिकारी भी थाना परिसर पहुंचे, जिन्होंने श्रद्धा भाव से हनुमान जी महाराज के दर्शन किए और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। गौतमान मोहल्ला हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में शाम 6 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड तक पहुंची।

## प्रतिभावान खिलाडियों से वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश भोपाल 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता उमरिया जिले के प्रतिभावान खिलाडियों से वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को राशि रुपये 10000, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को राशि रुपये 8000 एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को राशि रूपये 6000 खेलवृति राशि प्रदान करने का प्रावधान है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला एवं युवा कल्याण अधिकारी सीताराम सत्या ने बताया कि वर्ष 2025 के खेलवृत्ति हेतु आवेदन 31 मई 2026 तक कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी गांधी चौक काली मंदिर के पास उमरिया में स्वीकार किए जा सकेंगे। खेलवृत्ति हेतु आवेदन कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला उमरिया से प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक 31 मई 2026 के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। खेलवृत्ति हेतु निर्धारित दिशा निर्देश व नियमावली तथा आवेदन पत्र विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## गंजरा नाला में महिला का मिला शव



उमरिया (स्वतंत्र मत)।

शुक्रवार 3 अप्रैल को जिले के बिरसिंहपुर पाली थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब गंजरा नाला में एक महिला का शव तैरता हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। मृतका की पहचान देवरति बसोर उम्र 40 वर्ष पति रामचरण बसोर, निवासी झिरिया मोहल्ला विरसिंहपुर पाली के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि महिला बीते दिन से घर से बाहर थी और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इसी दौरान आज सुबह गंजारा नाला में शव मिलने की खबर सामने आई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बिरसिंहपुर पाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक जांच में किसी तरह के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं, जिससे मामला संदिग्ध जरूर है लेकिन स्पष्ट नहीं हो सका है। प्रभारी थाना प्रभारी विजय सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतका को एपिलेप्सी की बीमारी थी। घटना स्थल के पास एक मंदिर भी स्थित है, जहां बीते दिन भंडारे का आयोजन चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि महिला वहां गई होगी और किसी समय नाले के पास पहुंच गई होगी, जहां चक्कर आने के कारण (एपिलेप्सी) पड़ने से वह पानी में गिर गई होगी।

हालांकि, पुलिस ने अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद इलाके में शोक और चिंता का माहौल है। वहीं पुलिस लोगों से अपील कर रही है कि ऐसे मामलों में सतर्कता बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें।

## पाली नगर पालिका द्वारा डी-स्लजिंग सेवाओं का मैकेनाइजेशन गतिविधियों का किया गया विशेष आयोजन

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प महाअभियान 2026 के अंतर्गत, मध्यप्रदेश की नगरीय निकायों में 26 मार्च से 02 अप्रैल 2026 तक डी-स्लजिंग सेवाओं का मैकेनाइजेशन गतिविधियों का विशेष आयोजन किया गया। इस महाअभियान का उद्देश्य शहरी निकायों में सेप्टिक टैंक की सफाई को मशीनरी के माध्यम से (मैकेनाइज्ड) सुनिश्चित करना, ताकि मैनुअल स्कैवेन्जिंग (हाथ से सफाई) को पूरी तरह से समाप्त किया जा सके। इसी के मद्देनजर नगर पालिका परिषद पाली द्वारा डी-स्लजिंग सेवाओं का मैकेनाइजेशन गतिविधियों का विशेष आयोजन किया गया।



**शेड्यूल डिस्लजिंग कार्यशाला** - रीवा सहित विभिन्न नगरीय निकायों में डिस्लजिंग ऑपरेटर्स के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिसमें उन्हें सुरक्षित सफाई के तरीके सिखाए गए। सुरक्षा उपकरण. सफाई मित्रों को ग्लव्स, मास्क, गमबूट, हेलमेट, और एप्रन के उपयोग के लिए निर्देशित किया गया।

**जागरूकता अभियान** - नागरिक निकायों द्वारा नागरिकों को सूचित किया गया कि वे केवल अधिकृत मशीनरी वाहनों (नगर निगम की गाड़ी) के माध्यम से ही सेप्टिक टैंक की सफाई कराएं मालाशुर अभियान अंतर्गत हितग्राहियों को तीन साल में एक बार सेप्टिक सफाई हेतु प्रचार प्रसार किया जा रहा है।


### शपथ पत्र (AFFIDAVIT)

मैं, कैलाश चन्द्र सुथार (KAILASH CHANDRA SUTHAR, पिता श्री कालूराम सुथार (KALURAM SUTHAR), उम्र 40 वर्ष, व्यवसाय- चीफ फार्मासिस्ट, निवासी- 112, न्यू ब्लॉक, जवाहर कॉलोनी, उमरिया, जिला उमरिया, मध्य प्रदेश 484661, विधिवत शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ
यह कि मेरा वास्तविक नाम कैलाश चन्द्र सुथार है। मेरा नाम आधार कार्ड, पैन कार्ड, कंपनी सेवा रिकॉर्ड, CMPF रिकॉर्ड एवं LIC रिकॉर्ड में कैलाश चन्द्र सुथार (KAILASH CHANDRA SUTHAR) के रूप में अंकित है, तथा मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम कैलाश चन्द्र (KAILASH CHANDRA) के रूप में दर्ज है। ये दोनों नाम मेरे ही हैं। अतः माननीय प्राधिकारी से निवेदन है कि कैलाश चन्द्र सुथार एवं कैलाश चन्द्र को एक ही व्यक्ति का नाम माना जाए।
मैं यह घोषित करता हूँ कि उपरोक्त सभी कथन सत्य एवं सही हैं। मैंने कोई तथ्य छिपाया नहीं है और न ही किसी प्रकार की गलत जानकारी दी है। यदि इस शपथ पत्र में दी गई कोई भी जानकारी असत्य पाई जाती है, तो उसके लिए मैं पूर्णतः उत्तरदायी एवं दंडनीय रहूँगा।
अतः यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।


दिनांक- 02.04.2026
स्थान- उमरिया

# लकड़ी लोडिंग के दौरान श्रमिक की मौत मामले पर मोहगांव प्रोजेक्ट के जिम्मेदारों ने झाड़ा पल्ला, लंबे समय से चल रहा डिपो में मजदूरों का शोषण

मण्डला(स्वतंत्रमत)

लंबे समय मोहगांव प्रोजेक्ट में भयमुक्त होकर सरकारी धन की होली खेली जा रही है जंगलों की अवैध कटाई तो कहीं वन क्षेत्रों से रेत की अवैध निकासी तो कहीं कहीं लकड़ी नीलामी में भी घपलेबाजी की जानकारी सामने आती है। मोहगांव प्रोजेक्ट के जंगलों को देखभाल करने की जरा भी फुरसत जबावदारों के पास नही है। जंगलों का लगातार घनत्व कम होना इस बात का प्रमाण है यहां पर अधिकारी केवल सरकारी धन का दुरूपयोग करने ही आया करते हैं। इसी तरह का एक मामला जो कि श्रमिक से जुड़ा है में जिस तरह की लापरवाही बरती गई इस पर अब तक जांच तक नही हो पाई है। मोहगांव प्रोजेक्ट के देवरी रसईयादौना डिपो में एक दर्दनाक हादसा हो गया जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। लकड़ी लोडिंग के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से एक भारी लकड़ी का लठ्ठा वहां काम कर रहे श्रमिक के ऊपर गिर पड़ा। हादसे में श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना के बाद मृतक के परिजनों ने विभाग पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं और निष्पक्ष जांच मांग की है प्राप्त जानकारी के अनुसार देवरी रसैयादौना डिपो में नियमित रूप से लकड़ी लोडिंग का कार्य चल रहा था। डिपो में बड़े-बड़े लकड़ी के लठ्ठों को वाहन में लादा जा रहा था इसी दौरान अचानक एक भारी




लकड़ी का लठ्ठा असंतुलित हो गया और वहां कार्यरत एक श्रमिक के ऊपर आ गिरा प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना अचानक हुआ कि आसपास काम कर रहे अन्य मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला भारी लकड़ी गिरते ही श्रमिक गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा और लहूलुहान हो गया मौके पर मौजूद कर्मचारियों और अन्य मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई घटना के तुरंत बाद विभाग के कर्मचारियों द्वारा घायल श्रमिक को आनन-फानन में उपचार के लिए अंजनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया लेकिन चोटें इतनी गंभीर थीं कि इलाज के दौरान ही उसकी मृत्यु हो गई डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जिसके बाद अस्पताल परिसर में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया घटना की सूचना मिलते ही अंजनियां पुलिस भी अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी मृतक की पहचान मोहगांव रैयत निवासी छत्तर सिंह तेकाम 55 वर्ष के रूप में हुई है वे डिपो में श्रमिक के रूप में कार्यरत थे और लंबे समय से इस कार्य से जुड़े हुए थे बताया जा रहा है कि वे अपने परिवार के मुख्य कमाऊ सदस्य थे उनकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की खबर मिलते ही उनके परिजन अस्पताल पहुंचे जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था परिवार के सदस्य बार-बार यही सवाल उठा रहे थे कि आखिर इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हो गई मृतक के परिजनों ने वन विभाग और डिपो प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि हादसे के बाद उन्हें केवल फोन के माध्यम से सूचना दी गई थी और बताया गया कि श्रमिक को केवल पैर और पीठ में चोट आई है परिजनों का आरोप है कि वास्तविक स्थिति उनसे छिपाई गई और उन्हें समय रहते सही जानकारी नहीं दी गई उनका कहना है कि अगर उन्हें स्थिति की गंभीरता का अंदाजा होता तो वे तुरंत बेहतर इलाज की व्यवस्था कर सकते थे परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि हादसे के बाद घायल श्रमिक को सीधे जिला अस्पताल ले जाना चाहिए था जहां बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। लेकिन इसके बजाय उसे अंजनियां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां सीमित संसाधन होने के कारण उचित उपचार नहीं मिल सका उनका कहना है कि समय पर उचित इलाज न मिलने के कारण ही श्रमिक की स्थिति और बिगड़ गई और अंतत: उसकी जान चली गई। परिजनों ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है इस हादसे ने डिपो में सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है स्थानीय लोगों और मजदूरों का कहना है कि लकड़ी लोडिंग जैसे जोखिम भरे कार्य के दौरान पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं किए जाते मजदूरों को न तो उचित सुरक्षा उपकरण दिए जाते हैं और न ही कार्य के दौरान किसी प्रकार की निगरानी या दिशा-निर्देश का पालन सख्ती से कराया जाता है भारी भरकम लकड़ी के छठ्ठों को बिना पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध के लोड करना हमेशा जोखिम भरा होता है लेकिन इसके बावजूद लापरवाही बरती जाती है घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और संबंधित विभागों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मध्यप्रदेश वन विभाग के अधिकारियों से भी इस संबंध में जानकारी ली जा रही है पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की बारीकी से जांच की जाएगी और यह पता लगाया जाएगा कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ यदि किसी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। मृतक के परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए साथ ही उन्होंने यह भी मांग की है कि उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए ताकि परिवार का भरण पोषण हो सके।

## गोकुलधाम में हनुमान जन्मोत्सव

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** गोकुलधाम कालोनी गार्डन स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया मीडिया प्रभारी नवनीत साहू ने बताया कि सुबह से ही मंदिर में भक्तों का आना लगा रहा पूर्ण मंत्रोच्चार के साथ हनुमान जी का श्रृंगार पूजन हवन महाआरती पंडित जी द्वारा कराया गयाअंत में कन्या भोजन एवं भंडारा सम्पन्न हुआ शाम को महाआरती पश्चात फलाहारी केक काटकर हनुमान जी के जन्मोत्सव को लोगों ने यादगार बना दिया।

## 5 अप्रैल तक दावा आपत्ति

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** बीएलसी घटक 2.0 अंतर्गत भूमिहीन आवेदकों को म.प्र. नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति पटटाधिकृत अधिकारों का प्रदान किया जाना अधिनियम 1984 के अन्तर्गत आवसीय भूमि के पटटे के लिए आवेदकों की गठित दल द्वारा जांच की गई। जांच में 13 आवेदक पटटा के लिए पात्र एवं 11 आवेदक पटटा के लिए अपात्र पाये गये हैं। कुल 24 आवेदकों की प्रारंभिक प्रथम सूची का प्रकाशन कर कार्या.न.पा. मण्डला के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। समस्त नागरिक उक्त सूची का अवलोकन कर 5 अप्रैल तक दावा आपत्ति नगरपालिका परिषद में जमा कर सकते हैं। उक्त अवधि के बाद किसी भी प्रकार दावा आपत्ति मान्य नहीं होंगे।

## छात्रों को कराया थाने का भ्रमण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में पुलिस द्वारा थाना महाराजपुर एवं चौकी हिरदेनगर क्षेत्र में विद्यार्थियों हेतु जागरूकता एवं थाना चौकी भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किए गए थाना महाराजपुर द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला महाराजपुर में कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को यातायात नियमों के पालन विशेष रूप से बिना हेलमेट वाहन न चलाने तथा साइबर फ्रॉड से बचाव एवं महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं एवं शिक्षकों को थाना भ्रमण कराया गया जिसमें उन्हें बंदी गृह, थाना प्रभारी कक्ष, मोहर्रिर कक्ष, रीडर शाखा एवं ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। इसी क्रम में चौकी हिरदेनगर पुलिस द्वारा पीएम श्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरदेनगर में नशा जागरूकता अभियान चलाया गया शॉर्ट वीडियो के माध्यम से गुड टच बेड टच की जानकारी दी गई एवं छात्र छात्राओं को चौकी भ्रमण कराया गया।

## बैंकिंग जागरूकता कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रोजेक्ट के अंतर्गत, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से समर्पित संस्था द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में ब्लॉक काउंसलर्स के माध्यम से ग्रामीणों को बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया, विभिन्न सरकारी बीमा योजनाओं का लाभ कैसे लें, बैंकिंग धोखाधड़ी साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय के विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है।

## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा शिविर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के आदेशों के परिपालन में एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर तथा पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती महाविद्यालय के मार्गदर्शन में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य जयकुमार बैरागी के मार्गदर्शन में एवं कार्यक्रम अधिकारी अशोक वरकड़े के नेतृत्व में बालक आश्रम शाला औढ़ारी में दिनांक 24 मार्च से 30 मार्च राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बड़झर सरपंच संतुलाल कुलस्ते, कार्यक्रम अध्यक्ष जय कुमार बैरागी, विशिष्ट अतिथि एके जैन विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विशिष्ट अतिथि नारायण भवेदी, एसएमडीसी सदस्यगण, अधीक्षक पर्वत लाल तेकाम सभी शिक्षकगण और ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिकों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं की उपस्तिथि में किया गया।

## नागालैंड भ्रमण में गए मंडला दो छात्र

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी डीपीसी समग्र शिक्षा एक भारत श्रेष्ठ भारत अंतर्गत नागालैंड भ्रमण हेतु पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर की कक्षा 12 वीं की छात्रा कुमारी जूही बरमैया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मधुपुरी के छात्र राजकुमार जंघेला का चयन किया गया जिन्हें मध्यप्रदेश के 32 सदस्यीय दल के साथ भोपाल से हवाईयात्रा द्वारा नागालैंड भ्रमण कराया गया है। दोनों विद्यार्थी 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक नागालैंड के भ्रमण पर हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता सांस्कृतिक विविधता की समझ तथा विभिन्न राज्यों की परंपराओं भाषा तथा जीवन शैली के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है।

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)। भारतीय जनता पार्टी मंडल मोहगांव में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का सफल समापन उत्साह और संगठनात्मक ऊर्जा के साथ हुआ। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण वर्ग में मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संगठन की विचारधारा को और अधिक मजबूती से आत्मसात किया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान विभिन्न सत्रों में पार्टी की कार्यप्रणाली संगठन की संरचना बूथ स्तर तक सशक्तिकरण सोशल मीडिया की भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। वरिष्ठ नेताओं एवं वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के



एकात्म मानववाद के सिद्धांत आज भी देश के विकास की आधारशिला हैं और प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है कि वह इन विचारों को जन-जन तक पहुंचाए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए संगठन के प्रति समर्पण अनुशासन एवं सेवा भाव को सर्वोपरि बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोच्च मानकर कार्य करता है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को व्यवहारिक ज्ञान के साथ साथ संगठनात्मक कौशल भी सिखाए गए जिससे वे आगामी समय में पार्टी की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचा सकें। प्रशिक्षण के दौरान संवाद चर्चा एवं समूह गतिविधियों के माध्यम से कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। समापन अवसर पर मंडल अध्यक्ष मालती मरावी एवं अन्य पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव पर पूजन पाठ

**मण्डला/नैनपुर(स्वतंत्रमत)।** विकासखंड नैनपुर के अंतर्गत ग्राम कटारे मोहगांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बजरंग समिति द्वारा



हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। ग्राम के खेरमाई स्थित मंदिर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने सहभागिता की 1 अप्रैल से ही रात्रि कीर्तन हुए। वहीं 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रात:काल भगवान बजरंगबली की विधिवत वैदिक पूजा-अर्चन आचार्य पंडित निशांत वैष्णव द्वारा सम्पन्न कराया गया। मुख्य आयोजक पत्रकार शिवम कटारे एवं शिल्पकार अजय मरावी ने जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले वर्षों में भी हनुमान जी की कृपा से कटारे मोहगांव में और भी भव्य धार्मिक आयोजनों, विशेषकर हनुमान कथा का आयोजन करने का प्रयास किया जाएगा।

# शराब दुकान हटाने तहसीलदार को ज्ञापन



मण्डला/नारायणगंज

स्थानीय बस स्टैंड क्षेत्र स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान को जनहित में हटाने की मांग अब तूल पकड़ने लगी है ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नारायणगंज के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजुल ज्योतिषी का कहना है कि वर्तमान में संचालित यह शराब दुकान प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के बेहद समीप स्थित है। मंदिर में रोजाना श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहता है लेकिन शराब दुकान पास होने के कारण वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे मंदिर आने वाली महिला श्रृद्धालुओं और बच्चों को भारी असहजता का सामना करना पड़ता है ज्ञापन में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि बस स्टैंड एक सार्वजनिक स्थल है जहां से सैकड़ों यात्रियों का आवागमन होता है। अनैतिक गतिविधियां शराब दुकान के कारण बस स्टैंड परिसर में आए दिन विवाद और गाली-गलौज की स्थिति बनी रहती है सुरक्षा का प्रश्न पास ही मुख्य बाजार और शैक्षणिक संस्थानों की ओर जाने वाला रास्ता है जिससे छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई गई है। यदि प्रशासन ने समय रहते इस दुकान को यहाँ से नहीं हटाया तो कांग्रेस कमेटी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी ज्ञापन स्वीकार करते हुए तहसीलदार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि इस शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा।

## निजी नलकूप खनन पर लगी रोक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में संभावित पेयजल संकट को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सोमेश मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले में निजी नलकूप बोरवेल खनन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिले के कई विकासखंडों, मंडला, बिछिया, मवई, घुघरी, नैनपुर, बीजाडांडी, नारायणगंज और निवास में जल स्तर लगातार गिर रहा है। ऐसे में आने वाले ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट गहराने की आशंका जताई गई है। पूरे जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है निजी एवं अशासकीय नलकूप खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है बिना अनुमति कोई भी बोरिंग मशीन जिले में प्रवेश नहीं कर सकेगी, नियमों का उल्लंघन करने पर मशीन जब्त कर एफआईआर दर्ज की जाएगी, आपात स्थिति में ही संबंधित अधिकारी की अनुमति से खनन की अनुमति दी जा सकेगी। यह प्रतिबंध शासकीय योजनाओं के तहत किए जाने वाले नलकूप खनन पर लागू नहीं होगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यों को जारी रखने की अनुमति दी गई है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिसमें जेल और जुर्माने का प्रावधान शामिल है। यह आदेश 1 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रभावी रहेगा।

## प्रसिद्ध जादूगर फारूख हुए सम्मानित



मण्डला(स्वतंत्रमत)

प्रसिद्ध जादूगर फारूख को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जादू की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुके फारूक को यह सम्मान मिलने से मंडला सहित पूरे कला जगत में खुशी है। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक क्षण तब आया जब सभी 150 जादूगरों ने एक साथ मिलकर एक सामूहिक जादू प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति में उन्होंने खाली हाथों से एक वृक्ष के रूप में गुलदस्ता तैयार किया जो प्रकृति संरक्षण का प्रतीक था। इस दृश्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पर्यावरण बचाने का सशक्त संदेश दिया यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे यूथ होस्टल में आयोजित किया गया जिसमें देशभर के प्रसिद्ध जादूगरों ने भाग लिया। प्रमुख रूप से शामिल कलाकारों में दिल्ली के जादूगर शंकर सम्राट, कानपुर के ओपी शर्मा जूनियर, राजकुमार जादूगर, आगरा के जादूगर अखिलेश और एस कुमार सहित कई अन्य कलाकार उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

## छेड़छाड़ के आरोपी को पड़ी सजा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो न्यायालय द्वारा आरोपी बब्बू उर्फ रितेश क्षत्री पिता प्रहलाद क्षत्री उम्र 33 वर्ष निवासी नर्मदा जी वार्ड थाना व जिला मण्डला को धारा 342, 354, भादस एवं धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10,500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है कि 26 मार्च 2024 को अभियोक्त्री ने अपनी मां के साथ थाना कोतवाली में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 26 मार्च 2024 को शाम 07:30 बजे उसकी मां के कहने पर वह किराना दुकान में जाकर आधा लीटर दूध का पैकेट मांगी और सौ रूपये का नोट दी तो दुकानदार बोला कि बेटा उपर वाले कमरे में फ्रीज में दूध रखा है जाकर निकालकर ले आ यह उपर वाले कमरे में गयी वहां पर उसे अभियुक्त बब्बू उर्फ रितेश ने कहा कि फीज से दूध का पैकेट निकाल लो उसने फ्रीज से दूध का पैकेट निकाला और वापस आने को हुई उसी समय अभियुक्त कमरे के अंदर आया और अन्दर से दरवाजा बंद करके उसके साथ बुरी नीयत से अपने दोनों हाथो से उसके सीने को दबाने लगा और एक हाथ से उसकी कुर्ती को उठाने को हुआ जिससे अभियोक्त्री जोर से चिल्लाई और अभियुक्त को धक्का देकर बाहर भागी। उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन संचालन वरिष्ठ सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमति प्रतिभा तारन के द्वारा की गई है।

## आरडी जाटव ने ली पेशनर्स सदस्यता



मण्डला(स्वतंत्रमत)

विगत दिवस एक सादे समारोह में कृषि आत्मा परियोजना के संचालक आरडी जाटव ने सेवानिवृत्ति के उपरांत जिला अध्यक्ष बीके राय जिलाध्यक्ष जिला सचिव एन के शुक्ला, कोषाध्यक्ष एस के पटेल, जिला उपाध्यक्ष बसंत रजक तथा जिला महामंत्री आरके एस चौहान की उपस्थिति में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन जिला शाखा की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा की पेंशनर संगठन को सशक्त करना आवश्यक है तथा पेंशनरों की मांगों को लेकर निरंतर सक्रिय रूप से भाग लेकर सहयोग करते रहेंगे। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बीके राय ने आर डी जाटव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## दीवार लेखन से जागरूकता

**मण्डला।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशन में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्यपालक निदेशक एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार नवांकुर संस्था मां सरस्वती ग्राम विकास सेवा समिति चांदगांव सेक्टर क्रमांक 5 विकासखंड मवई द्वारा जल संचय अभियान के तहत दीवार लेखन का कार्य किया गया।



## अनुष्का ने पाया प्रथम स्थान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** ब्रेन चाइल्ड एकेडमी स्कूल सेमरखापा टिकरिया की छात्रा कुमारी अनुष्का पटेल ने तृतीय कक्षा वर्ग ए में अध्ययनरत रहते हुए स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है अनुष्का पटेल अधिवक्ता अजीत पटेल एवं श्रीमती अलका पटेल की सुपुत्री हैं। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। शिक्षकों ने अनुष्का की मेहनत लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया है छात्रा की इस सफलता पर परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## दमोह में बरपटी मेडिकल कॉलेज का काम प्रगति पर है : सांसद लोधी

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा विकसित भारत का संकल्प प्रधानमंत्री के नेतृत्व और प्रदेश के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में लेकर चल रहे हैं, यह दमोह जिले की बहुप्रतीक्षित मांग थी और हर व्यक्ति इस बात के लिए चिंता करके रखे हुए था कि हमको बार.बार जबलपुर मेडिकल कॉलेज जाना पड़ता है। उन्होंने कहा मैं बड़ी प्रसन्नता के साथ और पूरे विश्वास के साथ आप लोगों को यह बताना चाहता हूँ कि दमोह में बरपटी में हमारे मेडिकल कॉलेज का काम बिलकुल प्रगति पर है और आज मुझे यहाँ आने का अवसर मिला और यहाँ आकर हमने देखा कि काम बेहतर तरीके से चल रहा है और मुझे लगता है कि जून के पहले हफ्ते में यह बनकर तैयार हो जाएगा।

संपादकीय

# अर्द्धसत्य दावे

डोनाल्ड ट्रंप ने अमरीका को संबोधित करते हुए यह निष्कर्ष दिया है कि अभी ईरान के खिलाफ जंग जारी रहेगी। आगामी 2-3 हफ्ते में ईरान पर भीषण हमला किया जाएगा। हम जल्द ही अपने लक्ष्य हासिल कर लेंगे। जो जीत हम हासिल कर रहे हैं, दुनिया ने ऐसी जीत कभी नहीं देखी होगी! राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर पुराना मुहावरा दोहराया कि हमने ईरान की वायुसेना, नौसेना, मिसाइल-ड्रोन क्षमताएं नष्ट कर दी हैं। यहां तक कि उसके परमाणु ठिकाने भी तबाह कर दिए हैं। अब ईरान परमाणु बम नहीं बना सकता। ईरान के सभी बड़े नेता मार दिए गए हैं। यदि ईरान परमाणु बम बना लेता, तो वह अमरीका-इजरायल के लिए मौत साबित होता! दरअसल जो गलतियां पुराने राष्ट्रपतियों ने की थीं, मैं उन्हें ठीक कर रहा हूं। इस संदर्भ में राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि द्वितीय विश्व युद्ध 3 साल 8 माह से अधिक और वियतनाम युद्ध 19 साल से अधिक लड़े गए थे। ईरान युद्ध को अभी 33-34 दिन ही बीते हैं और हमने लगभग लक्ष्य पूरे कर लिए हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी दोहराया कि अमरीका युद्ध खत्म करने के बेहद करीब है। हमारी अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है। गैस उत्पादन में अमरीका 'नंबर वन' है। हमें तेल के लिए होर्मुज स्ट्रेट की जरूरत नहीं है। जिन्हें तेल-गैस की किल्लत है, जरूरत है, वे खुद होर्मुज जाएं। अलबत्ता हमसे तेल खरीदें, क्योंकि अमरीका के पास बहुत कच्चा तेल है। बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने राष्ट्रीय संबोधन का सारांश यह दिया है कि ईरान के खिलाफ जंग जारी रहेगी। गौरतलब यह है कि अमरीका ईरान युद्ध पर अभी तक करीब 3.50 लाख करोड़ रुपए खर्च कर चुका है और उसने 200 अरब डॉलर का अतिरिक्त बजट मांगा है, लेकिन अमरीकी कांग्रेस फिलहाल उसे पारित करने के मूड में नहीं है। अमरीका का युद्ध पर हररोज का औसतन खर्च 9400 करोड़ रुपए का है। अमरीका में पेट्रोल के दाम 4.06 डॉलर प्रति गैलन के स्तर को छू चुके हैं। इस पर ही हाहाकार मचा है, क्योंकि यह बढ़ोतरी अभूतपूर्व है। ईरान में महंगाई दर 50.6 फीसदी है। यह अकल्पनीय है। रोजमर्रा की सभी वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। वस्तुओं की उपलब्धता ही सवालिया है।

क्या राष्ट्रपति ट्रंप का कोई वैश्विक सरोकार नहीं है? इजरायल की अर्थव्यवस्था का तो कचूमर निकल चुका है। वह तो 1.20 करोड़ की आबादी का छोटा-सा देश है। इजरायल को हर हफ्ते 1.6 अरब डॉलर खर्च करने पड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ अब जनता सड़कों पर उतर आई है। यदि भारत का उल्लेख करें, तो करीब 55 लाख भारतीयों को खाड़ी देश छोड़ कर भारत लौटना पड़ा है। दुबई की अति सुरक्षित वाली छवि भी खंडित हुई है। खाड़ी देशों से आधे से अधिक भारतीय लौट आए हैं। इससे नया आर्थिक संकट सामने होगा। यदि एलपीजी की किल्लत की चर्चा करें, तो मई, 2026 तक भारत सरकार और तेल कंपनियों को कुल 40,484 करोड़ रुपए का घाटा होगा। तेल, एलएनजी, पीएनजी, खाद आदि के घाटे अलग हैं। होर्मुज पर अब भी हमारे 18 जहाज फंसे हैं। यदि ईरान के साथ भारत का व्यापार-सौदा नए सिरे से हो चुका है और ईरान ने 6 लाख बैरल कच्चे तेल का जहाज भारत की ओर रवाना किया है, तो भारत के अपने जहाजों को भी अनुमति दी जानी चाहिए। बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप का संबोधन अर्द्धसत्यों और झूठे, फर्जी दावों से भरा था। जिन मुद्दों के आधार पर अमरीका-इजरायल ने ईरान पर हमला किया था, वे स्थितियां आज भी मौजूद हैं।

# माओवाद का खात्मा और साय सरकार की पुनर्वास नीति

उमेश चतुर्वेदी

कभी देश के एक तिहाई हिस्से पर अपनी समानांतर सरकार चलाने वाली माओवादी विचारधारा का क्या आज अंत हो जाएगा? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण हो चुका है, क्योंकि नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली केंद्रीय सरकार ने आज ही के दिन को माओवादी आतंकवाद का आखिरी दिन घोषित कर रखा है। ठीक एक हफ्ते पहले यानी 25 मार्च को बस्तर के मुख्यालय जगदलपुर में शीर्ष माओवादी नेता पापा राव के नेतृत्व में 18 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया, तब कहा गया कि राव आखिरी महत्वपूर्ण नक्सली कमांडर हैं और उन्होंने भी हथियार सौंप दिए हैं।

2014 के आम चुनावों में बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में माओवाद पर लगाम का वादा किया था। तब झीरम घाटी कांड की याद ताजा थी, छत्तीसगढ़ कांग्रेस का तकरीबन समूचे शीर्ष नेतृत्व को माओवादियों ने घेरकर मार डाला था। वैसे खुद नक्सली भी मानते रहे हैं कि उनके लिए कांग्रेस और बीजेपी सरकारों में खास अंतर नहीं रहा। अलबत्ता कांग्रेस सरकार माओवादी हिंसा के खिलाफ सख्त कदम उठाने से बचती रही हैं, जिस तरह बीजेपी की अगुआई वाली सरकारें उठाती रही हैं। बस्तर में छह अप्रैल 2010 को बारूदी सुरंगों के जरिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 76 जवानों को उड़ाने के बाद नक्सलियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी गुस्सा था। तत्कालीन मनमोहन सरकार ने माओवादियों के खिलाफ सैनिक कार्रवाई का मन बना लिया था, लेकिन सिविल सोसायटी के दबाव में यह विचार उसे छोड़ना पड़ा। लेकिन बीजेपी ने माओवादियों को कोई रियायत नहीं दी। 2019 में गृहमंत्रालय की कमान संभालने के बाद अमित शाह ने खुलेआम नक्सलियों को चेतावनी देनी शुरू कर दी कि या तो वे हथियार डालें या फिर गोली खाने के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही उन्होंने 31 मार्च 2026 तक माओवादी हिंसा से देश को मुक्त करने का ऐलान कर दिया।

जिस तरह शीर्ष नक्सली कमांडर या तो मारे गए हैं या फिर उन्होंने हथियार डाले हैं, उससे लगता है कि बीजेपी सरकार का अपना वादा पूरा करने जा रही है। माओवादी विचारधारा के प्रभाव में घर-परिवार, सुख-चैन छोड़कर जंगलों की खाक छानने और सत्ता से जूझने वाले माओवादी युवाओं को मुख्यधारा में लाने में सिर्फ केंद्रीय सुरक्षा बलों की गोलियों का दबाव ही काम नहीं आया, बल्कि इसमें राज्यों की पुनर्वास योजनाओं का भी बड़ा योगदान रहा है। छत्तीसगढ़ ने 2025-26 की अपनी पुनर्वास नीति में हिंसा छोड़ने वाले नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई कदम उठाए, जिनमें उसका %पूना मारगेम% अभियान प्रमुख रहा। इन शब्दों का अर्थ है %नया रास्ता'। इसके तहत दंडकारण्य क्षेत्र के सैकड़ों माओवादी कैडरों को मुख्यधारा में वापस



लाने की सफल कोशिश हुई। इसके तहत नक्सलियों की वापसी के बाद उन्हें नई जिंदगी शुरू करने के लिए तत्काल डेढ़ लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता दी गई, साथ ही उन्हें तीन साल के लिए मासिक वजीफा और व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाना शुरू हुआ। मकसद यह रहा कि हथियार छोड़ने के बाद मुख्यधारा में लौटे माओवादी आत्मनिर्भर जिंदगी बिता सकें। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने हथियार सौंपने वाले माओवादियों को अलग से प्रोत्साहन राशि देने की भी व्यवस्था की। इससे राज्य में माओवादियों के समर्पण में तेजी आई। हथियार छोड़ने वाले माओवादियों के बच्चों की शिक्षा का इंतजाम किया गया, इसके साथ ही उन्हें सुरक्षित आवास भी मुहैया कराए गए। इसके साथ ही उन्हें वापसी के बाद भयमुक्त जीवन गुजारने के लिए परिवार की सुरक्षा की गारंटी भी दी गई।

इसी तरह झारकंड सरकार ने भी माओवादियों को समर्पण के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति बनाई। जिसके तहत समर्पण के बाद माओवादियों को आर्थिक सहायता दी जाती है। उनके कौशल विकास के कार्यक्रम चलाए जाते हैं और उन्हें रोजगार के साथ ही आवास की व्यवस्था की जाती है। साथ ही उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा की गारंटी दी जाती है। झारखंड की इस नीति का उद्देश्य समर्पित नक्सलियों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत हथियार जमा करने पर पूर्व नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि, उन्हें तत्काल पुनर्वास अनुदान और घरेलू सामान के लिए नकद सहायता दी जाती है। साथ ही उनको कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे भविष्य में अपना रोजगार कर सकें। इसके साथ ही उनके बच्चों को मुफ्त शिक्षा व छात्रवृत्ति की सुविधा भी दी जाती है। उन्हें आवास के लिए भूमि या प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर भी दिए जाते हैं। इसी तरह मुख्यधारा में लौटे नक्सलियों को खेती के लिए प्राथमिकता के आधार पर सोलर पंप और बिजली कनेक्शन भी देने का इंतजाम है। पूर्व नक्सलियों पर चल रहे छोटे मामलों को झारखंड सरकार जहां वापस ले रही है, वहीं गंभीर मामलों में कानूनी सहायता मुहैया करा रही है। कुछ ऐसे ही इंतजाम पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में किए गए हैं।

कभी माओवादियों के डर से बस्तर में सड़कें तक बनाना संभव नहीं था, बिजली पहुंचाना भी कठिन था। झारखंड के भी दूरदराज के इलाके में ऐसा ही हाल था। लेकिन केंद्र सरकार की शह पर राज्य सरकार ने नक्सली हिंसा प्रभावित क्षेत्र में भी सड़क, स्कूल और अस्पतालों का निर्माण कराने में तेजी आई। बस्तर के कुछ इलाके में रेलवे लाइन भी पहुंच गई है। नक्सली इलाके में सड़कें भी बेहतर हो गई हैं। इन कदमों से माओवादी प्रभाव में रहने वाले इलाकों में भरोसा बहाली में मदद मिली। सरकारी योजनाओं के साथ ही सरकार के प्रति भी स्थानीय लोगों का रवैया बदला।

कभी पशुपति से तिरुपति यानी नेपाल से आंध्र तक का जंगली इलाका लाल गलियारे के रूप में विख्यात था। यहां सुरक्षा बलों के लिए भी घुसना आसान नहीं था। इसमें देश के तकरीबन एक तिहाई जिले आते थे। इन जिलों में माओवादी वैचारिकी के असर वाले हथियारबंद दस्तों की सत्ता चलती थी। माओवादी स्कूलों, रेलवे लाइनों, पुलिस थानों, डाकघरों को निशाना बनाते थे। साथ ही वे इलाके की जनता को यह समझाने में कामयाब रहे थे कि मौजूदा व्यवस्था और तंत्र सिर्फ और सिर्फ उनका शोषण ही कर रहा है। चूंकि विकास की धारा इन इलाकों में माओवादी हथियारबंद दस्तों के अवरोध के चलते बह नहीं पा रही थी, इसलिए अविश्वास का माहौल बढ़ता रहा। लेकिन मोदी सरकार ने सत्ता संभालते ही एक तरफ माओवादियों को उन्हीं की तर्ज में गोली का जवाब गोली से देना शुरू किया, वहीं दूसरी तरफ उनके पुनर्वास के साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की धारा को भी बहाने की कोशिश तेज की। माओवादी कहते रहे हैं कि सत्ता की राह बंदूक की गोली से निकलती है, बारूद से निकलती है, मोदी सरकार ने कुछ उसी अंदाज में माओवादी सत्ता की राह को बंदूक और बारूद से रोका, लेकिन दूसरी तरफ पुनर्वास अभियान भी जारी रखा। इसमें राज्यों की भूमिका खास रही। चूंकि छत्तीसगढ़ और झारखंड नक्सली हिंसा से सबसे ज्यादा प्रभावित रहे हैं, इसलिए दोनों राज्यों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसका नतीजा सामने है।

कभी पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से शुरू हिंसक और माओवादी विचारधारा का असर देश के एक तिहाई हिस्से पर रहा। लेकिन अब यह विचारधारा और उसके हथियारबंद अनुयायी निस्तेज नजर आ रहे हैं। कह सकते हैं कि वामपंथ की तरह माओवादी विचारधारा भी भारत में कुंद हो गई। नक्सली हिंसा पर लगाम इस लगाम का ही प्रतीक है। वैसे यह भी सच है कि विचारधाराएं कभी नहीं मरतीं, एक विचारधारा के रूप में वह माओवाद भी जिंदा रह सकता है। लेकिन अब उसके उस तरह प्रतिबद्ध अनुयायी नहीं होंगे, उनकी गोलियों की आवाज और धमक भी नहीं होगी। अगर यह विचारधारा लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़े तो शायद ही किसी को एतराज होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि अगर यह विचारधारा जिंदा भी बचती है तो वह लोकतांत्रिक ढंग से आगे बढ़ेगी, हथियारों के दम पर नहीं।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं**

# बड़ा बजट छोटा खर्च : मध्य प्रदेश में विकास का भ्रम और हकीकत



भूपेन्द्र गुप्ता
लेखक स्वतंत्र विश्लेषक हैं

-भूपेन्द्र गुप्ता

मध्य प्रदेश में इन दिनों रिकॉर्ड बजट का शोर सेगुजर रहा है। सरकार 4.38 लाख करोड़ से अधिक के बजट को अपनी उपलब्धि के रूप में पेश कर रही है। लेकिन इस चमकदार आंकड़े के पीछे एक ऐसी सच्चाई छिपी है, जिसे जानना और समझना हर नागरिक के लिए जरूरी है-सरकार अपने ही बजट का बड़ा हिस्सा खर्च ही नहीं कर पा रही। यह केवल एक तकनीकी कमी नहीं, बल्कि शासन की गंभीर विफलता है।

बजट बढ़ाना आसान, खर्च करना कठिन

पिछले कुछ वर्षों में राज्य का बजट तेज़ी से बढ़ा है। 2022-23 में जहां बजट लगभग 2.24 लाख करोड़ था, वहीं 2025-26 में यह ?4.38 लाख करोड़ तक पहुँच गया। यह वृद्धि पहली नजर में प्रभावशाली लगती है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या यह पैसा जनता तक पहुँच रहा है?

वास्तविकता यह है कि कई विभाग अपने आवंटित बजट का 20त्न से 30त्न तक खर्च ही नहीं कर पाते। यानी सरकार के पास पैसा है, लेकिन उसे उपयोग करने की क्षमता नहीं है।

## विकास के नाम पर कटौती

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि पूंजीगत व्यय-यानी सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं पर होने वाला खर्च-घट रहा है। 2024-25 में पूंजीगत व्यय ?61,633 करोड़ प्रस्तावित किया गया था, जो पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान से लगभग 8त्न कम है।

यह वही खर्च है जो सीधे जनता के जीवन को प्रभावित करता है। जब यही घटेगा, तो विकास की गति कैसे बढ़ेगी यह विचारणीय है?

## आधा बजट वेतन और कर्ज में कैद

राज्य का लगभग 45त्न राजस्व वेतन, पेंशन और ब्याज भुगतान में चला जाता है। यानी सरकार का आधा खजाना पुराने दायित्वों में ही खत्म हो जाता है।

स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब हम राज्य के कर्ज को देखते हैं, जो ?4.5 लाख करोड़ से अधिक हो चुका है-लगभग पूरे वार्षिक बजट के बराबर।

यह एक खतरनाक समीकरण है-
कर्ज बढ़ रहा है, लेकिन खर्च नहीं हो रहा।

## घोषणाओं की राजनीति बनाम जमीन की हकीकत

सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ?70,000 करोड़ और महिलाओं की योजनाओं के लिए ?1.23 लाख करोड़ जैसी बड़ी घोषणाएँ करती है। लेकिन जब बजट खर्च ही नहीं हो पाता, तो ये घोषणाएँ कागज से बाहर नहीं निकल पातीं।

यह स्थिति बताती है कि प्राथमिकता विकास नहीं, बल्कि उसकी छवि बनाना है। क्या यह जानना जरूरी नही कि जनता को क्या मिला?

इस अनखर्चे बजट का सीधा असर आम जनता पर पड़ता है।अधूरी सड़कें और लटकी परियोजनाएँ,सिंचाई के अभाव में जूझते किसान,संसाधनों की कमी से जूझते अस्पताल,रोजगार के घटते अवसर इस विफलता के साक्षी हैं। यह ध्रुव सत्य है कि सरकारी खर्च अर्थव्यवस्था को गति देता है। जब सरकार खुद खर्च नहीं करती, तो निजी निवेश भी धीमा पड़ जाता है। इसका असर पूरे राज्य की आर्थिक सेहत पर पड़ता है।

## क्या यह वित्तीय अनुशासन है?

सरकार इस स्थिति को वित्तीय अनुशासन का नाम दे सकती है। लेकिन यह तर्क वास्तविकता से दूर है। जरूरी योजनाओं पर खर्च न करना अनुशासन नहीं, बल्कि लापरवाही है। जनता के लिए आवंटित धन को खर्च न करना बचत नहीं, बल्कि उनके अधिकारों का हनन है। जवाबदेही का अभाव ही मूल जड़ है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन है?

क्या किसी विभाग पर अब तक कार्रवाई हुई है? क्या किसी अधिकारी को जवाबदेह ठहराया गया है? क्या सरकार ने जनता को बताया कि उनका पैसा क्यों खर्च नहीं हुआ?

जब जवाब नहीं मिलते, तो यह साफ हो जाता है कि समस्या केवल क्षमता की नहीं, बल्कि जवाबदेही की भी है। हमें यह समझना होगा कि आंकड़ों का जाल से विकास की सच्चाई जुदा है ? मध्य प्रदेश आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ आंकड़े और वास्तविकता के बीच की दूरी खतरनाक रूप से बढ़ चुकी है। बजट बढ़ाना आसान है, लेकिन उसे सही दिशा में खर्च करना ही असली शासन है। जब तक सरकार अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट नहीं करती, प्रशासनिक क्षमता नहीं बढ़ाती और जवाबदेही तय नहीं करती-तब तक करोड़ों का बजट भी जनता के जीवन में बदलाव नहीं ला पाएगा।और यह सवाल जीवित रह जायेगा कि क्या यह विकास है, या केवल विकास का भ्रम?

# हाशिये पर महाशक्ति



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

द्वारा ईरान पर हमले के बाद से ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार परस्पर विरोधी बयानबाजी करते आए हैं और उनके बयानों से युद्ध के बारे में उनके द्वारा कही गई किसी भी बात को गम्भीरता से लेना जटिल हो चुका है। इस युद्ध में ट्रम्प पूरी तरह अकेले पड़ गए हैं। उनके दोस्तों ने ही ट्रम्प को हाशिये पर धकेल दिया है। युद्ध के 34वें दिन डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने देशवासियों को 20 मिनट के सम्बोधन में जो कुछ भी कहा उसका अर्थ केवल यही निकलता है कि उन्होंने युद्ध के खिलाफ सड़कों पर उतरी अमेरिकी जनता को आश्वस्त करने की कोशिश की है कि 2-3 हफ्ते संकट के दिन रहेंगे, थोड़ा सा पेन होगा बाद में अमेरिका को काफी गेन होगा। ट्रम्प इस समय अपने ही देश?में पूरी तरह से घिरे हुए हैं। उनके खिलाफ नो किंग्स बैनर वाले विरोध प्रदर्शन किए गए हैं। अमेरिका के 50 राज्यों से 3500 से अधिक स्थानों पर करीब 80 लाख लोग सड़कों पर उतरे हैं और ट्रम्प का इस्तीफा मांग रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन ट्रम्प के अधिनायकवाद के खिलाफ है और ब्रिटेन यूरोप तक फैल गए हैं। युद्ध दूसरे महीने में प्रवेश कर गया है और एक माह के युद्ध में ही अमेरिका को करीब 40 हजार करोड़ का नुक्सान हो चुका है।

एक राजनीतिज्ञ के तौर पर ट्रम्प की पहली प्राथमिकता घरेलू राजनीति और अपना वोट बैंक है। अपने सम्बोधन में उन्होंने अपनी पीठ थपथपाते हुए जनता को भरोसा दिलाया है कि इस युद्ध का बोझ उन पर नहीं पड़ेगा। ट्रम्प की ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से तहस-नहस करने के बयान के गहरे अर्थ निकाले जा रहे हैं। इसका अर्थ यही है कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान में उसके परमाणु ठिकानों पर या तो भीषण हमले करेगा या फिर उसके संवर्द्धित यूरेनियम को हासिल करने के लिए जमीनी ऑपरेशन करेगा। ट्रम्प के संदेश से साफ है कि जंग अभी खत्म नहीं हुई बल्कि यह और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। अपने सम्बोधन में ट्रम्प ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर भी बड़ा बयान दिया है। उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि उन्हें होर्मुज स्ट्रेट की जरूरत नहीं है। उन्होंने अमेरिका का साथ नहीं देने वाले देशों को गद्दार तक कह डाला और दावा किया कि जैसे ही संघर्ष खत्म होगा होर्मुज अपने आप खुल जाएगा। पहले उन्होंने यह कहा था ?कि ईरान का तेल उनकी पहली पसंद है और वह ईरान के तेल भंडार वाले खार्ग द्वीप पर कब्जा करके उसकी कमर तोड़ देंगे लेकिन अब उन्होंने कहा है कि उनकी ईरान के तेल में कोई रुचि नहीं। वह ईरान के परमाणु हथियार हासिल करने की क्षमता को पूरी तरह से खत्म करना चाहते हैं। ऐसा लगता है कि युद्ध में अमेरिका और इजराइल के अपने-अपने गोल (लक्ष्य) हो गए हैं। यही कारण है कि ट्रम्प के लिए इस जंग से बाहर निकलने का कोई आसान रास्ता नजर नहीं आ रहा। अमेरिका और इजराइल न तो ईरान में सत्ता परिवर्तन करने में कामयाब हुए हैं और न ही ईरान की आक्रामकता को कम कर पाए हैं।

सवाल यह भी है कि ट्रम्प और नेतन्याहू की गुंडागर्दी को समूचा विश्व क्यों सहन करे। यूरोप, एशिया, अफ्रीका, लेटिन अमेरिका के देश इस युद्ध से प्रभावित हो रहे हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और अन्य अमेरिका के मित्र देश भी अब इस युद्ध से किनारा कर चुके हैं। होर्मुज स्ट्रेट पर ट्रम्प की बयानबाजी उनकी पराजय का ही संकेत मानी जा रही है। होर्मुज जलमार्ग पर ईरान का नियंत्रण खत्म करने में अमेरिका को भारी-भरकम नुक्सान होने की आशंका है। खाड़ी देशों में पहले अमेरिका की सैन्य मौजूदगी काफी मजबूत थी। आज खाड़ी क्षेत्र में स्थित अधिकांश अमेरिकी सैन्य अड्डे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। ईरान में अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या ने परमाणु बम के खिलाफ उनके फतवे को अमान्य कर दिया और वहां की संसद अब परमाणु अप्रसार संधि से हटने पर विचार कर रही है। इस जंग से पहले कच्चे तेल की कीमतें 80 डॉलर प्रति बैरल से कम थीं लेकिन अब ये कीमतें 114 डॉलर प्रति बैरल के आसपास घुमड़ रही हैं।

अगर ट्रम्प ईरान में ग्राउंड ऑपरेशन शुरू करते हैं तो युद्ध बहुत लम्बा चलने के आसार बन जाएंगे। जमीनी लड़ाई में आज तक अमेरिका न तो वियतनाम में जीत पाया न ही अफगानिस्तान में जीत पाया। ईरान के कब्रिस्तान बनाने के उनके इरादे अमेरिकी फौजियों के लिए भयानक साबित हो सकते हैं। पेंटागन ने भी ट्रम्प को जमीनी युद्ध के परिणामों के बारे में आगाह कर दिया है। ईरान की सेना अमेरिकी फौजियों को बंधक बना सकती है। ट्रम्प ने जिस गड्ढे में खुद को फंसा लिया है, अगर वह उसमें ज्यादा धंसे तो उनके बाहर निकलने का रास्ता नहीं बचेगा। बेहतर यही होगा कि यूरोपीय और नाटो देश एकजुट होकर ईरान से संवाद कायम करें और होर्मुज स्ट्रेट खुलवाने के लिए कूटनीति से काम लें। अन्यथा समूची दुनिया को बहुत नुक्सान होगा।

# संकल्प के साथ राष्ट्रीय समस्या नक्सलवाद का अंत

प्रमोद भार्गव

भारत में संकट बन चुकी राष्ट्रीय समस्याओं का समय-सीमा में अंत होना दुर्लभ है, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने यह कार्य करके दिखा दिया। गृहमंत्री अमित शाह लगातार कहते रहे हैं कि माओवादी नक्सलवाद का अंत 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाएगा। उन्होंने यह करके दिखा भी दिया। वरना नक्सलवाद को संरक्षण दे रहे नगरीय तथाकथित बौद्धिक इस सशस्त्र खूनी क्रांति को राष्ट्र विरोधी संघर्ष मानते ही नहीं थे। बस्तर में 25 लाख के इनामी नक्सली सरगना पापा राव ने अपने 17 साथियों के साथ जिस तरह से हथियारों सहित समर्पण किया, उससे देश के सबसे बड़े गढ़ में माओवादी हिंसा का निर्णायक अंत हो गया। क्योंकि इस क्षेत्र का यही अंतिम सरगना शेष बचा था। नक्सलवाद का अंत ठीक उसी तरह हुआ है, जिस तरह प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव के कार्यकाल में पंजाब के उग्रवाद का अंत हुआ था। इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छा शक्ति को जाता है। अब पूरा देश मान रहा हैं कि भारत में राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ हो तो किसी भी समस्या का निपटारा किया जा सकता है। क्योंकि देश की जिस तरह की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियां हैं और सषक्त प्रशासनिक ढांचा है, उसके चलते किसी भी प्रकार की सशस्त्र क्रांति का उग्रवाद और नक्सलवाद की तरह अंत होना निश्चित है। कश्मीर का पाक प्रायोजित आतंकवाद का भी यही हश्र होना है।

छत्तीसगढ और आंध्रप्रदेश की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता तब मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। यह कुख्यात दरिंदा होने के साथ गुरिल्ला लड़ाका था। माओवादी पार्टी का इसे पर्याय माना जाता था। इसका नक्सली सफर 1985 से शुरू हुआ था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी।

नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। लेकिन चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है। इसलिए अमित शाह ने लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' मुद्दे पर चली चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि 'एक समय 12 राज्य लाल आतंक का गलियारा बन गए थे। कानून व्यवस्था नहीं थी। देश में अब नक्सलवाद खत्म हो गया है।' शाह ने बताया कि इस दौरान 706 नक्सली मारे गए, 4800 ने समर्पण किया हैं और 2000 गिरफ्तार हुए हैं। इस समस्या के परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस को घेरते हुए शाह ने कहा, '75 साल में 60 साल कांग्रेस ने राज किया। लेकिन उसने आदिवासियों को न घर दिए, न पानी न स्कूल बनाए और न ही बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाई।% शाह का यह बयान तर्कसंगत है, क्योंकि शहरी वामपंथियों से भयभीत कांग्रेस नेतृत्व नक्सलवाद को कश्मीर के आतंकवाद और पूर्वोत्तर के उग्रवाद की तरह बड़ी चुनौती तो मानती थी, लेकिन उससे निपटने की कभी कोई कठोर रणनीति नहीं बनाई। यही कारण रहा कि छत्तीसगढ़ के जगदलपुर इलाके में नक्सली आतंक बेखौफ फलता-फूलता रहा।

इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र को कमजोर करने की दृष्टि से सरकार ने बहुआयामी कदम उठाएं। सबसे पहले उन नगरीय बौद्धिकों पर शिकंजा कसा, जो इन्हें राष्ट्रविरोधी वामपंथी वैचारिक खुराक देते थे। केंद्र सरकार ने सुरक्षाबलों को आधुनिक हथियार एवं यांत्रिक सुविधाएं देकर इन्हें सशक्त बनाया। कुछ कानून शिथिल करके नक्सलवाद को खत्म करने का अभियान छेड़ दिया। इसका परिणाम निकला कि एक के बाद एक खून की इबारत लिखने वाले नक्सली मारे जाने लगे। जो नक्सली समर्पण के लिए तैयार हुए उन्हें समर्पण का अवसर और समझौते में बताई गई शर्तों पालन करने का भरोसा दिया। नतीजतन इसके पहले तक गुप्तचर एजेंसियां नक्सलियों का सुराग लगाने में असफल रहती थीं, उन्हें नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद भरोसे की सूचनाएं मिलने लगीं। इस रणनीति के बाद से सैन्यबलों को सटीक सूचनाएं मिलीं और वे नक्सलियों को निशाना बनाने में लगातार कामयाब होने लगे।

छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनका कार्यक्षेत्र वह आदिवासी बहुल इलाके हैं, जिनमें ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर एजेंसियों को खबर देने लगे। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों में छिपने के स्थलों और जल स्रोतों से भी ये खूब परिचित थे। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही है। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की रक्तरंजित मुहिम जारी रखनी है। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं। लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए थे, उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में असफल रहीं। सल, देश में अब तक तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। यह न केवल उनको वैचारिक खुराक देकर उन्हें उकसाने का काम करता था, बल्कि उनके लिए धन और हथियार जुटाने के माध्यम भी खोले हुए था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की थी और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते थे। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता था, उसकी बोलती बंद कर दी जाती थी। हालांकि तत्काल तो इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगता दिखाई दे रहा है, लेकिन सरकार को ध्यान रखना होगा कि नक्सलियों के जो भी नगरीय बौद्धिक समर्थक हैं, उनके तार देश-विदेश में उन नक्सल समर्थक वामपंथियों से जुड़े हैं, जो माओवादियों को वैचारिक खुराक, धन और हथियार उपलब्ध कराते रहे हैं। सरकार की सतर्कता कम होती दिखाई देगी तो ये वामपंथी हताश एवं निराश माओवादियों को सिर उठाने के संसाधन फिर से देने लग जाएंगे।

**लेखक- वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार**

# बुल्गारिया होर्मुज को खुलवाने के लिए सैन्य अभियान में भाग नहीं लेगा: नादेदा नेंस्की

सोफिया, (वार्ता)

बुल्गारिया की विदेश मंत्री नादेदा नेंस्की ने कहा है कि उनका देश होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की मुक्त आवाजाही बहाल करने के उद्देश्य से किसी भी सैन्य अभियान में भाग नहीं लेगा।

बुल्गारिया की समाचार एजेंसी बीटीए की रिपोर्ट में कहा गया है कि मंत्री ने यह बयान गुरुवार को ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर द्वारा आयोजित एक संयुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान दिया।

वहीं दूसरी ओर, नीदरलैंड के विदेश मंत्री टॉम बेरेंडसन ने कहा कि नीदरलैंड शत्रुता समाप्त होने के बाद जलडमरूमध्य में मुक्त नौवहन बहाल करने के लिए सैन्य योगदान देने के लिए तैयार है।

स्थानीय समाचार पत्र अल्जीमीन डैगब्लैड ने श्री बेरेंडसन के हवाले से कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित नौवहन का इतना अधिक महत्व है कि जब दूसरे इस मुद्दे को सुलझा रहे हों, तब हम मूकदर्शक बनकर नहीं रहेंगे। हम अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के कई स्थानों पर हमले किए थे। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब सहित पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया।

ईरान के आसपास बढ़ते तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी नाकेबंदी हो गई है। यह फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार में तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति के लिए एक प्रमुख मार्ग है। इसके बंद होने के कारण वैश्विक बाजार में ऊर्जा की कीमतों में भारी उछाल आया है।


# ट्रंप से नहीं हो पा रहा, खुद ही समाप्त करो युद्ध, ईरान के पूर्व विदेश मंत्री ने दी सलाह

नई दिल्ली

मिडिल-ईस्ट में जारी युद्ध बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। ईरान बनाम अमेरिका-इजरायल कोई भी देश सीजफायर के लिए तैयार नहीं है। अमेरिका-इजरायल ईरान पर तो ईरान इजरायल समेत खाड़ी देशों को लगातार निशाना बना रहा है।

इस बीच ईरान के पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद जवाद जरीफ ने ईरानी शासन को सलाह ही है कि ट्रंप से न हो पा रहा है तो आप खुद ही जंग रोक लो और ट्रंप को उन्हीं की भाषा में जवाब दे दो। मोहम्मद जवाद ने कहा कि ईरान को खुद को विजेता घोषित कर लड़ाई रोक देनी चाहिए, ताकि आगे के टकराव को रोका जा सके।

दरअसल, अमेरिका स्थित फॉरेन अफेयर्स में छपी एक लेख के अनुसार, ईरान के पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद जवाद जरीफ



मिडिल ईस्ट में जारी लड़ाई को लेकर कहा कि यह रणनीति न केवल मौजूदा संघर्ष को खत्म कर सकती है, बल्कि क्षेत्र में स्थिरता लाने में भी मददगार हो सकती है।

जावेद जरीफ ने ईरानी शासन से अपील की है कि ईरान को खुद को विजेता घोषित करते हुए डील कर लेना चाहिए और खुद अपनी ओर से सीजफायर का एलान कर देना चाहिए। ईरान का यह फैसला ट्रंप के खिलाफ मास्टरस्ट्रोक साबित हो सकता है।

जावेद जरीफ ने एक्स पर लिखा, एक ईरानी के तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की लापरवाह आक्रामकता और भद्दी अपमानजनक बातों से बेहद नाराज हैं, लेकिन साथ ही अपनी सेना और अपने जुझारू लोगों पर गर्व भी करता हूं। मैं फॉरेन अफेयर्स में इस शांति-योजना को प्रकाशित करने को लेकर दुविधा में हूं। फिर भी, मुझे पूरा यकीन है कि युद्ध का अंत ऐसी शर्तों पर ही होना चाहिए जो ईरान के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप हों।

### अमेरिका-इजरायल बनाम ईरान युद्ध का 35वां दिन

गौरतलब है कि ईरान के पूर्व विदेश मंत्री जावेद जरीफ कई सालों तक ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका और दूसरे देशों के साथ बातचीत में ईरान का प्रमुख चेहरा रहे थे। आज ईरान बनाम अमेरिका-इजरायल जंग के 35 दिन हो चुके हैं, इसके बावजूद हमले रूकने के नाम नहीं ले रहे हैं। सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के अनेक दावे फेल हो रहे हैं।

इस बीच जावेद जरीफ ने ईरानी शासन से खुद को विजेता घोषित कर लड़ाई रोकने की सलाह दी है।

# ईरान ने दो उन्नत अमेरिकी जेट विमानों को मार गिराने का दावा किया

तेहरान, (वार्ता)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान की हवाई रक्षा प्रणाली के नष्ट करने के दावों के बावजूद, ईरानी सेना ने शुक्रवार को दो उन्नत अमेरिकी लड़ाकू विमानों को मार गिराने की बात कही है। जिनमें दूसरा एफ-35 विमान भी शामिल है।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने इन हमलों की पुष्टि की है। एक बयान में, आईआरजीसी ने कहा कि उसकी नव विकसित हवाई रक्षा प्रणालियों ने मध्य ईरान में एक स्टील्थ एफ-35 लड़ाकू विमान को सफलतापूर्वक निशाना बनाकर मार गिराया है।

आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिकी वायु सेना के लेकनहीथ स्क्वाड्रन से संबंधित यह विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया और पायलट के बारे में अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।

आईआरजीसी ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणाली के पूर्ण विनाश के बारे में ट्रम्प के दावे को झूठा दावा बताया है।

इस बयान में ईरान के एकीकृत हवाई रक्षा नेटवर्क की निरंतर प्रभावशीलता पर जोर देते हुए कहा गया, अमेरिकी राष्ट्रपति के झूठे दावे के बाद, कुछ ही क्षण पहले क़ेशम द्वीप के दक्षिण में आईआरजीसी नौसेना की आधुनिक उन्नत हवाई रक्षा प्रणाली ने शत्रु के उन्नत लड़ाकू विमानों को मार गिराया है।

ईरानी मीडिया के अनुसार, यह कार्रवाई अमेरिकी सेना के लिए हाल ही में बड़ा झटका है।

ईरानी मीडिया ने बताया है कि युद्ध की शुरुआत के बाद से, ईरान ने दो एफ-35, एक एफ-18, दो एफ-16 और चार एफ-15 सहित कई उन्नत अमेरिकी विमानों को मार गिराया है।

# मोतिहारी में जहरीली शराब से नागरिकों की मौत शराबबंदी कानून की खामियों को उजागर करती है : तेजस्वी

पटना, (वार्ता)

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को मोतिहारी में जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत और छह लोगों के अंधे होने पर दुख जताया और कहा कि ऐसी घटनाएं प्रदेश में शराबबंदी कानून की खामियों को उजागर करती हैं।

श्री यादव ने कहा कि इस घटना में मरने और आंखों की रोशनी खोने वालों के अलावा बहुत से लोगों की हालत गम्भीर है। उन्होंने कहा कि ऐसी दुखद घटनाओं के लिए सरकार की संवेदनहीनता जिम्मेदार है।

उन्होंने कहा कि इस घटना ने एक बार फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की विफलताओं और शराबबंदी कानून की गंभीर खामियों को उजागर किया है।



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ऐसा पहली बार नही हुआ है। उन्होंने कहा कि उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार शराबबंदी लागू होने के बाद से अब तक बिहार में जहरीली शराब से 1300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यह केवल सरकारी आंकड़ा है, हकीकत में यह संख्या इससे कहीं अधिक है। इतना ही नहीं, काफी संख्या में लोग अपनी आंखों की रोशनी भी खो चुके हैं।


श्री यादव ने कहा कि शराबबंदी कानून का मूल उद्देश्य अब पूरी तरह भटक चुका है। यह कानून सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के कुछ नेताओं, भ्रष्ट अधिकारियों और उनके संरक्षण में पल रहे शराब माफियाओं एवं भ्रष्ट तंत्र के लिए कमाई का जरिया बन गया है। राजद नेता ने कहा कि बिहार में खुलेआम जहरीली शराब बन रही है, धड़ल्ले से पुलिस की मिलीभगत से बेची जा रही है और घर-घर होम डिलीवरी हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की नाक के नीचे यह सब चल रहा है और इसकी कीमत बिहार के गरीब और आम लोग अपनी जान देकर चुका रहे हैं।

# ट्रंप ने ईरान के सबसे बड़े पुल को किया ध्वस्त, ऐसे और हमलों की दी चेतावनी

वाशिंगटन, (वार्ता)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार रात ईरान के सबसे बड़े पुल को नष्ट करने की घोषणा की और तेहरान से कहा कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए वह समझौता कर ले।

उन्होंने चेतावनी दी कि इससे पहले और भी बहुत कुछ होगा और जो कुछ अभी भी ईरान एक महान देश बनने की क्षमता रखता है उसका कुछ भी शेष नहीं बचेगा।



श्री ट्रंप ने हमले का एक वीडियो भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया। हालांकि श्री ट्रंप ने कोई और जानकारी नहीं दी लेकिन ईरानी अधिकारियों ने बताया कि हमले में कम से कम दो लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए।

तेहरान से लगभग 40 किलोमीटर पश्चिम में स्थित कराज शहर में स्थित पुल (बी1 पुल), जिसे तेहरान-कराज पुल के नाम से भी जाना जाता है, पर अमेरिकी और इजरायली वायु सेना ने हमला किया। ईरानी मीडिया एवं अधिकारियों ने इसे पश्चिम एशिया का सबसे ऊंचा पुल करार दिया।

यह पुल तेहरान और करज के बीच यात्रा के समय को एक घंटे से घटाकर लगभग 10 मिनट करने के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन लिंक के रूप में बनाया गया था।

यह पुल एक ऐतिहासिक अवसंरचना परियोजना थी जो हमले के समय लगभग पूरी होने वाली थी और पुल का निर्माण कार्य जारी था।

यह हमला ईरानी अवसंरचना को निशाना बनाने वाले एक व्यापक अभियान का हिस्सा है जिसमें इस्पात संयंत्रों, बिजली सबस्टेशनों और दवा कारखानों पर हमले भी शामिल हैं।

# ईरान के खिलाफ युद्ध के प्रति इजरायल में जनसमर्थन में आयी गिरावट: सर्वेक्षण

तेल अवीव, (वार्ता)

ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने को लेकर इजरायली जनता के समर्थन में झलगातार गिरावट आयी है। एक नये सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है।

तेल अवीव विश्वविद्यालय से संबद्ध थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल सि क्योरिटी स्टडीज (आईएनएसएस) द्वारा गुरुवार को जारी सर्वेक्षण के अनुसार, ईरानी शासन को उखाड़ फेंकने तक अभियान जारी रखने के लिए सार्वजनिक समर्थन कम होता जा रहा है। सैन्य अभियान के शुरुआती दिनों में जहां 69 प्रतिशत उत्तरदाताओं का अनुमान था कि शासन को भारी नुकसान होगा, वहीं आज केवल 43.5 प्रतिशत ऐसा सोचते हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है, ईरान में अभियान के परिणामों और इसे समाप्त करने के उद्देश्य के संबंध में सार्वजनिक दृष्टिकोण अब बदल रहा है। जनता अब ईरान के परमाणु प्रोजेक्ट, मिसाइल शस्त्रागार और अयातुल्ला शासन को होने वाले संभावित नुकसान के आकलन में अधिक सतर्क है।



इसी तरह, ईरान के परमाणु प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचने की उम्मीद भी शुरुआती 62.5 प्रतिशत से गिरकरअब 48 प्रतिशत रह गयी है। बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता को भारी नुकसान पहुंचने का अनुमान लगाने वालों की संख्या भी 73 प्रतिशत से घटकर 58.5 प्रतिशत हो गयी है। शासन को उखाड़ फेंकने तक युद्ध जारी रखने का समर्थन भी शुरुआती दिनों के 63 प्रतिशत से घटकर अब 45.5 प्रतिशत पर आ गया है। उत्तरी मोर्चे पर, जनता इस सवाल पर बंटी हुई है कि क्या हिजबुल्लाह को निहत्था किया जा सकता है। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) पर जनता का भरोसा 77 प्रतिशत के साथ ऊंचा बना हुआ है, जबकि सरकार पर भरोसा केवल 30 प्रतिशत है, जिसमें गहरा राजनीतिक ध्रुवीकरण देखा जा रहा है। इसके अलावा, 63 प्रतिशत यहूदी आबादी का मानना है कि सेना प्रमुख की यह चेतावनी सही थी कि और सैनिकों की भर्ती किये बिना विभिन्न मोर्चों पर आईडीएफ को सौंपे गये मिशन सेना को भीतर से ध्वस्त कर सकते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर केवल 36 प्रतिशत इजरायली जनता का उच भरोसा है, जबकि 62 प्रतिशत लोग उन पर कम भरोसा रखते हैं।

# राजग सरकार में लोग मंहगाई से त्रस्त : राजद

समस्तीपुर, (वार्ता)

बिहार विधानसभा लोक लेखा समिति के सभापति एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक भाई वीरेंद्र ने शुक्रवार को आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शासनकाल में देश एवं राय की जनता मंहगाई की मार से त्रस्त है।

राजद विधायक भाई बीरेंद्र ने आज समस्तीपुर परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार समेत देश में पेट्रोलियम पदार्थों की कमी के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज लोगों को समय पर गैस सिलेंडर तथा पेट्रोल एवं डीजल नहीं मिल रहा है द्य गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में कानून व्यवस्था भी पूरी तरह से चरमरा गई है। अपराधियों के हौंसले बुलंद है।

राजद नेता ने कहा कि समस्तीपुर समेत राय मे हत्या एवं लूट की घटनाएं हो रही है और सरकार आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने मे विफल है।

# ईरान के हमले में प्रिंस सुल्तान हवाईअड्डे पर मौजूद अमरीकी रडार को नुकसान

**वॉशिंगटन, (वार्ता)।** ईरान के सऊदी अरब में प्रिंस सुल्तान हवाईअड्डे पर किए गए हमले में अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस के एक रडार एएन/टीपीवाई-2 को नुकसान पहुंचा है। सीएनएन ने सैटेलाइट चित्र का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। यह रडार, प्रिंस सुल्तान हवाईअड्डे पर कई चलने वाले ट्रेलरों के बीच बंटा हुआ है, अभी खुले में है। एंटीना जला हुआ लगता है और उसका एक बड़ा हिस्सा गायब है। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इज़रायल ने तेहरान समेत ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ।

# बंगलादेश में खसरे के प्रकोप से बढ़ रहे बच्चों की मौत के मामले

ढाका, (वार्ता)

बांगलादेश में खसरे का प्रकोप तेजी से बढ़ने से अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। देश के हर जिले में यह संक्रमण फैल चुका है और बचों की मौत के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल अब तक कम से कम 42 बचों की जान जा चुकी है। अगर जिला और निजी अस्पतालों के आंकड़े जोड़ें, तो यह संख्या 46 या उससे भी यादा हो सकती है। पिछले 24 घंटों में ही संक्रमण के 685 नए मामले सामने आए हैं और चार बचों की मौत हुई है।

स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि यह बीमारी अब दूर-दराज के इलाकों तक पहुंच गई है, जिससे अस्पतालों पर बोझ बढ़ गया है। अकेले महाखाली के अस्पताल में 21 बचों की मौत हुई है। सबसे चिंता की बात यह है कि संक्रमित होने वाले यादातर बचे नौ महीने से कम उम्र के हैं, जिन्हें आमतौर पर टीका नहीं लगा होता। खतरे को देखते हुए कई माता-पिता ने बचों को स्कूल या डे-केयर भेजना बंद कर दिया है। हालांकि, स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि जिन बचों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है।

डॉक्टरों के अनुसार, चार महीने तक के बचों में भी खसरा देखा जा रहा है, जो कि काफी असामान्य है। वर्ष 2025 में बंगलादेश में करीब 44 प्रतिशत बचे टीकाकरण के दायरे से बाहर रह गए थे, जिस कारण स्थिति गंभीर हुई है। अब सरकार ने हालात पर काबू पाने के लिए छह महीने से 10 साल तक के बचों के लिए विशेष आपातकालीन टीकाकरण अभियान शुरू करने का फैसला किया है।

# हार्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से लाखों बुनकरों के सामने रोजी-रोटी का संकट

भदोही, (वार्ता)

पश्चिम एशिया में जारी जंग के कारण हार्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद होने से कालीन जैसे हस्त परक उद्योग से जुड़े लाखों बुनकरों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) के उपाध्यक्ष असलम महबूब ने शुक्रवार को यहां बताया कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर अब वैश्विक अर्थव्यवस्था पर कैंसर की तरह प्रभाव डाल रहा है। हार्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद होने से परिवहन शुक्ल कई गुना बढ़ने से कालीनों के उत्पादन कास्ट पर विपरीत असर देखा जा रहा है। रास्ता अवरूद्ध होने से न्यूजीलैंड जैसे देशों से कालीन निर्माण में प्रयुक्त होने वाले ऊल की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। अमेरिका भारतीय कालीनों का सबसे बड़ा आयातक देश है, जहां भारतीय कालीनों के सकल उत्पाद का 50 से 60 फीसद अकेले अमेरिका को होता रहा है। युद्ध के कारण अमेरिका में जबरदस्त मंदी का असर पड़ने की बातें मीडिया की सुर्खि़यों में हैं जिससे वहां के लोग भी अब विलासिता से जुड़े कालीन की खरीदारी के बजाय अपने घरेलू उपयोग की दैनिक वस्तुओं को प्रथमिकता दे रहे हैं।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# 64 वर्ष की हुयी जया प्रदा

बॉलीवुड अभिनेत्री जया प्रदा आज 64 वर्ष की हो गयी। जया प्रदा का मूल नाम ललिता रानी है। उनका जन्म आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव राजमुंदरी में 03 अप्रेल 1962 को एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। उनके पिता कृष्णा तेलूगु फिल्मों के वितरक थे। बचपन से ही जयाप्रदा का रूझान नृत्य की ओर था। उनकी मां नीलावनी ने नृत्य के प्रति उनके बढ़ते रूझान को देख लिया और उन्हें नृत्य सीखने के लिए दाखिला दिला दिया। चौदह वर्ष की उम्र में जयाप्रदा को अपने स्कूल में नृत्य कार्यक्रम पेश करने का मौका मिला। जिसे देखकर एक फिल्म निर्देशक उनसे काफी प्रभावित हुए और अपनी फिल्म भूमिकोसम में उनसे नृत्य करने की पेशकश की लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। बाद में अपने माता-पिता के जोर देने पर जयाप्रदा ने फिल्म में नृत्य करना स्वीकार कर लिया ।इस फिल्म के लिए जयाप्रदा को पारश्रमिक के रूप में महज 10 रुपए प्राप्त हुए लेकिन उनके तीन मिनट के नृत्य को देखकर दक्षिण भारत के कई फिल्म निर्माता –निर्देशक काफी प्रभावित हुये और उनसे अपनी फिल्मों में काम करने की पेशकश की जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। वर्ष 1976 जयाप्रदा के सिने करियर का महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उन्होंने के. बालचंद्रन की अंथुलेनी कथा के. विश्वनाथ की श्री श्री मुभा और वृहत पैमाने पर बनी एक धार्मिक फिल्म सीता कल्याणम में सीता की भूमिका निभाई। इन फिल्मों की सफलता के बाद जयाप्रदा दक्षिण भारत में अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गई ।वर्ष 1977 में जयाप्रदा के सिने कैरियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म आदावी रामाडु प्रदर्शित हुयी। जिसने टिकट खिड़की पर नए कीर्तिमान स्थापित किए। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेता एन.टी. रामाराव के साथ काम किया और शोहरत की बुलंदियों पर जा पहुंचीं।



वर्ष 1979 में के. विश्वनाथ की श्री श्री मुवा की हिंदी में रिमेक फिल्म सरगम के जरिये जयाप्रदा ने हिंदी फिल्म जगत में भी कदम रखा। इस फिल्म की सफलता के बाद वह रातों रात हिंदी सिनेमा जगत में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गई और अपने दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित भी की गई ।सरगम की सफलता के बाद जयाप्रदा ने लोक परलोक, टक्कर, टैक्सी ड्राइवर और प्यारा तराना जैसी कई दोयम दर्जे की फिल्मों में काम किया लेकिन इनमें से कोई फिल्म टिकट खिड़की पर सफल नहीं हुयी। इस बीच जयाप्रदा ने दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम करना जारी रखा। हिंदी फिल्मों में सफल होने के बावजूद जयाप्रदा ने दक्षिण भारतीय सिनेमा से भी अपना सामंजस्य बिठाए रखा। वर्ष 1986 में उन्होंने फिल्म निर्माता श्रीकांत नाहटा के साथ शादी कर ली। लेकिन फिल्मों मे काम करना जारी रखा। इस दौरान उनकी घराना, ऐलाने जंग, मजबूर और शहजादे जैसी फिल्में प्रदर्शित हुई जिनमें जया प्रदा के अभिनय के विविध रूप दर्शकों को देखने को मिले ।वर्ष 1992 में प्रदर्शित फिल्म मां जया प्रदा के सिने कैरियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में एक है। इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसी मां के किरदार निभाया जो अपनी असमय मौत के बाद अपने बचे को दुश्मनों से बचाती है। अपने इस किरदार को उन्होंने भावपूर्ण तरीके से निभाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।जयाप्रदा के सिने कैरियर में उनकी जोड़ी जितेन्द्र और अमिताभ बचन के साथ काफी पसंद की गयी। जया प्रदा ने अपने चार दशक से अधिक लंबे सिने करियर में 200 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है। जयाप्रदा ने हिंदी फिल्मों के अलावा तेलुगु, तमिल, मराठी, बंग्ला, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है।

# रितेश देशमुख का सपना था कि वह शिवाजी महाराज पर फिल्म बनाएं :अभिषेक बचन

बॉलीवुड स्टार अभिषेक बचन ने बताया कि यह रितेश देशमुख का सपना था कि वह शिवाजी महाराज पर फिल्म बनाएं ।जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी की फिल्म 'राजा शिवाजी' में रितेश देशमुख और अभिषेक बचन पहली बार साथ नजर आएंगे। यह फिल्म अभिषेक बचन के लिए खास है क्योंकि यह उनकी पहली मराठी फिल्म है। इसमें वह योद्धा संभाजी शाहाजी राजे भोसले का किरदार निभा रहे हैं, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े भाई थे ।हाल ही में फिल्म का पहला टीज़र रिलीज हुआ, जिसमें अभिषेक बचन एक दमदार और अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। वह योद्धा के रूप में युद्ध के मैदान में दिखाई देते हैं और अपने भाई शिवाजी महाराज के साथ उनके रिश्ते को भी दिखाया गया है। अभिषेक बचन ने बताया कि यह रितेश देशमुख का सपना था कि वह शिवाजी महाराज पर फिल्म बनाएं। उन्होंने कहा कि उनकी और रितेश की दोस्ती करीब 25 साल पुरानी है, जब वे लातूर में फिल्म 'जमीन' की शूटिंग कर रहे थे। वहीं से दोनों की दोस्ती शुरू हुई और बाद में कई फिल्मों में साथ काम किया ।उन्होंने बताया कि एक बार रितेश ने अपने घर पर उन्हें बताया था कि वह सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि डायरेक्शन में भी कुछ बड़ा करना चाहते हैं और शिवाजी महाराज पर फिल्म बनाना उनका सपना है। अभिषेक ने कहा कि फिल्म का टीज़र लोगों को काफी पसंद आ रहा है और उन्हें अछा रिस्पॉन्स मिल रहा है। उन्होंने रितेश की तारीफ करते हुए कहा कि यह अब तक की सबसे बड़ी मराठी फिल्मों में से एक हो सकती है।



# अली अब्बास जफर ने वायआरएफ के साथ अपनी अगली एक्शन-रोमांस फिल्म की शुरुआत का किया ऐलान

फिल्ममेकर अली अब्बास जफर ने सोशल मीडिया पर अपने आगामी अनटाइटल्ड यश राज फिल्म्स (वायआरएफ) प्रोजेक्ट की पहली झलक साझा की, जिसमें दर्शकों को अहान पांडे की दमदार और इंटेंस मौजूदगी देखने को मिली। इस तस्वीर में अहान की पैनी नजरों के साथ एक क्लासिक क्लैपबोर्ड दिखाई दे रहा है, जो हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस से पहले उनके रोमांटिक हीरो अवतार की झलक देता है। यह वायआरएफ प्रोजेक्ट पहले से ही चर्चा में है, जिसमें शर्वरी , ऐश्वर्य ठाकरे और बॉबी देओल जैसे दमदार कलाकार शामिल हैं। बड़े पैमाने पर स्टाइलिश एंटरटेनर देने के लिए मशहूर अली अब्बास जफर से उम्मीद की जा रही है कि वह इस महत्वाकांक्षी फिल्म में अपनी खास पहचान छोड़ेंगे, जो इसे एक्शन-रोमांस जॉनर में एक मजबूत पेशकश बनाएगी। हालांकि फिल्म की कहानी से जुड़ी जानकारी अभी पूरी तरह गोपनीय रखी गई है, लेकिन इस शुरुआती झलक ने दर्शकों की उत्सुकता को काफी बढ़ा दिया है।





# हनुमान जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गई, भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गई






नरसिंहपुर।

बल,बुद्धि और मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाले श्री राम भक्त श्री हनुमान जन्मोत्सव नगर में हर्षोउल्लास ओर श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया।

नगर के धार्मिक स्थलों व श्री हनुमान मंदिरों में जन्मोत्सव विशेष तैयारियां की गयी थी।जन्मोत्सव दिवस पर विविध पूर्जन अर्जन के साथ रामायण पाठ, सुदरकाण्ड पाठ, हनुमान चालीस,हवन-पूर्जन, अभिषेक, उपवास, महाआरती, चोला वंदन,भंडारा,प्रसाद वितरण अन्य धार्मिक कार्यक्रम किये गये। इस अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी, जो नगर के मुख्य मागों में भ्रमण कर निकाली गई। मुख्य रूप से गुदरी स्थित हनुमान मंदिर,कृष्ण व राममंदिर,बाबा घाट कृष्णा वार्ड में पंचमुखी हनुमान मंदिर, स्टेशन चौकी स्थित हनुमान मंदिर, गया दत्त वार्ड में राम मंदिर स्थित हनुमान मंदिर,रौंसरा हनुमान मंदिर,सिद्ध के झिरना हनुमान मंदिर,बरगी रेल्वे फाटक हनुमान मंदिर,चरहाई हनुमान मंदिर,इंद्रा वार्ड में हनुमान मंदिर,नगरपालिका चौरहा हनुमान मंदिर,सिविल कोर्ट,तहसील परिसर,सिंचाई कालोनी,थाना प्रागंण स्थित,पीएचई कार्यालय ,वनविभाग,अनगढ़ मंदिर,बड़ेपूल के पास,नरसिंह वार्ड स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर,नृसिंह मंदिर, झिरना स्थित,सदर मढ़िया,जरजोला रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर जी में सुबह से लेकर देर रात्रि तक भक्तों का तांता लगा रहा।

## पंचायत मंत्री प्रहलाद पटैल ने की पूजा-अर्चना

म.प्र.सरकार के केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटैल ने अनगढ मंदिर पहुंच कर श्री हनुमान जी की पूजा- अर्जन किया। इस अवसर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल,जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक सहित अन्य भक्त जन उपस्थित रहे।

## केज कल्चर लगाने के लिए शासन से मिलेगा 40 से 60 प्रतिशत तक अनुदान

### मत्स्यपालन के लिए केज कल्चर लगाने 20 अप्रैल तक आवेदन

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग द्वारा च्मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026च्च लागू कर दी गई है। मंत्रालय भोपाल से जारी आदेश के अनुसार राज्य में हितग्राही मूलक योजना च्केज कल्चरज्ज के अंतर्गत कुल 10 हजार केज स्थापित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नीति के अनुसार 100 से 1000 हेक्टेयर तक के चयनित जलाशयों में योजना का संचालन मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग द्वारा किया जाएगा, जबकि 1000 हेक्टेयर से बड़े जलाशयों में इसका क्रियान्वयन मत्स्य महासंघ के माध्यम से किया जाएगा। योजना के तहत प्रति हितग्राही अधिकतम 18 केज तथा प्रति समिति या संस्था को अधिकतम 72 केज आवंटित किए जा सकेंगे। इस योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के परंपरागत मछुआरे, स्व-सहायता समूह तथा मत्स्य सहकारी समितियां पात्र होंगी। सहायक संचालक मत्स्योद्योग सुश्री पूजा रोडगे ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (क्करूस्स्ङ्घ) के अंतर्गत स्थापित होने वाले इन केजों पर अनुदान का प्रावधान भी किया गया है। इसके तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सभी वर्ग की महिलाओं को प्रति केज इकाई लागत 3 लाख रुपए पर 60 प्रतिशत (1.80 लाख रुपए) तथा सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुषों को 40 प्रतिशत (1.20 लाख रुपए) अनुदान प्रदान किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं चयन कलेक्टर द्वारा गठित समिति के माध्यम से किया जाएगा तथा केज का आवंटन लॉटरी पद्धति से होगा। बालाघाट जिले के इच्छुक मछुवारे एवं मछुआ समिति केज कल्चर लगाने के लिए कार्यालय उप संचालक मत्स्योद्योग, बालाघाट में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। यह योजना प्रदेश में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने एवं मछुआरों की आय में वृद्धि करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## खाई में गिरने की दो घटनाओं में तीन आदिवासी युवकों की मौत, दो घायल

**बड़वानी (वार्ता)।** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में खाई में गिरने की दो अलग-अलग घटनाओं में तीन आदिवासी युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार पहली घटना पाटी थाना क्षेत्र के गोलगांव के पास बिलियापानी घाट पर हुई, जहां एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। पाटी थाना प्रभारी रामदास यादव ने बताया कि वाहन बड़वानी से सेमलेट लौट रहा था और प्रारंभिक जांच में चालक को नींद आने अथवा नियंत्रण खोने को हादसे का कारण माना जा रहा है। हादसे में सकरिया (42) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक एवं वाहन मालिक इकराम (32) ने पाटी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं बियालाल और भांगा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बड़वानी रेफर किया गया है। सभी घायल और मृतक सेमलेट गांव के निवासी बताए गए हैं, जो एक बीमार परिजन को अस्पताल लाने के बाद लौट रहे थे। दूसरी घटना सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र के मोरदड़ गांव में हुई, जहां शांतिलाल की खाई में गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार वह हाल ही में ट्रैक्टर और कृषि उपकरण खरीदकर मंदिर दर्शन के लिए गया था और लौटते समय संतुलन बिगड़ने से वाहन सहित खाई में गिर गया।

## बैतूल ट्रैक्टर ठगी करने वाला अंतर्राज्यीय गिरोह पकड़ा, दो गिरफ्तार

**बैतूल (वार्ता)।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में किसानों को झांसा देकर उनके ट्रैक्टर हड़पने और महाराष्ट्र में बेचने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 26 लाख रुपये मूल्य के चार ट्रैक्टर भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी और एसडीओपी भैंसदेही भूपेन्द्र सिंह मौर्य के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने आरोपियों को पकड़ा। मामले की शुरुआत 7 फरवरी 2026 को हुई, जब किसानों ने भैंसदेही थाने में शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी ट्रैक्टर को महाराष्ट्र में चलाने का झांसा देकर ले गए और बाद में उन्हें बेच दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने राजेश विजयकर (43) निवासी कौडीढाना, भैंसदेही तथा योगेश पाटिल उर्फ उमेश खरण (45) निवासी जिला अमरावती (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## उमरिया में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - जिले में लगातार बढ़ रही महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं बिजली दरों में वृद्धि तथा रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत के विरोध में गत दिवस शुक्रवार 3 अप्रैल को नगर के मध्य गांधी चौक उमरिया में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी विजय कोल के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष इंजी विजय कोल ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए कहा कि आम जनता महंगाई की मार से त्रस्त है। पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने परिवहन खर्च बढ़ा दिया है, जिससे दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम भी आसमान छू रहे हैं। वहीं बिजली दरों में वृद्धि से आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। इसके साथ ही रसोई गैस सिलेंडर की कमी और बढ़ती कीमतों ने गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों की रसोई का बजट बिगाड़




दिया है।प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर उमरिया को सौंपा। ज्ञापन में पेट्रोल-डीजल एवं बिजली दरों में तत्काल कमी करने, गैस सिलेंडर की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा आम जनता को राहत प्रदान करने की मांग की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान नहीं करती है, तो कांग्रेस पार्टी जनहित में और भी व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। कार्यक्रम में संजय अग्रवाल, प्रदीप तिवारी, असलम शेर, अनुराग सिंह अम्बुज, संतोष सिंह जी, मनीष सिंह बरकड़े, विक्रम प्रताप सिंह, पंकज गौतम, सीताराम सूर्यवंशी, पीडी प्रभाकर, प्रीतम पाठक, तिलक राज सिंह, वीरेंद्र सिंह सेंगर, मो नईम, राजेश कोल, लक्ष्मण कुशवाहा, डॉ बेटी बाई रजक, मिथलेश राय, रवि मिश्रा, गौरी शंकर मिश्रा, विजय सिंह, मनोहर सिंह मरावी, सुखसेन कोल, रामगोपाल दाहिया, एड पुष्पराज सिंह आदि लोगों ने सम्बोधित किये। संचालन एड शिशुपाल यादव ने किया।

## उमरिया ग्रामीण मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

### आदर्श संगठन के लिए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आवश्यक : शिवनारायण

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** शुक्रवार 3 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल के द्वारा तमन्नारा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण का दो दिवसीय वर्ग संपन्न किया गया। प्रशिक्षण में भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल,बांधवगढ़ क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह, महामंत्री दीपक छतवानी, राधेलाल कोल, उपाध्यक्ष धनुषधारी सिंह, पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा, दिलीप पांडे, मनीष सिंह, वरिष्ठ नेता रामनारायण पयासी, अशोक तिवारी और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार द्विवेदी ने अपने निर्धारित विषय को लेकर अपनी बात रखी है। प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए विधायक शिवनारायण सिंह ने कहा कि भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं है बल्कि सांस्कृतिक एकता व एकात्म मानववाद पर आधारित एक विचारधारा है। भाजपा की संगठन शक्ति को और मजबूत करने के लिए समय-समय पर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आवश्यक होता है। प्रशिक्षण से पार्टी संगठन सशक्त होता है। अनुशाससित व समर्पित कार्यकर्ता ही भाजपा की असली पहचान हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत व परिश्रम से पार्टी आज वट वृक्ष बन चुकी है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को गढ़ने का कार्य किया जाता है। इसलिए पार्टी संगठन को आदर्श संगठन बनाए रखने के लिए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आवश्यक है। भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचारधारा आधारित दल है। भाजपा ने जनसंघ के गठन से लेकर आज तक कभी भी अपनी विचारधारा से समझौता नहीं किया। जम्मू-कश्मीर में धारा-370 का विरोध करते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आंदोलन किया और अपना बलिदान दे दिया।

जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाना, अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के सपने को भाजपा ने साकार किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाई और अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर भी बनकर तैयार हो चुका है।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों पर अनंतिम चयन सूची जारी

**सागर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना सागर ग्रामीण-02 के अंतर्गत कार्यकर्ता के 4 पद एवं सहायिका के 8 पद रिक्त थे, जिनके लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण एवं अवलोकन के पश्चात कार्यकर्ता के 3 पदों खेजराबाग, खेजराबुद्दू, बोधा पिपरिया तथा सहायिका के 5 पदों किसुनपुरा, गिरवर 309, 310, बर्खेरी गुरु, बरखुआ तिवारी हेतु आवेदिकाओं का अनंतिम चयन किया गया है। यह चयन एसडीएम सागर की अध्यक्षता में आयोजित खंड स्तरीय समिति की बैठक में किया गया। चयन प्रक्रिया एमपी ऑनलाइन से प्राप्त आवेदनों के आधार पर पूरी की गई। जिन आवेदिकाओं को अनंतिम चयन सूची पर आपत्ति हो, वे आगामी 7 दिनों के भीतर ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकती हैं।

## भारतीय सेना के दफ़ेदार जगदीश वैष्णव का आज नागरिक अभिनन्दन समारोह

### शहर के समस्त संगठन करेंगे आत्मीय सम्मान

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

शहर की पावन भूमि जगदीश वार्ड में जन्मे जगदीश वैष्णव आत्मज श्री लालचंद्र मालती बाई वैष्णव जो भारतीय सेना के दफ़ेदार पद से सेवानिवृत्त हो रहे है। जिन्होंने 1999 में कारगिर युद्ध से प्रेरित होकर पिता जी को बिना बताए सिर्फ मां को सूचित करते हुए भर्ती सेंटर जबलपुर में चले गए थे। 2002 में चयन होने के उपरांत महाराष्ट्र के अहमद नगर में ट्रेनिंग उपरांत पहली पोस्टिंग पंजाब के अंबाला कैंट में ज्वाइनिंग ली। साथ ही राजस्थान के सूरतगढ, आंध्रप्रदेश के हैदराबाद सिकंदराबाद, महाराष्ट्र के अहमदनगर, हरियाणा के हिसार, जम्मू कश्मीर के अखनूर उत्तर प्रदेश के बबीना और ऑपरेशन सिंदूर में राजस्थान के जैसलमेर में




सराहनीय सेवाएं दी। उन्होंने भारतीय सेना की 24 वर्ष की पूर्ण सेवा में अनेक सम्मान प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर शहर की समस्त संस्था के माध्यम से हम सब उनका नागरिक अभिनन्दन 4 अप्रैल शनिवार,रात्रि 7 बजे से स्थान अपना पैलेस में किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी,नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, पूर्व विधायक साधना स्थापक,वरिष्ठ पत्रकार अरुण सक्सेना,जिला संयोजक ब्राह्मण महासभा नागेन्द्र त्रिपाठी एवं कार्यक्रम अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव करेंगे। इस अवसर पर आयोजक साईं श्रद्धा सेवा समिति संस्थापक आशीष राय एवं अध्यक्ष प्रदीप ब्रिजपुरिया ने गणमान्य नागरिकों एवं शहर की सामाजिक संस्थाओं से उपस्थिति की अपील की है।

# सांईखेड़ा पुलिस ने 17 ग्राम स्मैक के साथ 1 आरोपी किया गिरफ्तार

### स्मैक कीमत लगभग 1 लाख 70 हजार रुपए

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

नरसिंहपुर जिले में पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड़ की कार्यवाही की जा रही है । इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर संदीप भूरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गाडरवारा ललित सिंह डागुर के मार्गदर्शन में थाना साँईखेड़ा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 01 अप्रैल को एक आरोपी से अवैध मादक पदार्थ लगभग 17



ग्राम स्मैक जप्त कर आरोपी को गिरफ्त में लिया गया ।दिनांक 01/04/26 को शाम करीब 06/00 बजे सांईखेड़ा पुलिस टीम द्वारा झिकौली तरफ से आते समय सांईखेड़ा झिकौली रोड पर बंद पड़े विनायक ढ़ाबा के सामने एक व्यक्ति खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा । जिसे सांईखेड़ा पुलिस टीम द्वारा विनायक ढ़ाबा पर संदेह के आधार पर आरोपी (1) राहुल उर्फ भूरा पिता जीवन सिंह राजपूत उम्र 21 वर्ष नि. उदयपुरा जिला रायसेन के कब्जे से लगभग 17 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जिसकी कीमत करीबन 1 लाख 70 हजार रूपये है को समक्ष गवाहान जप्त किया गया । आरोपी की मौके पर ही विधिवत गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना सांईखेड़ा में अपराध क्र. 63/26 धारा 8,21(ङ्ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष ज्यूडिशियल रिमांड पर प्रस्तुत किया गया ।

**विशेष भूमिका:-** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सांईखेड़ा निरीक्षक रोहित ककौड़िया के नेतृत्व में सउनि सतीश सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक भास्कर पटेल, नरेन्द्र कुशवाहा, आरक्षक दिनेश पटेल, भगवान सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, आदर्श पाठक, उमेश वर्मा एवं म.आर. कुमुद पाठक की सराहनीय भूमिका रही ।

# महापौर के नेतृत्व में विकास का शंखनाद, दो वार्डों में 28 लाख लागत के कार्यों का विधिवत भूमिपूजन संपन्न

## शिवाजी एवं बाबू जगजीवन राम वार्ड में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को मिलेगा नया आयाम, नागरिकों को होगी बड़ी राहत

कटनी (स्वतंत्रमत)

शहर में आधारभूत सुविधाओं को सशक्त करने और वार्ड स्तर पर विकास को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत शुक्रवार को शिवाजी वार्ड एवं बाबू जगजीवन राम वार्ड में लगभग 28 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ, जिसमें महापौर प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद प्रभा गुप्ता एवं फामिदा आफताब चोखेभाई सहित एमआईसी सदस्यों की उपस्थिति रही। भूमिपूजन विधि-विधान के साथ वार्ड के वरिष्ठ नागरिक उमाशंकर वेदी के करकमलों से संपन्न कराया गया, जो सामाजिक सहभागिता और वरिष्ठजनों के सम्मान का प्रतीक रहा। शिवाजी वार्ड में नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लगभग 11 लाख रुपए की लागत से कब्रिस्तान मार्ग में सीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। लंबे समय से खराब स्थिति में होने के कारण यह मार्ग नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था, जिससे अब राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त लगभग 4 लाख रुपए की लागत से मुक्तिधाम में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य कराया जाएगा। इन कार्यों से न केवल सुविधाओं में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्र की समग्र व्यवस्था में भी सकारात्मक बदलाव



देखने को मिलेगा। वहीं बाबू जगजीवन राम वार्ड में लगभग 13 लाख रुपए की लागत से विभिन्न स्थानों पर नाली कवरिंग कार्य कराया जाएगा। खुली नालियों के कारण जहां गंदगी, दुर्गंध और जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं, वहीं मच्छरों के पनपने से डेंगू, मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। नाली कवरिंग के इस कार्य से इन समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा, जिससे वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होगी और नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से भी राहत मिलेगी।

### महापौर ने कहा- विकास कार्यों से बदलेगा शहर का स्वरूप

कार्यक्रम के दौरान महापौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि कोई भी क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। सड़क, स्वच्छता, जल निकासी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करते हुए शहर को एक बेहतर और व्यवस्थित स्वरूप देने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### पार्षदों ने कहा- जन अपेक्षाओं के अनुरूप होगा समग्र विकास

क्षेत्रीय पार्षद प्रभा गुप्ता एवं फामिदा आफताब ने अपने संबोधन में कहा कि वार्डों में लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान हेतु ये विकास कार्य अत्यंत आवश्यक थे। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से नागरिकों को आवागमन, स्वच्छता और दैनिक जीवन की अन्य सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा। पार्षदों ने यह भी आश्वस्त किया कि वे भविष्य में भी जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए वार्डों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगी। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद चोखे भाई, उपयंत्री जे.पी. सिंह बघेल सहित अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इन विकास कार्यों के शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध पूर्ण होने की अपेक्षा व्यक्त करते हुए शहर के निरंतर विकास की कामना की।

# सड़क से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक हमारा संघर्ष लगातार जारी है : राकेश दुबे

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश में जहाँ एक ओर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के विरोध और सेवावधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से की मांग को लेकर सड़क पर संघर्ष करने की कार्ययोजना तैयार कर चुका है वही दूसरी ओर उक्त संयुक्त मोर्चा के अहम सदस्य संगठन शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे अपनी टीम के साथ सुप्रीम कोर्ट में डटे हुए हैं। प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे के नेतृत्व में शासकीय शिक्षक संगठन के संभागीय अध्यक्ष नर्मदापुरम राजेश पांडे, जिलाध्यक्ष कटनी रजनीश तिवारी, जिलाध्यक्ष रीवा चंद्रोदय मिश्रा सहित अनेक साथियों ने सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एस के गंगेले सेवानिवृत्त न्यायाधीश मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय से मुलाकात कर इन मुद्दों के प्रत्येक बिंदुओं पर लंबी चर्चा की। चर्चा के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता गंगेले ने बताया कि राजेश पांडे प्रकरण में ई फाईलिंग 1385/2025 31 मार्च को की गई है, जिसके अगले सप्ताह तक रजिस्टर्ड होकर विधि अनुरूप कार्यवाही प्रारंभ होना सुनिश्चित होगा। संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे के अनुसार सड़क से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक हमारा संघर्ष लगातार जारी है और शीघ्र ही इसके सुखद परिणाम प्राप्त होंगे।



## एल्डरमैनों का हुआ सम्मान, नगर परिषद अध्यक्ष ने दी बधाई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विजयराघवगढ़ मध्यप्रदेश शासन द्वारा विजयराघवगढ़ नगर परिषद अंतर्गत एल्डरमैनों की नियुक्ति किए जाने के बाद नगर परिषद परिसर में स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुवे ने नव नियुक्त एल्डरमैनों का फूलगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा कि यह नियुक्ति विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की सक्रियता और तत्पर प्रयासों का परिणाम है जिसके चलते नगर परिषद को अनुभवी और समझदार एल्डरमैनों का सहयोग मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी एल्डरमैन जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए नगर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कार्यक्रम के दौरान राकेश पांडे, महेंद्र ताम्रकार, भारत कोल एवं रोशनी सोनी को सम्मानित किया गया। सभी ने नगर के विकास एवं जनसेवा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरों और गैस जमाखोरों पर प्रशासन की सख्ती

## बरही में जांच के दौरान अवैध एलपीजी सिलेंडर जब्त, खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए

कटनी (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट तथा घरेलू गैस सिलेंडरों की जमाखोरी एवं कालाबाजारी के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को तहसील बरही क्षेत्र में अधिकारियों द्वारा सघन जांच कार्रवाई की गई। तहसीलदार बरही संतोष कुमार श्रीवास्तव, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञ दत्त त्रिपाठी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओ.पी. साहू की संयुक्त टीम ने अवैध एलपीजी सिलेंडर के भंडारण एवं उपयोग के साथ-साथ मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच दल द्वारा मेब्बू होटल, उमेश होटल, अग्रवाल होटल एवं गीतांजली इन होटल की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान मेब्बू होटल में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। यहां एक कॉमर्शियल एवं एक घरेलू एचपीसीएल गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों में करते पाया गया। साथ ही मौके पर 13 उपभोक्ताओं के गैस कार्ड भी रखे मिले। होटल संचालक मेवा लाल बर्मन द्वारा कॉमर्शियल सिलेंडर के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके तथा उपभोक्ता कार्डों के संबंध में भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इस पर कार्रवाई करते हुए जांच दल ने 2 गैस सिलेंडर एवं संबंधित उपभोक्ता कार्ड जब्त कर लिए। प्रकरण तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मेब्बू होटल से मगज लड्डू एवं बेसन के नमूने लिए गए। वहीं बाजार क्षेत्र में स्थित बतासा निर्माता रामाश्रय जायसवाल से भी बतासे का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। अन्य प्रतिष्ठानों में स्थिति सामान्य पाई गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मिलावटखोरी एवं अवैध गैस उपयोग के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## विद्युत समाधान योजना की अवधि 15 मई तक बढ़ाई गई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** राज्य सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 15 मई तक बढ़ा दिया गया है। बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि यह सरचार्ज में छूट का अंतिम अवसर है, इसका लाभ जरूर लें। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना में सरचार्ज में 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है। समाधान योजना में तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है। ऐसे उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि यदि वे तीन माह से अधिक के बकाएदार हैं और योजना में अभी तक शामिल नहीं हो पाए वे अब 15 मई तक योजना में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं।

## प्रवेश उत्सव सह साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** 1 अप्रैल को शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला देवरी हटाई में प्रवेश उत्सव सह साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बड़वारा विधानसभा के यशस्वी विधायक धीरु भैया मंडल अध्यक्ष नितिन पाण्डेय देवरी हटाई ग्राम पंचायत के सरपंच शिवकल्याण सिंह जनपद सदस्य गंगा जनपद शिक्षा केंद्र कटनी का प्रतिनिधित्व करते हुए यशश्वी जनशिक्षक अरुण सिंह परिहार तथा देवरी हटाई के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि तथा मेरे समस्त स्टाफ के सदस्य जिनके सहयोग के बिना इस कार्यक्रम को सफलता मिलना मुश्किल था उनकी उपस्थिति ने सरल बना दिया। समयाभाव और सीमित संसाधनों के चलते कार्यक्रम को आयोजित किया गया। अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से इस कार्यक्रम को सहयोग प्रदान करने वाले हमारे सभी साथियों को हृदय से धन्यवाद।

# शैडो एरिया पर पुलिस की पैनी नजर

## एसपी अभिनय विश्वकर्मा का स्वयं औचक भ्रमण

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा पूर्व में थाना क्षेत्रों में चिन्हित (शैडो एरिया) में भ्रमण के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देशों के पालन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्हित (शैडो एरिया) (अपराध-प्रवण एवं एकांत स्थानों) पर प्रतिदिन सघन चेकिंग अभियान किया जा रहा है। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों की पहचान हेतु गहन तलाशी एवं पूछताछ की गई। साथ ही, क्षेत्र के होटल, लॉज एवं अन्य ठहराव स्थलों की भी विस्तृत जांच की जाती है, जिससे अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रखा जा सके। इसी क्रम



में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा स्वयं थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आदर्श कॉलोनी एवं थाना माधवनगर क्षेत्र में अमकुही पहाड़ी का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया, ताकि आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके। यह कार्यवाही अपराधियों में भय का वातावरण निर्मित करने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरंतर जारी रहेगी। कटनी पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या डायल 100 पर दें।

# सीसीटीवी पुलिस कंट्रोल रूम सागर की तत्परता से महिला का खोया बैग बरामद

## बैग में रखा था साइन किया हुआ खाली चेक और घर की सभी चाबियां

**सागर।** जिले में पुलिस अधीक्षक सागर विकाश कुमार शाहवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में सीसीटीवी पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा आमजन की सहायता हेतु सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में एक महिला का खोया हुआ महत्वपूर्ण बैग तत्परता एवं समन्वय से मात्र 48 घंटे में सुरक्षित बरामद कर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। फरियादिया सुधा शिरोठिया निवासी नवकार कॉलोनी काकागंज, ग्वालियर से हीराकुंड ट्रेन द्वारा सागर आई थीं। रेलवे स्टेशन से ऑटो द्वारा अपने घर जाते समय जुलूस के कारण मार्ग परिवर्तित होकर ऑटो बस स्टैंड की ओर चला गया। इसी दौरान फरियादिया बस स्टैंड पर उतरकर दूसरे ऑटो में बैठकर अपने घर चली गईं, परंतु उनका बैग पहले ऑटो में ही छूट गया। बैग में नगद राशि, कपड़े, घर की



महत्वपूर्ण चाबियां एवं एक साइन किया हुआ खाली चेक रखा था, जो अत्यंत संवेदनशील एवं कीमती था। घटना के बाद फरियादिया द्वारा तत्काल थाना गोपालगंज में सूचना दी गई, जहां से उन्हें सीसीटीवी कंट्रोल रूम सागर भेजा गया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम पहुंचने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लोकेश कुमार सिन्हा द्वारा उप निरीक्षक आरकेएस चौहान को बैग की तलाश की जिम्मेदारी सौंपी गई। फरियादिया की भावुक स्थिति को देखते हुए कंट्रोल रूम टीम ने तत्परता से कार्य प्रारंभ किया। उप निरीक्षक आरकेएस चौहान के नेतृत्व में महिला प्रधान आरक्षक रेखा रजक को सर्वप्रथम संबंधित ऑटो की पहचान हेतु लगाया गया। कंट्रोल रूम टीम द्वारा लगातार 2 दिनों तक सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्मता से अवलोकन कर संबंधित ऑटो की पहचान की गई। ऑटो चालक का पता लगने पर थाना कैंट की चीता मोबाइल के माध्यम से आरक्षक सौरभ गुप्ता को भेजकर उक्त ऑटो चालक से संपर्क किया गया, जिससे बैग सुरक्षित प्राप्त कर कंट्रोल रूम लाया गया। कंट्रोल रूम में फरियादिया को उनका बैग सुरक्षित सुपुर्द किया गया, जिसमें उनका समस्त सामान यथावत मिला, विशेष रूप से साइन किया हुआ खाली चेक भी सुरक्षित वापस दिलाया गया।

# भिण्ड पत्नी की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने की साजिश बेनकाब

भिण्ड (वार्ता)

मध्यप्रदेश में भिण्ड जिले के देहात थाना क्षेत्र में एक महिला की हत्या को आत्महत्या बताने की साजिश पुलिस जांच में उजागर हुई है। पुलिस ने इस मामले में मृतिका के पति सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम मानपुरा में 30 मार्च को प्रियंका प्रजापति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। ससुराल पक्ष ने इसे फांसी लगाकर आत्महत्या बताया था, लेकिन मायके पक्ष को घटना संदिग्ध लगी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू की और एफएसएल टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की कहानी पर संदेह होने पर पुलिस ने संदिग्धों से कड़ी पूछताछ की। पूछताछ में खुलासा हुआ कि मृतिका के पति रामवरन प्रजापति ने अपने साथियों आकाश और पुनीत जोशी के साथ मिलकर हत्या की थी। पुलिस के अनुसार शराब पीने को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी ने पत्नी के साथ मारपीट की और रस्सी से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपियों ने साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को फंदे पर लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया, लेकिन बाद में स्थिति बिगड़ने पर शव नीचे उतारकर तीनों आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपियों की तलाश कर मानपुरा के पास चरख रोड से तीनों को गिरफ्तार कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों पर इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस ने रामवरन प्रजापति, आकाश और पुनीत जोशी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है तथा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सत्य,धर्म, शांति, प्रेम, अहिंसा एवं विश्व शांति का संदेश लेकर आया श्री सत्य साई दिव्य रथ






कटनी (स्वतंत्रमत)

विगत एक वर्ष से भी अधिक समय से श्री सत्य साई बाबा की दिव्य चरण पादुकाएं, साईरथ के माध्यम से पूरे मध्यप्रदेश के भक्तों को दर्शन देने भ्रमण पर हैं और इसी तारतम्य में यह साईरथ अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया के साईभक्तों को दर्शन देते हुए, 29 मार्च को कटनी जिले में प्रवेश कर चुका है, जो कि बरही, विजयराघवगढ़, भैंसवाही, घुनसुर, पटवारा आदि समितियों में होते हुए 1 अप्रैल को कटनी शहर आ गया है। जहां जहां से रथ गुजर रहा है, वहां के श्रद्धालुगण अपनी श्रद्धा को अलग अलग रूप में अतिउत्साह से साईचरणों में अर्पित कर रहे हैं। प्रतिदिन यह दिव्य साईरथ अलग-अलग स्थानों जैसे न्यू कटनी, शांतिनगर आदि उपनगरीय क्षेत्रों में निवासरत साईभक्तों को दर्शन देते हुए, गोद लिए हुए ग्राम शिवराजपुर के अलावा कुलुआ, बड़खेरा, छहरी आदि ग्रामीण अंचलों में भी प्रेम, शांति, सद्भावना के अपने मूल आशय का प्रकाश फैलाएगा। कटनी नगर में साईरथ शोभायात्रा 5 अप्रैल, रविवार को प्रातः 8 बजे, कमानियागेट स्थित श्री हनुमान मंदिर से सुबह 8 बजे निकलेगी। श्री सत्य साई सेवा समिति, नगर की धर्मप्रिय जनता व प्रबुद्ध वर्ग से आग्रह है की सपरिवार, इष्टमित्रों सहित पधारकर साई आशीष प्राप्त करें।

# विधायक के प्रदेश प्रवक्ता तथा मृदुल मिश्रा के भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष बनने से कटनी जिला गौरवान्वित हुआ: दीपक सोनी टंडन

## जिलाध्यक्ष ने नियुक्ति के लिए जताया प्रदेश नेतृत्व का आभार

कटनी (स्वतंत्रमत)

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल के द्वारा कटनी मुड़वारा के लोकप्रिय विधायक संदीप जायसवाल की प्रदेश प्रवक्ता पद पर नियुक्ति से कटनी को गौरव एवं सम्मान प्राप्त हुआ है। विधायक के अनुभव का लाभ निःसंदेह प्रदेश प्रवक्ता के अहम दायित्व में महत्वपूर्ण होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने विधायक संदीप जायसवाल को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किये जाने पर प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रवक्ताओं मीडिया पैनलिस्टगण एवं सदस्यगणों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होनें भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मृदुल मिश्रा की नियुक्ति पर भी हर्ष जताते हुए इसे कटनी की युवा शक्ति को गौरवान्वित करने वाला निर्णय बताते हुए प्रदेशाध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री संभाग प्रभारी राहुल कोठारी, जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन, भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर का आभार व्यक्त किया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ऐसे समय में जब देश



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प के साथ निर्णायक गति से आगे बढ़ रहा है और हमारा मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास की नई ऊँचाइयों को स्थापित कर रहा है, आप सभी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। मुझे पूर्ण विश्वास है अपने सशक्त संवाद से न केवल सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुँचाएंगे, बल्कि विपक्ष के भ्रम को भी प्रभावी ढंग से परास्त करेंगे। जिलाध्यक्ष ने विधायक तथा मृदुल मिश्रा को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी सहित विधायकगण संजय सत्येन्द्र पाठक, प्रणय पांडेय, धीरेंद्र सिंह महापौर प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं समस्त जिला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने इन दोनों महत्वपूर्ण दायित्व के लिए कटनी को सम्मानित तथा गौरव प्रदान करने पर प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे अपने संगठनात्मक कुशल अनुभव से दोनों ही नेतागण पार्टी को परम वैभव तक ले जाने के लिए इसी तरह सदैव समर्पित भाव से सक्रिय रहेंगे।

# मुंबई के खिलाफ दिल्ली का लक्ष्य इतिहास बदलना




**नयी दिल्ली (वार्ता)।** एक जानी-पहचानी कहानी की तरह, जो थोड़े-बहुत बदलावों के साथ खुद को दोहराती रहती है, दिल्ली कैपिटल्स एक बार फिर मुंबई इंडियंस के आमने-सामने होगी। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का यह शनिवार का दिन का मैच बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है, लेकिन साथ ही इसमें एकतरफा मुकाबले की झलक भी दिख सकती है, क्योंकि दोनों टीमें इस सीजन में अपनी दूसरी जीत की तलाश में हैं। दिल्ली, लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट की जीत के बाद इस मैच में उतर रही है। इस जीत से टीम को हौसला तो मिला है, लेकिन उनकी बैटिंग लाइन-अप के ऊपरी क्रम में जो पुरानी चिंताएं बनी हुई हैं, वे अभी पूरी तरह से दूर नहीं हुई हैं। दूसरी ओर, मुंबई ने कोलकाता नाइट राइडर्स पर आसान जीत के साथ अपनी लय वापस पा ली है। उन्होंने सबको यह याद दिला दिया है कि इतिहास की तरह ही, अच्छी फॉर्म भी अक्सर जानी-पहचानी टीमों का ही साथ देती है। अक्षर पटेल की कप्तानी में, दिल्ली ने एक खास संतुलन दिखाया है, खासकर अपनी बॉलिंग और निचले मध्य क्रम में। हालांकि, उनका ऊपरी क्रम (टॉप ऑर्डर) अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है। केएल राहुल और पथुम निसांका-जो बड़े नाम हैं और जिनसे काफी उम्मीदें हैं-पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके चलते टीम को एक मजबूत आधार (प्लेटफ़ॉर्म) बनाने के बजाय, मुश्किल हालात से निकालने वाले प्रदर्शनों पर निर्भर रहना पड़ा। समीर रिजवी के हालिया अर्धशतक ने टीम को कुछ हद तक राहत दी है। वहीं, नीतीश राणा, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी भी मौके का इंतज़ार कर रहे हैं, ताकि पारी की जरूरत के हिसाब से वे या तो पारी को संभाल सकें या फिर उसे मुश्किल से बाहर निकाल सकें। इसके विपरीत, उनकी बॉलिंग यूनिट ज़्यादा आत्मविश्वास से भरी नज़र आती है। लुंगी एनगिडी, मुकेश कुमार, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और टी. नटराजन की यह टीम तेज गेंदबाज़ी, स्पिन और विविधता का ऐसा मिश्रण पेश करती है, जो किसी भी मजबूत से मज़बूत बैटिंग लाइन-अप को मुश्किल में डाल सकता है। एनगिडी की शुरुआती विकेट लेने की काबिलियत और कुलदीप का बीच के ओवरों में गेंद पर नियंत्रण-ये दोनों ही बातें यह तय कर सकती हैं कि मुंबई की बैटिंग को रोका जा सकेगा या फिर उसे खुलकर खेलने का मौका मिलेगा। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में, मुंबई एक ऐसे शांत आत्मविश्वास के साथ खेल रही है, जो अब उनकी आदत सी बन गई है।

दिल्ली के खिलाफ उनका रिकॉर्ड-पिछले छह मुकाबलों में पाँच जीत-महज़ एक आँकड़ा नहीं है, बल्कि यह उस मनोवैज्ञानिक बढ़त की याद दिलाता है, जो समय के साथ और भी मज़बूत होती गई है। उनकी बैटिंग लाइन-अप, जिसने पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था, अभी भी उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है।

## वैभव सूर्यवंशी को रोकना होगी गुजरात की प्राथमिकता

**अहमदाबाद (वार्ता)।** मात्र 15 साल की उम्र में अपनी बल्लेबाजी से तहलका मचा रहे युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को रोकना गुजरात टाइटंस की पहली प्राथमिकता होगी जब उसका शनिवार को राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला होगा। अहमदाबाद ने कई शानदार मैच देखे हैं, लेकिन आईपीएल की हर शाम एक नई दुल्हन की तरह उम्मीद और एक पुराने जुआरी की तरह अनिश्चितता लेकर आती है। शनिवार को, नरेंद्र मोदी स्टेडियम गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स की मेजबानी करेगा, ये दो टीमें हैं जिन्होंने अपने 2026 के अभियान की शुरुआत बहुत अलग-अलग तरीकों से की है, फिर भी वे यहां अपनी अहमियत और लय के लिए बराबर बेताब हैं। गुजरात थोड़ी लड़खड़ाती हुई उतरी, अपने शुरुआती मुकाबले में मामूली स्कोर बनाने के बाद लड़खड़ा गई थी, जिसे उसके गेंदबाज बचा नहीं सके। टॉप ऑर्डर पर एक जानी-पहचानी निर्भरता है - साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर - तीन नाम जो बराबर उम्मीद और दबाव दोनों रखते हैं। सुदर्शन, जो अपने पिछले सीजन में शानदार और प्रोडक्टिव रहे थे, अब सहजता की तलाश में हैं। गिल, जो ज़्यादातर विरोधियों के खिलाफ भरोसेमंद हैं, राजस्थान के खिलाफ उनका औसत ठीक-ठाक है और उनसे आगे बढ़कर लीड करने की उम्मीद की जाएगी। बटलर, जो कभी टीम को बर्बाद करने वाले खिलाड़ी थे, आजकल ऐसे लग रहे हैं जैसे कोई बंद मैच को खोलने के बजाय खोई हुई चाबी ढूंढने की कोशिश कर रहा हो। मिडिल ऑर्डर, जैसा कि अक्सर कई मॉडर्न टीमों के साथ होता है, भरोसेमंद होने के बजाय ज़्यादा सजावटी लगता है। वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स और शाहरुख खान भरोसे के बजाय ऑप्शन देते हैं। हालांकि, फिलिप्स की पहचान एक ऐसे खिलाड़ी की बनी हुई है जो शांत ओवर को शोरगुल वाले ओवर में बदल सकता है। इसके उलट, गुजरात की बॉलिंग ज़्यादा सधी हुई दिखती है। राशिद खान उनके ताबीज बने हुए हैं, जो सबसे खराब पिचों से भी विकेट निकालने में सक्षम हैं। प्रसिद्ध कृष्णा ने पिछली पारी में अच्छा फॉर्म दिखाया, जबकि मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा ने तेज़ी, शानदार खेल और कभी-कभी ऐसी ज़बरदस्त ताक़त दिखाई जो सबसे शांत बल्लेबाज़ को भी परेशान कर सकती है।



हमेशा की तरह आईपीएल में, भविष्यवाणियां कुंडली जितनी पक्की और सिक्के की उछाल जितनी सही होती हैं। लेकिन अगर शुरुआती संकेतों को कोई इशारा माना जाए, तो राजस्थान थोड़ा आगे है, हालांकि क्रिकेट में, ज़िंदगी की तरह, आखिरी फैसला अक्सर फॉर्म या लॉजिक से नहीं, बल्कि एक अकेले खिलाड़ी से होता है, एक ओवर से जो सब कुछ बदल देता है।

# निकहत, प्रिया और प्रीति सेमीफाइनल में

## भारत के तीन पदक पक्के

**उलानबटार (वार्ता)।** मंगोलिया के उलानबटार में एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के पांचवें दिन, निकहत ज़रीन, प्रिया और प्रीति पवार ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई, जिससे भारत के तीन पदक पक्के हो गए हैं। भारतीय अभियान की अगुवाई करते हुए, निकहत ज़रीन महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टरफाइनल में पूरी तरह से हावी रहीं। उन्होंने अपने दबदबे भरे प्रदर्शन में पहले ही राउंड में आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) के आधार पर फिलीपींस की जियान बागुहिन को हरा दिया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना अब तक की सबसे कठिन चुनौती से होगा, जब वे चीन की वू यू (पेरिस 2024 ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता) के खिलाफ रिंग में उतरेंगी। महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग में, प्रिया ने संयम और रणनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए चीन की चेंग्यू यांग को 4-1 से हराया और टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। फाइनल में जगह बनाने के लिए अब उनका अगला मुकाबला मंगोलिया की नामून मोंखोर से होगा। इस बीच, महिलाओं के 54 किलोग्राम वर्ग में, विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता प्रीति पवार ने दिन का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने मंगोलिया की मुगुंटसेतसेग को 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में प्रीति का सामना एक बेहद मजबूत प्रतिद्वंद्वी से होगा-कोरिया की इम एजी, जो पेरिस 2024 ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और 2025 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता हैं। यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। पुरुषों के 70 किलोग्राम वर्ग में, दीपक क्वार्टरफाइनल में जॉर्डन के ज़ियाद ईशाश से 1-4 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। तीन पदक पहले ही पक्के हो जाने और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ जारी रहने के साथ, इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भारत का अभियान लगातार गति पकड़ रहा है।




# रियल मैड्रिड को 6-0 से रौंदकर बार्सिलोना सेमीफाइनल में

मैड्रिड (वार्ता)।

एफसी बार्सिलोना ने गुरुवार को दूसरे लेग में अपने घरेलू मैदान पर रियल मैड्रिड को 6-0 से रौंदकर महिला चैंपियंस लीग के सेमीफ़ाइनल में जगह बना ली है। कैंप नोउ में 60,000 से ज़्यादा फ़ैन्स ने बार्सिलोना का दबदबा देखा। यह मुक़ाबला पहले लेग में ही 6-2 की जीत के साथ लगभग तय हो चुका था, जो बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड के घरेलू मैदान पर हासिल की थी। क्लब के लिए अपना 500वां मैच खेल रहीं अलेक्सिया पुटेलस ने आठवें मिनट में पहला गोल किया। उन्होंने यह गोल तब किया जब मीसा रोड्रिग्ज़ ने इवा पाजोर के शुरुआती शॉट को रोक दिया था। इसके बाद पुटेलस ने 15वें मिनट में कैरोलिन ग्राहम हानसेन को उनके दो गोलों में से पहला गोल करने में मदद की। फिर 27वें मिनट में इरीन परेडेस ने एक कॉर्नर किक पर हेडर से गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। 34वें मिनट में विक्की लोपेज़ ने पाजोर को क्रॉस दिया, जिस पर पाजोर ने फ़ार पोस्ट पर बार्सिलोना का चौथा गोल किया। इस तरह मेजबान टीम ने अपनी आक्रामक हाई प्रेस रणनीति से रियल मैड्रिड को पूरी तरह से पछाड़ दिया। दूसरे हाफ़ के 10 मिनट बाद पुटेलस और ग्राहम हानसेन ने मिलकर पाँचवां गोल किया। इस बार नॉर्वे की खिलाड़ी ने गेंद को नेट के ऊपरी हिस्से में पहुँचाया। इसके बाद, मैच खत्म होने में 15 मिनट से कुछ ज़्यादा समय बचा था, तभी एस्मी ब्रगट्स ने फ़ार पोस्ट पर एक और गोल करके स्कोर 6-0 कर दिया।



## अभिषेक शर्मा पर मैच फीस के 25 प्रतिशत का जुर्माना

कोलकाता (वार्ता)।

सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा पर गुरुवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है। उन्होंने अनुच्छेद 2.3 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सज़ा मान ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघनों के लिए, मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में कोमालिका बारी और अर्जुन खारा ने जीते स्वर्ण पदक

रायपुर,(वार्ता)।

पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन झारखंड की कोमालिका बारी ने अपने मिक्स्ड टीम खिताब के बाद महिला रिकर्व तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता, जबकि ओडिशा के अर्जुन खारा ने पुरुष रिकर्व वर्ग में स्वर्ण अपने नाम किया। हालांकि, इन उपलब्धियों के बावजूद अंतिम दिन कर्नाटक को पदक तालिका के शीर्ष स्थान से हटाया नहीं जा सका और वह उद्घाटन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शीर्ष पर बना रहा। टूर्नामेंट के इस संस्करण में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 3,800 खिलाड़ियों ने नौ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा की। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर थे, जबकि मल्लखंभ और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) खेलों के रूप में शामिल थे। इन 106 स्वर्ण पदकों में से कर्नाटक ने 23 स्वर्ण, 8 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। ओडिशा 21 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा और 57 पदकों के साथ 50 से अधिक पदक जीतने वाला एकमात्र दल बना। झारखंड 16 स्वर्ण, 8 रजत और 11 कांस्य पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान छत्तीसगढ़ ने भी जनजातीय समुदाय की खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 10 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर नौवां स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ का आखिरी पदक पुरुष फुटबॉल में रजत के रूप में आया, जब वे फाइनल में पश्चिम बंगाल से 0-1 से हार गए। ओवरऑल चैंपियन कर्नाटक ने पहले ही दिन से पदक तालिका में बढ़त बना ली थी, खासकर तैराकी में दबदबा बनाते हुए उन्होंने 15 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीते। इसके अलावा एथलेटिक्स में 5 और कुश्ती में 3 स्वर्ण पदक जोड़कर उन्होंने सुनिश्चित किया कि ओडिशा और झारखंड उनसे आगे न निकल सकें।




इसके बाद कोमालिका बारी ने गुजरात की भार्गवी भगोरा को व्यक्तिगत फाइनल में हराकर झारखंड के लिए एक और स्वर्ण पदक जोड़ा। नागालैंड ने महिला टीम फाइनल में झारखंड को हराकर स्वर्ण पदक जीता और 2 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदकों के साथ 14वें स्थान पर रहा। महाराष्ट्र 6 स्वर्ण, 10 रजत और 4 कांस्य पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा, जबकि अरुणाचल प्रदेश 6 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदकों के साथ शीर्ष पांच में शामिल रहा।

# तेल, दाल-दलहनों में तेजी, चावल नरम



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली थोक जिंस बाजार में शुक्रवार को मांग के समर्थन से खाद्य तेलों में अच्छी खासी तेजी दिखी जबकि दाल का बाजार भी हल्का तेज दिखा। सामान्य चावल के औसत भावों में गिरावट दिखी जबकि गेहूं में स्थिरता दिखी। चीनी और गुड़ का बाजार भी तेज दिखा। सामान्य किस्म के चावल के औसत भाव करीब 42-43 रुपये प्रति क्विंटल नरम चल रहे थे जबकि गेहूं का बाजार करीब करीब पिछले स्तर पर स्थिर था। इसके विपरीत आटा 30 रुपये चढ़ा हुआ था। स्थानीय खाद्य तेलों में तेजी के बीच मूंगफली तेल में 245 रूपये और पाम तेल में 226 रुपये प्रति क्विंटल तक का उछाल दर्ज किया गया। सरसों , वनस्पति , सोया और सूरजमुखी तेल के भाव भी 115 से 150 रुपये के दायरे में चढ़े हुए थे।

मलेशिया के बुरसा डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाप आयल का भाव 47 रिंगिट मजबूत हो कर 4838 रिंगिट प्रतिटन पर चल रहा था। अमेरिकी वायदा बाजार में सोया मई वायदा अनुबंध 6 सेंट प्रति पौंड की नरमी के साथ 68.94 डॉलर प्रति पौंड के भाव पर था। दाल चना 7669.16 रुपये, मसूर काली 8077.04 रुपये, मूंग दाल 10147.51 रुपये, उड़द दाल 10748.5 रुपये, तुअर दाल 11235.16 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज = (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2787.76 रुपये और चावल 3775.39 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3304.18 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी एस 4318.25 रुपये और गुड़ 4984.59 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17904.21 रुपये, मूंगफली तेल 18940.81 रुपये, सूरजमुखी तेल 17417.53 रुपये, सोया तेल 14741.84 रुपये, पाम ऑयल 13457.69 रुपये और वनस्पति 14770.52 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।



## फॉक्सवैगन इंडिया की नई टाइगुन का प्रीमियर नौ अप्रैल को

**मुंबई (वार्ता)।** फॉक्सवैगन इंडिया ने शुक्रवार को एसयूवी पैसेंजर कार श्रेणी में अपनी नयी टाइगुन की झलक पेश की और कहा कि इसे भारत में अप्रैल में ही प्रस्तुत किया जाएगा। कंपनी अपनी इस एसयूवी कार का प्रीमियर नौ अप्रैल को करने की तैयारी में है। फॉक्सवैगन इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर नितिन कोहली ने कहा, नयी टाइगुन इस एसयूवी में पहले की उन सभी खूबियों का एक सशक्त विकास है, जिसने इसे उत्साही ग्राहकों के बीच लोकप्रिय बनाया है। उन्होंने कहा कि अपनी शानदार डिज़ाइन और अपने वर्ग में सबसे उत्तम तकनीकी क्षमता वाली नयी टाइगुन कार की सवारी के अनुभव को नये स्तर पर ले जएगी। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार नयी टाइगुन का डिज़ाइन मजबूत और उद्देश्यपूर्ण कैरेक्टर लाइनों के साथ आ रहा है जो इसकी एक अनोखी पहचान को दर्शाता है। इसकी स्टांस पूरी तरह एसयूवीडब्ल्यू जैसी है- मजबूत, संतुलित और प्रदर्शन के लिए तैयार। कंपनी ने कहा है कि वह भारत के ग्राहकों के प्रति फॉक्सवैगन की प्रतिबद्धता के अनुरूप , नयी टाइगुन को इस वर्ष ब्रांड की दूसरी एसयूवी के रूप में पेश करने जा रही है।

# सेल ने 2025-26 में बिक्री उत्पादन में बनाये नये रिकॉर्ड

नयी दिल्ली, (वार्ता)।

सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) ने वित्त वर्ष 2025-26 में बिक्री और उत्पादन दोनों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। पूरे वित्त वर्ष के दौरान कंपनी ने 201.4 लाख टन की अब तब की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की जो एक साल पहले के 180.7 लाख टन की तुलना में 11.5 प्रतिशत अधिक है। कंपनी की जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि अपनी ब्रांड उपस्थिति और ग्राहकों तक पहुंच को मजबूत करते हुए हासिल की गयी यह वृद्धि व्यापक रही और सभी उत्पाद श्रेणियों में बिक्री में उछाल देखा गया। उत्पादन के मोर्चे पर, सेल ने 194.3 लाख टन का अपना सर्वश्रेष्ठ कच्चा इस्पात उत्पादन और 191.76 लाख टन का बिक्री योग्य इस्पात उत्पादन दर्ज किया, जिसने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिये।




वित्त वर्ष के दौरान सेल ने भारतीय रेलवे को 12.5 लाख टन की रिकॉर्ड आपूर्ति की और अपनी यूनिवर्सल रेल मिल से अब तक का सबसे ज्यादा उत्पादन किया जो कंपनी की कार्यकुशलता और देश के रेल नेटवर्क को बढ़ाने में उसके रणनीतिक योगदान को दिखाता है। कंपनी के निर्यात में भी 162 प्रतिशत की भारी बढ़त देखी गयी, जो 2.9 लाख टन तक पहुंच गया है। सेल ने अब भूटान समेत नये विदेशी बाजारों में भी अपना विस्तार किया है।

# विदेशी मुद्रा भंडार में साप्ताहिक 10.29 अरब डॉलर की गिरावट

मुंबई (वार्ता)।

देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 27 मार्च 2026 को समाप्त सप्ताह में साप्ताहिक आधार पर करीब 10.29 अरब डॉलर घट कर 688.06 अरब डॉलर के स्तर पर रहा। पिछले साल इसी समय की तुलना में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 22.66 अरब डॉलर ऊंचा है। भारतीय रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 27 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी परिसम्पत्तियां उससे एक साल पहले की तुलना में 6.62 अरब डॉलर घट कर 551.07 अरब डॉलर के स्तर पर रहीं। विदेशी मुद्रा परिसंम्पतियों में घट-बढ़ डॉलर के मुकाबले अन्य प्रमुख विदेशी मुद्राओं की विनिमय दर में घट-बढ़ से भी प्रभावित होती है। आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.66 अरब डॉलर घट कर 113.52 अरब डॉलर के बराबर रहा। इस दौरान भारत का अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष में विशेष आहरण अधिकार 1.7 करोड़ डालर बढ़ कर 18.65 अरब डॉलर और मुद्राकोष के पास देश का आरक्षित विदेशी मुद्रा कोष 1.7 करोड़ डॉलर घट कर 4.82 अरब डॉलर रहा।



# जन विश्वास विधेयक-दो : विश्वास-आधारित शासन का एक नया युग!

## पांच करोड़ मुकदमे निपट सकते हैं शीघ्रता से : गोयल

नयी दिल्ली (वार्ता)।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जन विश्वास विधेयक -दो को विश्वास-आधारित शासन का एक नया युग! बताते हुए शुक्रवार को कहा कि इस विधेयक में देश भर की अदालतों में लंबित अनुमानित 5 करोड़ मुकदमों का बोझ कम होने की संभावना है।

श्री गोयल ने जन विश्वास (उपबंध संशोधन ) विधेयक 2026 को गुरुवार को पारित होने के साथ संसद के दोनों सदनों की स्वीकृति के बाद शुक्रवार को यहां इस विधेयक को लेकर एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा इस विधेयक के जरिए कुल 79 केंद्रीय कानूनों में 1000 उपबंधों को संशोधित, समाप्त या उनमें आपराधिक कार्रवाई के प्रावधानों को समाप्त किया जा रहा है। इनमें से छह कानून अंग्रेजों के जमाने के हैं। श्री गोयल के साथ उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया भी थे। वाणिज्य मंत्री ने कहा इसके माध्यम से कई जगह भूल चूक या छोटी मोटी गलती पर भी जुर्माने के प्रावधानों को हटा कर अर्थदंड लगाया गया है। उन्होंने कहा कि इससे इस समय पूरे देश में अदालतों में चल रहे अनुमानित पांच करोड़ मुकदमों का त्वरित निस्तारण होने की संभावना बनी है।

उन्होंने संवाददाताओं के सवालों के जवाब में भी संसद की तरह यह स्पष्ट किया कि इन कानूनों के उपबंधों में संशोधन पिछली तारीख से करना कठिन था। पर इसके आधार पर स्थानीय प्रशासन अब पहले से चल रहे मामलों में अभियोजन की प्रक्रिया को नये संशोधनों के परिप्रेक्ष्य में वापस लेने की कार्रवाई शुरू कर सकता है। श्री गोयल ने कहा कि जन विश्वास विधेयक-1 में कुल विभिन्न कानूनों के कुल 183 उपबंधों में संशोधन का असर बहुत सकारात्मक रहा है। उन्होंने कहा कि 12 राज्यों ने अपने कानूनों को लेकर जन विश्वास विधेयक लाने की प्रकिया में हैं। वाणिज्य मंत्री ने कहा, जन विश्वास विधेयक 2026 वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार के जीवन जीने की आसानी और च्च कारोबार की आसानी को बढ़ावा देने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



उन्होंने कहा कि इन संशोधनों से अनुपालन (कंप्लायंस) का कम बोझ नागरिकों, एमएसएमई, छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स को लाभ पहुंचाएगा, जिससे एक अधिक सक्षम और पारदर्शी व्यवस्था का निर्माण होगा।

उन्होंने कहा, ऐतिहासिक जन विश्वास विधेयक, 2026 विश्वास-आधारित शासन व्यवस्था की दिशा में एक निर्णायक कदम है। दशकों तक भारत की कानूनी व्यवस्था पर औपनिवेशिक काल के प्रावधानों का प्रभाव रहा, जहां अक्सर मंशा की बजाय दंड को प्राथमिकता दी जाती थी। यह सुधार एक बड़ा बदलाव दर्शाता है, जिसमें 1,000 से अधिक अपराधों को गैर-आपराधिक (डीक्रिमिनलाइज़) किया गया है और 79 केंद्रीय कानूनों में संशोधन किया गया है।

उन्होंने कहा, च्च इसके साथ ही चेतावनी, दंड और जवाबदेही की एक चरणबद्ध प्रणाली लागू की गई है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि छोटे, बिना दुर्भावना वाले उल्लंघन जीवनभर का बोझ न बनें, जबकि गंभीर अपराधों पर सख्ती बनी रहे। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के दृष्टिकोण से प्रेरित यह विधेयक ईमानदार नागरिकों, एमएसएमई, छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स को सशक्त बनाता है, अनुपालन बोझ को कम करता है और भारत के विकसित भारत की ओर बढ़ते कदमों में विश्वास को मजबूत करता है।

# लोकतंत्र पर हमला, किसान संकट और प्रशासनिक विफलता के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन : पटवारी

## पीसीसी चीफ ने विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा, कहा लगातार कमजोर हो रहा जनता का विश्वास

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दतिया विधानसभा प्रकरण, किसानों की बदहाल स्थिति और सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश और देश में लोकतंत्र का मूल आधार जनता का विश्वास लगातार कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का चुनाव आयोग और चुनावी प्रक्रिया से जनता का भरोसा उठना लोकतंत्र के लिए अत्यंत चिंताजनक संकेत है।

श्री पटवारी ने आरोप लगाया कि दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को न्याय के लिए 60 दिनों का समय दिया था, लेकिन इसके बावजूद विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा आधी रात को विधानसभा सचिवालय खुलवाकर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई। उन्होंने इसे सत्ता के दबाव में की गई कार्रवाई बताते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया का खुला उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि एक ओर नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ पेड न्यूज़ का मामला लंबित है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, जो सरकार के दोहरे मापदंड को उजागर करता है।

### किसान कल्याण वर्ष नहीं, किसान शोषण वर्ष

किसानों की स्थिति पर तीखा हमला बोलते हुए श्री पटवारी ने कहा कि प्रदेश में किसान कल्याण वर्ष के नाम पर किसान शोषण वर्ष मनाया जा रहा है। उन्होंने खाद की कमी को लेकर कहा कि प्रदेशभर में किसानों को लंबी-लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ा, जहां महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की हुई, लाठियां चलीं और कई बुजुर्गों की जान तक चली गई, जबकि सरकार लगातार खाद की कमी से इनकार करती रही। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों के लिए निर्धारित 50 प्रतिशत राशि खर्च ही नहीं की गई, जो सरकार की नीयत पर सवाल खड़े करती है।



### बारदाना संकट और खरीदी व्यवस्था पर सवाल

श्री पटवारी ने कहा कि सरकार युद्ध का हवाला देकर गेहूं खरीदी में देरी कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि वर्ष 2026 में 10 करोड़ बारदाने की आवश्यकता थी, लेकिन सरकार ने मात्र 2 करोड़ 60 लाख बारदाने का ही आवेदन किया। लगभग 7.5 करोड़ बारदाने की कमी सरकार की घोर लापरवाही को दर्शाती है। श्री पटवारी ने आगे कहा कि बारदाना (जूट बैग) की कमी को लेकर सरकार युद्ध का हवाला देकर जनता को गुमराह कर रही है, जबकि सच्चाई कुछ और है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जूट एक्ट के तहत राज्य सरकार को बारदाने की आवश्यकता के अनुसार केंद्र सरकार को समय पर आवेदन करना होता है, जिसके आधार पर आवंटन किया जाता है और अग्रिम भुगतान करना होता है। लेकिन राज्य सरकार ने न तो समय पर पर्याप्त मात्रा में आवेदन किया और न ही समय पर भुगतान किया, जिसके कारण बारदाने की भारी कमी उत्पन्न हुई।

### भ्रामक है बारदाने की कमी का तर्क

उन्होंने कहा यह कमी किसी युद्ध या बाहरी कारण से नहीं, बल्कि सरकार की अकर्मण्यता और लापरवाही का परिणाम है, जिसका खामियाजा प्रदेश के किसान भुगत रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि युद्ध के कारण यदि कोई कमी हो सकती है तो वह पेट्रोलियम आधारित पीपी बैग (प्लास्टिक बोरी) में हो सकती है, लेकिन जूट से बने बारदाने की कमी का तर्क पूरी तरह भ्रामक है, क्योंकि भारत बांग्लादेश के बाद विश्व का दूसरा सबसे बड़ा जूट उत्पादक देश है। उन्होंने कहा यह संकट प्राकृतिक नहीं है, बल्कि सरकार द्वारा पैदा किया गया संकट है।

उन्होंने बताया कि खरीदी की तारीखें लगातार आगे बढ़ाई जा रही हैं – पहले 16 मार्च, फिर 1 अप्रैल और अब 10 अप्रैल, और आगे भी बढ़ने की संभावना है। इस कुप्रबंधन के कारण किसानों को अपनी उपज औने-पौने दामों पर व्यापारियों को बेचनी पड़ी,लगभग 50 प्रतिशत किसान डिफाल्टर हो गए। सरकार ने गेहूं खरीदी की तिथि तो आगे बढ़ा दी जिससे फायदा व्यापारियों का नुकसान किसानों को हुआ मगर ऋण की किश्त जमा करने की अंतिम तिथि आगे नहीं बढ़ाई । जब खरीदी नहीं होगी तो पैसा कहां से आएगा, इसलिए मजबूरन किसान को औने पौने दम पर फसल बेचकर ऋण की किश्त जमा करनी पड़ी या फिर बाजार से कर्ज लेकर।

### समर्थन मूल्य पर भी वादाखिलाफी

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने न तो गेहूं का 2700 प्रति क्विंटल मूल्य दिया, न धान का 3100 और न ही सोयाबीन 6000 प्रति क्विंटल के भाव पर खरीदी की। उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल विज्ञापनों में वादे करती है, जमीनी स्तर पर किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने मोहन यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जब प्रदेश के किसान संकट में हैं, तब मुख्यमंत्री बंगाल में राजनीतिक भाषण देने में व्यस्त हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने घोषणा की कि कांग्रेस पार्टी किसानों के समर्थन में प्रदेशभर की मंडियों में प्रदर्शन करेगी। भोपाल में कांग्रेस कार्यकर्ता एक दिन के उपवास पर बैठेंगे और कृषि मंत्री के निवास के बाहर धरना देकर किसानों की आवाज बुलंद करेंगे। इस अवसर पर मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, विधायक फूल सिंह बरैया,वरिष्ठ नेता जेपी धनोपिया जी उपस्थित रहे।

## विकसित , बेहतर और समृद्ध दमोह के संकल्प के साथ निरंतर कार्य किया जा रहा है : सांसद

दमोह (स्वतंत्र मत)।

विकसित दमोह बेहतर दमोह और दमोह समृद्धशाली हो चाहे वह शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में होए इसको लेकर निरंतर सरकार, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम लोग संकल्पित हैं, 2047 का जो लक्ष्य है हमारा एक भारतए श्रेष्ठ भारत, अखंड भारत और भारत 2047 में विश्वगुरु बनेगा, उस संकल्प को लेकर हम लोग निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस आशय के विचार सांसद राहुल सिंह लोधी ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का जायजा लेते हुए व्यक्त किए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन पूरे भवनों एवं छात्रावास आदि का जायजा लिया। सांसद लोधी ने कहा तय किया गया हैं कि 31 मई तक निर्माणाधीन मेडीकल कॉलेज दमोह को पूर्ण किया जायेगा और जून के पहले हफ्ते में हैंडओवर मेडिकल कॉलेज का ले लिया जायेगा। उन्होंने कहा मुझे बताते हुए यह प्रसन्नता हो रही है कि इसकी शुरुआत 100 मेडिकल छात्रों से होगी और क्रमवार तरीके से जब यह पांचवें और छठवें वर्ष पर आ जाएगा तो यहाँ पर तकरीबन 600 मेडिकल छात्रों की यहाँ पर उपस्थिति हो जाएगी और इसके अलावा नर्सिंग की जो स्टूडेंट हैं उनको भी 100-190 के आसपास उनकी भी उपस्थिति हो जाएगी तो 800 स्टूडेंट यहाँ पर रहेंगे। इसके बाद जो हमारा स्टाफ रहेगा जो फैकल्टीज रहेंगी तो ऐसे मिलाके 2000 लोग का यहाँ पर मूवमेंट रहेगा।



## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तैयारी पूरी, 78 लाख मीट्रिक टन है उपार्जन का लक्ष्य : राजपूत

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि प्रदेश में गेहूं उपार्जन के लिये इस वर्ष रिकॉर्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 लाख 60 हजार अधिक है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रदेश सरकार किसान हितैषी सरकार के रूप में किसानों को बेहतर लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से किसानों को इस वर्ष 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के साथ ही 40 रुपये प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस दिया जा रहा है। इससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा। उन्होंने बताया है कि इस वर्ष किसानों का पंजीकृत रकबा 41.58 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है, जो विगत वर्ष से 6.65 लाख हेक्टेयर अधिक है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि किसानों को उपार्जन केन्द्रों पर इंतजार न करना पड़े, इसके लिए उपार्जन प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही है। इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 10 अप्रैल 2026 से तथा शेष संभागों में 15 अप्रैल 2026 से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री श्री राजपूत ने जानकारी दी कि राजस्व विभाग द्वारा किसानों के पंजीकृत रकबे के सत्यापन का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। सत्यापन पूर्ण होने के बाद किसानों के लिए स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, जिससे किसान अपनी उपज बिना किसी असुविधा के उपार्जन केन्द्रों पर बेच सकें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 77 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया था। इस वर्ष वैश्विक परिस्थितियों और पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी चुनौतियों के बावजूद किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार ने 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 10 अप्रैल तथा शेष संभागों में 15 अप्रैल से होगी खरीदी**

# विश्व स्वलीनता दिवस प्रेरणा विशेष शिक्षा संस्थान में मनाया गया

दमोह (स्वतंत्र मत)।

विश्व स्वलीनता दिवस के अवसर पर प्रेरणा विशेष शिक्षा संस्थान एवं पुनर्वास केंद्र, सिविल लाइन नं 2, वैष्णो देवी मंदिर के सामने, जगदीश टॉकीज रोड दमोह जो राष्ट्रीय न्यास सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार से पंजीकृत निशक्त व्यक्ति (एमआर, सीपी, ऑटिज्म, एमडी) अभिभावक संघ जबलपुर द्वारा संचालित हो रहा है। साथ ही दिव्यांगजनों एवं उनके माता-पिता, अभिभावकों को जागृत करने के उद्देश्य से विश्व स्वलीनता (ऑटिज्म) दिवस के उपलक्ष पर जन जागरुकता एवं निम्न प्रतियोगिता आत्म्केंद्रित, बाल चम्मच, गुम्बारा गिलास, थम रंग, कैरम, तालिया प्रतियोगिता में आयुषी, पियुष, प्रणव, शौर्य, अंकित, फातिमा, पूजा, माही, आदेश, हरिओम इत्यादि भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखया। कर्यक्रम के मुख्य अतिथि अभय कुमार दुबे संस्था अध्यक्ष रहे। नरेंद्र प्रताप सिंह संस्था प्राचर्य द्वारा आर्टिज्म स्वलीनता के बारे में बताया कि स्वलीनता ऑटिज्म एक न्यूरो डेवलपमेंट डिसऑर्डर तंत्रिका विकासात्मक विकार है तथा यह विषम कौशल विकास की वह अवस्था है जो मुख्य रूप से व्यक्ति के संप्रेषण, भाषा, संस्कारिक एवं सामाजिक व्यवहार से परिलक्षित होती है। हमें स्वलीन दिव्यांग और व्यक्तियों पर दया नहीं प्यार और साथ चाहिए। आइये हम सच जाने, समझे, प्रचार प्रसार करें। समाज में जागरूकता लाएं और स्वालीनता आर्टिस्टिक व्यक्तियों के पुनर्वास में सहयोगी बनकर पुण्य कार्य के भागीदार बने और इन्हें अपने प्रतिष्ठान/व्यवसाय में काम करने का अवसर प्रदान करें।



# दमोह मेडिकल कॉलेज के साथ बनेगा नर्सिंग कॉलेज : सिंह

## 140 सीटर हॉस्टल को भी मिली मंजूरी, 14.80 करोड़ रुपये की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** दमोह जिले में स्वास्थ्य शिक्षा को लेकर एक और बड़ी सौगात मिलने वाली है। मेडिकल कॉलेज के बाद अब नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की तैयारी तेज हो गई है। सरकार से इसकी औपचारिक मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने बताया कि 14 करोड़ 80 लाख की लागत से नर्सिंग कॉलेज के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया हैए जो अगले 2-3 दिनों में खोला जाएगा। यह पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नए नर्सिंग कॉलेज में 196 सीटों का प्रावधान किया गया है। पहले से तैयार नर्सिंग हॉस्टल के साथ अब छात्रों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर शिक्षा और आवास की सुविधा मिल सकेगी। सांसद लोधी ने इस परियोजना के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज की स्थापना से क्षेत्रीय स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। अब तक दमोह और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल जाना पड़ता था जिससे समय और धन दोनों की अधिक व्यय होता है। स्थानीय मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से यह समस्या काफी हद तक समाप्त होगी। उन्होंने कहा जब मरीज और उनके परिजन दमोह में ही इलाज कराएंगेए तो उनके खर्च खाना, आवास, परिवहन आदि से स्थानीय व्यापारियों को लाभ होगा। इससे शहर की अर्थव्यवस्था में वृद्धि और समृद्धि आएगी। सांसद ने कहा समन्ना, मडियादो, पटेरा, पथरिया, जबेरा, तेंदूखेड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को अब बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं अपने जिले में ही मिलेंगी। साथ ही पन्ना, पवई और बकस्वाहा से आने वाले मरीजों से भी दमोह को आर्थिक लाभ होगा। सांसद राहुल सिंह ने बताया नर्सिंग कॉलेज का निर्माण मेडिकल कॉलेज परिसर के साथ ही किया जाएगाए इसके साथ ही 140 सीटर नर्सिंग हॉस्टल के निर्माण को भी स्वीकृति दी गई है जिससे बाहर से आने वाले विद्यार्थियों को रहने की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। नर्सिंग कॉलेज एवं नर्सिंग हॉस्टल के लिए 14.80 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।



इस संबंध में असिस्टेंट रेसिडेंट इंजीनियर जय बघेल वस्तुनिधि ने बताया कि सभी आवश्यक प्रक्रियाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं और जल्द ही निर्माण कार्य धरातल पर शुरू होगा।

## जो मनुष्य जितना अधिक अहंकारी होता है उसका पतन भी उतने ही जल्दी हो जाता है : रवि शास्त्री

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर नाका में श्रीमद् भागवत मूल पाठ प्रारंभ हुआ जिसकी दिव्य भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा व्यास आचार्य रवि शास्त्री ने कहा कि किसी को भी अपने धन बल बुद्धि आदि का अहंकार नहीं करना चाहिए क्योंकि जो जितना अधिक अहंकारी होता है उसका पतन भी उतने ही जल्दी हो जाता है जामवंत सतयुग के थे अब सतयुग में निःसंदेह योद्धा अन्य युगों की अपेक्षा बहुत अधिक शक्तिशाली होते है वे ब्रह्मा जी के अनुसार अंश अवतार थे जो ब्रह्मा से जन्मा हो उसकी शक्ति के बारे में तो केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है। रामचरितमानस में उनके पराक्रम के बारे में दो कथाएं विशेष रूप से उल्लेखनीय है उन दोनों स्थानों पर जामवंत का युद्ध रावण और मेघनाद के साथ हुआ था जिसमें दोनों को जामवंत ने अपने प्रहार से मूर्छित कर दिया था। मेघनाद की शक्ति तो उन्होंने अपने हाथों से ही पकड़ कर पलट दी थी अत्यंत वृद्धावस्था में भी जो रावण और मेघनाद जैसे योद्धाओं को अपने घात से मूर्छित कर दे जरा सोचिये युवावस्था में उसका बल क्या होगा जब द्वापर आया और जामवंत और अधिक बूढ़े हो गए उस समय उनका युद्ध श्रीकृष्ण से हुआ था जामवंत को परास्त करने के लिए श्रीकृष्ण को उनसे एक दो नहीं बल्कि 28 दिनों तक युद्ध करना पड़ा स्वयं परमेश्वर कृष्ण को जिसे परास्त करने में अट्ठाइस दिन लग गए हों वो भी वृद्धावस्था में जवानी में उनके बल के बारे में हम केवल अनुमान ही लगा सकते हैं। जब सीता माता को खोजने के लिए समुद्र लांघने की बात चल रही थी उस समय जामवंत कहते हैं कि मैं तो अब बहुत बूढ़ा हो गया हूँ फिर भी इस समुद्र में मैं नब्बे योजन तक जा सकता हूँ हनुमान जी अपनी युवावस्था में सौ योजन छलांग गए जामवंत की आयु उस समय छह मन्वन्तर की बताई गयी है एक मन्वन्तर तीस करोड़ सड़सठ लाख बीस हजार वर्षों का होता है फिर भी वे नब्बे योजन तक जाने की क्षमता रखते थे इसी से उनके बल का पता चलता है इस वार्तालाप के दौरान उन्होंने युवावस्था में अपने बल के बारे में दो बातें बताई जिसे ध्यान से सुनना आवश्यक है इससे आपको जामवंत की वास्तविक शक्ति का पता चलेगा पहली घटना तब की है जब समुद्र मंथन चल रहा था जिसे देवता और दैत्य मिलकर बड़ी मुश्किल से कर पा रहे थे उस समय जामवंत ने अपने बल पर एक बार अकेले ही सम्पूर्ण मंदराचल पर्वत को घुमा दिया था मंदराचल को अकेले घुमाने के लिए कितनी शक्ति चाहिए होगी क्या आपको अंदाजा है दूसरी घटना भगवान विष्णु के वामन अवतार की है जब श्रीहरि ने विराट स्वरुप लिया और एक पैर से स्वर्ग को नाप लिया फिर जब उन्होंने अपना पैर पृथ्वी को नापने के लिए उठाया उस दौरान जामवंत ने केवल सात पल में पृथ्वी की सात परिक्रमा कर ली थी महावीर हनुमान एक ही रात में लंका से सैकड़ों योजन दूर से पर्वत शिखर उखाड़ कर ले आये लेकिन जामवंत ने केवल सात पल में पृथ्वी की सात परिक्रमा कर ली थी एक पल लगभग 24 सेकंड का होता है।

उस उनके बल का ऐसा वर्णन सुनकर जब अंगद उनसे पूछते हैं कि उनका बल क्षीण कैसे हुआ तब वे बताते हैं कि जब वे पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे थे तो अंतिम परिक्रमा के समय उनके पैर के अंगूठे का नाखून महामेरु पर्वत से छू गया जिससे उसका शिखर खंडित हो गया इसे अपना अपमान मानते हुए मेरु ने जामवंत को ये श्राप दे दिया कि वो सदा के लिए बूढ़ा हो जाएगा और उसका बल क्षीण हो जाएगा।

### केंद्रीय विद्यालय हटा में प्रवेश प्रक्रिया 2 अप्रैल से आरम्भ

**हटा।** केंद्रीय बिद्यालय के कक्षा 2 एवं 6 में क्रमशः 2 एवं 3 रिक्तियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया 2 अप्रैल से आरम्भ हैं। प्राचार्य रितेश कुमार पटेल ने बताया कि दोनों कक्षाओं के लिए ऑफलाइन प्रवेश पंजीकरण फॉर्म केंद्रीय विद्यालय हटा की वेबसाइट अथवा विद्यालय कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय में पुर्णतः भरें हुए पंजीकरण फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल है।

### राज्यमंत्री ने सुनी समस्याएं

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने शुक्रवार को जटाशंकर स्थित कार्यालय में नागरिकों की समस्याओं को सुना एवं उनके त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# जनगणना के प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न

## मकान सूचीकरण और ऐप संचालन पर रहा जोर

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** जनगणना के आगामी चरणों को सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वित करने के लिए आयोजित प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। संपूर्ण जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में जनगणना की बारीकियों और तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर मुकेश द्विवेदी और राज्य जनगणना निदेशालय की मोना चौहान ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षकों ने जनगणना के पहले चरण की संवेदनशीलता और डेटा की शुद्धता पर विशेष जोर दिया।



प्रशिक्षण का उद्देश्य फील्ड स्टाफ को जनगणना की प्रक्रिया से पूरी तरह अवगत कराना था। मुख्य रूप से दो विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें मकान सूचीकरण, घरों के चिन्हांकन, नंबरिंग और सूची तैयार करने की मानक प्रक्रिया के बारे में बताया गया। डिजिटल माध्यम, इस बार की जनगणना में डेटा संग्रह के लिए उपयोग किए जाने वाले विशेष मोबाइल ऐप का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इसमें लॉगिन, डेटा एंट्री और सिंकिंग की प्रक्रिया को प्रायोगिक तौर पर समझाया गया।

प्रशिक्षण के अंत में मास्टर ट्रेनर मुकेश द्विवेदी ने कहा प्रथम चरण की सफलता ही पूरे जनगणना अभियान की नींव रखेगी। मोना चौहान ने राज्य निदेशालय की ओर से तकनीकी समस्याओं के समाधान और रिपोर्टिंग स्ट्रक्चर पर स्पष्टता प्रदान की। उन्होंने कहा सटीक डेटा ही बेहतर भविष्य की योजनाओं का आधार है। मोबाइल ऐप के माध्यम से इस प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और त्वरित बनाया गया है।

### गेहूं उपार्जन हेतु नई एसओपी जारी

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के सुचारू क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन द्वारा विस्तृत एसओपी जारी कर दी गई है। राज्य शासन ने गेहूं खरीदी की तिथियों में आंशिक संशोधन करते हुए विभिन्न संभागों के लिए अलग-अलग तिथियां निर्धारित की हैं। जारी आदेश के अनुसारए इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभागों में गेहूं उपार्जन कार्य 10 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। वहीं राज्य के शेष संभागों में गेहूं खरीदी 15 अप्रैल से शुरू होगी।

### जनसुनवाई में पट्टा दावों हेतु विशेष सुनवाई भी होगी

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में सामान्य जनसुनवाई के साथ-साथ वनाधिकार पट्टे के दावों से संबंधित विशेष जनसुनवाई की जाएगी।

# उज्जैन प्राचीन काल से है समय गणना और खगोल विज्ञान का वैश्विक केंद्र: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## उज्जैन में 725 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि-पूजन

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन धर्म की नगरी होने के साथ विज्ञान की भी नगरी है। उज्जैन की माटी में विज्ञान, गणित, खगोल और ब्रह्मांड चिंतन सदियों से विद्यमान है। उज्जैन काल गणना का केंद्र रहा है, जहां प्राचीन काल में सूर्य की छाया से समय नापने की कला विकसित हुई। प्राचीन भारतीय भूगोल के अनुसार उज्जैन कर्क रेखा पर स्थित है और इसे पृथ्वी का मध्य बिंदु माना जाता था। ग्रीनविच के वैश्विक मानक के अस्तित्व में आने से सदियों पहले शून्य देशांतर रेखा पावन नगरी उज्जैन से होकर गुजरती थी। जब पश्चिम में खगोल शास्त्र का ज्ञान भी नहीं था तब उज्जैन के ज्योतिषी और विद्वान काल गणना कर नक्षत्रों की स्थिति बता रहे थे। जब दुनिया समय को परिभाषित करना सीख रही थी तब यहां महर्षियों ने खगोलीय गणनाओं का वैश्विक मानक स्थापित कर लिया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम' के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पधारे विद्वानों और विशेषज्ञों का स्वागत अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उज्जैन साइंस सेंटर का लोकार्पण और तारा मंडल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ एवं अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के लिए 4 लेन उज्जैन बायपास और 'सम्राट विक्रमादित्य - द हेरिटेज' परियोजना का भूमि-पूजन किया। इस अवसर पर विचारक एवं समाजसेवी सुरेश सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विज्ञान के अनुसार ब्रह्मांड की हर वस्तु समय के अधीन है, लेकिन शिव उस अनंत का प्रतीक हैं, जहां से समय जन्म लेता है और जहां समय का अंत होता है। इसीलिए वे काल के अधिष्ठाता अर्थात 'मास्टर ऑफ टाइम' हैं। विज्ञान मानता है कि समय और अंतरिक्ष एक दूसरे से अविभाज्य हैं, हमारे शास्त्रों में युगों पहले शिव को विश्व स्वरूप और महाकाल कहकर इसी वैज्ञानिक सत्य को प्रतिपादित किया था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने ग्रीनविच भ्रमण के अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि उज्जैन और डोंगला के आधार पर होने वाली खगोलीय गणनाओं की सटीकता अद्भुत है। डोंगला को एस्ट्रोनोमिकल स्टडीज के लिए विकसित किया जा रहा है। इस दिशा में उज्जैन का यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मील का पत्थर सिद्ध होगा। भूमध्य रेखा और कर्क रेखा का कटाव या केंद्र बिंदु पहले उज्जैन में था, जो अब उज्जैन से 32 किलोमीटर दूर डोंगला में शिफ्ट हो गया है। यहां 21 जून को सूर्य की छाया शून्य हो जाती है।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS SHABNAM ANSARI AFTER MARRIAGE I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCE-FORTH I, SHALL BE KNOWN AS SHABNAM PARVEEN W/O TANVEER AKHTAR SHEIKH RESI-DENT OF H.NO. 635/A-1, RAMNAGAR, ADHARTAL, NEAR TANVEER MANZIL, JABALPUR (M. P.) 482004.

# नशे के सौदागरों पर गिरेगी गाज, अवैध कमाई से बनी संपत्तियां होंगी कुर्क






## अपराधियों पर प्रहार करने पुलिस कप्तान ने बनाई दो-सूत्रीय रणनीति

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

नारकोटिक्स ड्रग्स की समस्या को जड़ से खत्म करने और देश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ जबलपुर पुलिस अब बड़े एक्शन की तैयारी में है। पुलिस महानिदेशक, मध्य प्रदेश के निर्देशों के पालन में, पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। एसपी सम्पत उपाध्याय ने बैठक में स्पष्ट किया कि एन.डी.पी.एस. एक्टएक बेहद कठोर कानून है। उन्होंने निर्देश दिए कि जांच के दौरान सभी कानूनी प्रक्रियाओं और सुरक्षा उपायों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए ताकि अपराधियों को किसी भी सूरत में राहत न मिले।

### *जागरूकता पर विशेष जोर*

पुलिस कप्तान ने नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत युवाओं को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशे के खिलाफ दो-सूत्रीय रणनीति अपनाई जाए-एक तरफ अपराधियों पर सख्त कानूनी प्रहार और दूसरी तरफ समाज में व्यापक जन-जागरूकता। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी (यातायात) अंजना तिवारी सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### इन बिंदुओं पर केंद्रित रहेगा एक्शन प्लान

- ड्रग हॉट स्पॉट की जानकारी
- बिचौलियों एवं वितरण चौनलों को चिन्हित करना
- ड्रग रूट को चिन्हित करना
- जिला एवं थाना स्तर पर मादक पदार्थो का व्यवसाय करने वाले आदतन अपराधियों एवं तस्करों का रजिस्टर संधारित करना
- चिन्हित किंगपिन एवं एनडीपीएस के आदतन अपराधियों के विरुद्द निरंतर प्रभावी कार्यवाही ,
- अवैध ड्रग से अर्जित संपत्ति को चिन्हित करके संबद्ध करवाना
- पिट एनडीपीएस एक्ट 1988 के तहत कार्यवाही करना
- बिचौलिये और ड्रग नेटवर्क के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही करना
- जब्त मादक पदार्थ के स्त्रोत तथा गतव्य के बारे मे साक्ष्य संकलित कर शीर्ष अपराधी तक पहुंचना
- नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाना
- नशे के आदी व्यक्तियों की काउंसलिंग करना
- नशे के आदी व्यक्तियों को जिल प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर नशा मुक्ति केंद्र में एडमिट करवाना और पुनर्वास से सबंधित जानकारी।



# गांव के कई परिवारों को बर्बाद कर देगी शराब दुकान

## पाटन के ग्राम कंतोरा में शराब दुकान के खिलाफ महिलाओं का हल्लाबोल

जबलपुर

तहसील पाटन के ग्राम कंतोरा में शराब दुकान (कलारी) खोलने के प्रस्ताव ने स्थानीय महिलाओं में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। शुक्रवार को ग्राम कंतोरा सहित आसपास के कई गांवों की महिलाओं ने एकजुट होकर इस निर्णय के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया और शासन-प्रशासन से इस दुकान को तत्काल रोकने की मांग की। ग्राम कंतोरा की सरपंच अंजु सिंह और उपसरपंच डॉ. सीता साहू के नेतृत्व में ग्राम सिमरिया, बिलथरा, कंतोरा, रानीताल, नीची, हट्टेपुर और नुनसर की सैकड़ों महिलाएं कंतोरा के मुख्य मार्ग पर एकत्रित हुईं।

महिलाओं का कहना है कि गांव के मुख्य मार्ग पर शराब दुकान खुलने से न केवल शांति भंग होगी, बल्कि महिलाओं और बच्चों का राह चलना भी दूभर हो जाएगा। साथ ही कई परिवार इससे बर्बाद हो जाएंगे।

प्रदर्शन के बाद सभी महिलाओं ने नुनसर पुलिस चौकी पहुंचकर पुलिस अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनके गांव और क्षेत्र में शराब दुकान खोलने की प्रक्रिया को नहीं रोका गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगी।

### विरोध में ये रहीं शामिल

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान सरपंच अंजु सिंह, उपसरपंच डॉ. सीता साहू के साथ सुमन पटेल, कल्पना पटेल, सुमन झारिया, किरन रैकवार, सिलोचना रजक, ज्योति ठाकुर, सौम्या, आशा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। महिलाओं ने एकजुट होकर संकल्प लिया है कि वे किसी भी स्थिति में गाँव के सामाजिक वातावरण को खराब नहीं होने देंगी।

## टपरिया में छिपाकर रखा था गैस सिलेंडरों का जखीरा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री और कालाबाजारी के खिलाफ पुलिस ने की। ग्वारीघाट थाना प्रभारी हरिकिशन अटनेरे के मुताबिक 3 अप्रैल की रात पुलिस को सूचना मिली कि ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन के सामने, हनुमान मंदिर के पास स्थित एक टपरिया में अवैध रूप से गैस सिलेंडर छिपाकर रखे गए हैं। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर टपरिया पर दबिश दी। मौके पर एक युवक सिलेंडरों की रखवाली करते पाया गया, जिसकी पहचान 31 वर्षीय अनिल केवट निवासी सुदामापुरी रामपुर छापर के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह इन सिलेंडरों को आम उपभोक्ताओं को निर्धारित दर से कहीं अधिक कीमत पर बेचने के लिए इकट्ठा कर रहा था। पुलिस ने मौके से एचपी कंपनी के 11 भरे हुए घरेलू सिलेंडर जब्त किए हैं, जिनकी कीमत लगभग 35 हजार रुपये आंकी गई । आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामला दर्ज किया।

# आधी रात घर में पथराव डर के साए में कटी रात

## गढ़ा थाने का मामला, आरोपियों की तलाश में पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




गढ़ा थाना क्षेत्र के सिंघई मोहल्ला (बीटी तिराहा) में गुरुवार देर रात एक परिवार पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। रात लगभग 3 बजे आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने घर पर पथराव किया और धारदार हथियारों से दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। इस मामले में पीड़ित संदीप नामदेव ने बताया कि घर के पास कुछ युवक नियमित रूप से शराब और नशा करते हैं। विरोध करने पर आरोपियों ने नाराज होकर हमला किया। पीड़ित ने बताया कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए घर के बाहर पथराव किया और दरवाजा तोड़ने की कोशिश की, जिससे परिवार दहशत में आ गया। इस मामले में पीड़ित ने आशु वर्मन, अनिल वर्मन, अनिल सिंघई, लकी सिंघई समेत अन्य के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। परिवार ने घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल वीडियो पुलिस को दिए हैं। पुलिस इनके आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। हमले के बाद से मोहल्ले के लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। बहरहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जबलपुर से अयोध्या के लिए चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 01705 जबलपुर-अयोध्या



धाम जंक्शन साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से शाम 19:40 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 20:10 बजे, कटनी 21:20 बजे, मैहर 22:10 बजे, अगले दिन मानिकपुर जंक्शन मध्यरात्रि 00:28 बजे, प्रयागराज छिवकी 02:15 बजे, मिर्जापुर 04:00 बजे, जौनपुर जंक्शन 08:30 बजे पहुँचकर और बुधवार को अयोध्या धाम जंक्शन 11:25 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01706 अयोध्या धाम जंक्शन-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 22 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को अपने प्रारंभिक स्टेशन अयोध्या धाम जंक्शन से दोपहर 13:30 बजे प्रस्थान कर जौनपुर जंक्शन 16:00 बजे, वाराणसी 17:10 बजे, मिर्जापुर 19:45 बजे, प्रयागराज छिवकी 21:30 बजे, पहुँचकर अगले दिन मानिकपुर जंक्शन मध्यरात्रि 00:23 बजे, सतना 01:50 बजे, मैहर 02:15 बजे, कटनी 04:35 बजे, और गुरुवार को जबलपुर 06:45 बजे पहुंचेगी।



## कांग्रेस में पदाधिकारियों की नियुक्ति

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं मप्र कांग्रेस कमेटी केशकला शिल्पी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू श्रीवास की अनुशंसा पर प्रदेश संगठन प्रभारी संजय कामले द्वारा जबलपुर से कांग्रेस नेता लक्ष्मीकांत (मुन्ना) सेन को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सुनील सराठे को प्रदेश सचिव बनाया गया है। इसी के साथ नगर कांग्रेस कमेटी जबलपुर अनुसूचित जाति विभाग का अध्यक्ष राकेश चौधरी, दयानंद सरस्वती वार्ड के मंडलम अध्यक्ष रीतेश नोतनानी एवं सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड का अध्यक्ष राहुल कोरी को नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर सेवादल अध्यक्ष पं. सतीश तिवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश सोनकर, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता गुड्डू नवी उस्मानी, केशशिल्पी प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष संजय सेन, रवि शर्मा, हिमांशु मिश्रा, राजीव तिवारी, प्रवेन्द्र चौहान, संतोष पाण्डे, सुनील कुशवाहा, अंकित पवार आदि ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर बधाइयां प्रेषित की है।

## बालिका वर्ग संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता टीम का हुआ चयन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत ।** मप्र क्रिकेट संघ के द्वारा बालिका वर्ग 18 की संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता टीम का चयन सम्पन हुआ ।यह प्रतियोगिता 8 अप्रैल से ग्वालियर संभाग मे खेली जायेगी । जबलपुर के मैच ग्वालियर , भोपाल , इंदौर और शहडोल संभाग की टीमों के साथ होंगे । जिसका फाइनल मैच 13 अप्रैल को ग्वालियर संभाग मे खेला जायेगा । इस टीम में अन्वी बडथ्वाल (कप्तान), अन्वी



महाजन ,आलवी मेश्राम,शान्वी उपाध्याय,अभ्या ठाकुर,प्रियांशी सिंह,जानवी राय,नैना शर्मा,अपर्णा गुप्ता ,भूमि मिश्रा,भूमि सिंह,एलीनो इम्मानूएली लुईस,खुशी यादव,विदुषी गौतम,श्रद्धा धुर्वे के अलावा अतिरिक्त खिलाड़ी ,आर्या जैन,मानसी पटेल,संचिता दिक्षित ,हिमांशी शर्मा, अदिति सोनी और टीम मैनेजर श्रुति जैन,वहीँ टीम कोच शिप्रा मालवीय है।

## किराना व्यापारी से हफ्ते की मांग कर पीटा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब वे सरेराह व्यापारियों से हफ्ता वसूली और मारपीट कर रहे हैं। सिंगलदीप निवासी 40 वर्षीय दिनेश असाटी ग्राम पंचायत के सामने अपनी किराना दुकान चलाते हैं। 2 अप्रैल की शाम वे अपनी दुकान पर थे, तभी गांव का रंजीत पटेल उर्फ जगीरा वहां पहुंचा। आरोपी ने दादागिरी दिखाते हुए दिनेश से 10 हजार रुपये की मांग की। जब व्यापारी ने रुपये देने से मना किया, तो आरोपी बिफर गया और धमकी दी कि अगर उसे पैसे नहीं मिले तो वह दुकान नहीं चलने देगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी रंजीत उर्फ जगीरा ने गाली-गलौज शुरू कर दी और दिनेश के साथ झूमाझपटी करते हुए उन्हें जोर से जमीन पर पटक दिया। इस हमले में दिनेश को गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है ।




# घाटे की भरपाई जनता की जेब से क्यों ?

## विद्युत कंपनियों की मनमानी पर बिफरे महाकोशल चेम्बर के पदाधिकारी

## तुलनात्मक विवरण के साथ सरकार को घेरा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मप्र में विद्युत कंपनियों द्वारा बिजली दरों में की गई वृद्धि को लेकर व्यापारियों और उद्योगपतियों की प्रमुख संस्था महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री ने गहरी चिंता व्यक्त की है। चेम्बर ने स्पष्ट किया है कि बढ़ती महंगाई के दौर में बिजली महंगी होने से न केवल आम आदमी का बजट बिगड़ेगा, बल्कि उद्योगों द्वारा निर्मित वस्तुएं भी महंगी हो जाएंगी। चेम्बर के पदाधिकारियों ने प्रदेश शासन से विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की है। संस्था का तर्क है कि विद्युत जनसाधारण के लिए एक आवश्यक वस्तु है और कंपनियों को अपने प्रबंधन की खामियों या घाटे की भरपाई के लिए दरों में वृद्धि नहीं करनी चाहिए। महाकोशल चेम्बर के अध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव, मानसेवी मंत्री अखिल मिश्र सहित अन्य पदाधिकारियों ने सामूहिक स्वर में मांग की है कि वर्ष 2026-27 के लिए तय की गई दरों को युक्तिसंगत बनाया जाए और जनहित में बिजली की कीमतों को कम करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। चेम्बर द्वारा उठाए गए मुख्य तर्क

### कोयले की लागत में कमी

कोयले पर 400 रुपये का सरचार्ज समाप्त होने से इसकी कीमत 250 रुपये प्रति टन कम हुई है। प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुसार इस बचत का लाभ उपभोक्ताओं को मिलना चाहिए था।

### सोलर एनर्जी का लाभ नहीं

प्रधानमंत्री सूर्य योजना के तहत उत्पादित अतिरिक्त बिजली मात्र 2.15 रुपये प्रति यूनिट में खरीदी जा रही है, लेकिन इस सस्ती बिजली का लाभ दरों को कम करने में नहीं दिया गया।

### अन्य राज्यों का उदाहरण

चेम्बर ने हवाला दिया कि अप्रैल 2026 से महाराष्ट्र ने 10 प्रतिशत और पंजाब, बिहार, हिमाचल व आंध्र प्रदेश ने बिजली दरों में 5 प्रतिशत की कमी की है, फिर मध्य प्रदेश में बढ़ोतरी क्यों। विद्युत लॉस के लिए कंपनियां स्वयं जिम्मेदार हैं, जिसका भार ईमानदार उपभोक्ताओं पर डालना अनुचित है।

## इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत

**जबलपुर।** माढोताल थाने को मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि एक 60 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को रात में दीनदयाल बस स्टेण्ड से अज्ञात कारण से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया था । जिसे डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना के आधार पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है ।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**